ISSN 2349-6614

अगस्त 2025

मूल्य 50 रु

# प्रत्यूष

हिन्दी मासिक पत्रिका



मैंने भले ही एक व्यक्ति के रूप में अंतरिक्ष की यात्रा की, लेकिन असल में यह 1.4 अरब भारतीयों की यात्रा थी।

-शुभांशु शुक्ला



प्रत्यूष

# Janardan Rai Nagar Rajasthan Vidyapeeth (Deemed To Be University)

# जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय)

1937
सरस्वती देवयन्ते हवन्ते

Pratap Nagar, Udaipur – 313001 (Raj.) Ph. & Fax : 0294-2492440, Email: admissions@jrnrvu.edu.in

## समस्त पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) से मान्यता प्राप्त



## ADMISSIONS OPEN - 2025-26



### Manikyalal Verma Shramjeevi College

**Faculty of Social Sciences and Humanities : Mob. : 9413263428, 9414353154**

**B.A.** : English, Hindi, Sanskrit, History, Sociology, Geography, Economics, Political Science, Environmental Science

**M.A.** : English, Hindi, Sanskrit, History, Sociology, Geography, Economics, Political Science

**Diploma Course** : Diploma in Panchgavya, Diploma in Acupressure, P.G. Diploma in GIS & Remote Sensing, Bachelor of Journalism and Mass Communication **Certificate Course** : Spoken English, Proficiency in English and Communication Skills, Culture of Rajasthan, Research Methods and Data Analyst, Human Rights, Acupressure, Sanitation and Modern Society, Health Awareness

**Jyotish and Vastu Sansthan - 9460030605**

M.A. (ज्योतिर्विज्ञान), Diploma and Certificate Courses in Astrology (ज्योतिष), Vastu (वास्तु), Palmistry (हस्तरेखा), Worship System (पूजा पद्धति), Rituals (अनुष्ठान), Vedic Culture (वैदिक संस्कार संस्कृति).

**Faculty of Commerce : Mob. : 9460372183, 9461180053**

B.Com., M.Com. (Accounting, Business Administration), Master of NGO Management, P.G. Diploma in Training & Development Certificate Course: Plastic Processing and Manufacturing Skills, Tally ERP-9.0, Goods and Service Tax (GST)

### Faculty of Science : Mob. 7852803736, 9828072488

B.Sc. : Physics, Mathematics, Chemistry, Statistics, Computer Science, Botany, Zoology, Biotechnology, Environmental Science, Geology
M.Sc. Chemistry (Inorganic, Organic, Physical, Industrial)
M.Sc. : Mathematics, Physics, Botany, Zoology, Environmental Science, Statistics, Bioinformatics, Biotechnology, Renewable Energy

### Faculty of Education - 9460693771

B.A.B.Ed. & B.Sc.B.Ed. (Four Year Integrated Course)

### महाराणा कुम्भा कला केंद्र - 6376147607

भूषण, प्रभाकर प्रथम, द्वितीय ( शिक्षा विभाग बीकानेर द्वारा संचालित )
डिप्लोमा : तबला, ढोलक, बांसुरी, ड्रम, कांगो, गिटार, हारमोनियम, केसियो

### Manikyalal Verma Shramjeevi Evening College
### Mob. - 9414291078, 8209630249

• B.A • BA (Additional) • B.Lib MA (All Subjects) • MA (Music) • M.Com • M.Sc (Chemistry/Botany /Zoology/Physics/Maths, Biotechnology/ Environmental Science) • MA / M.Sc (Psychology) • M.Lib • PG Diploma in Guidance counseling • PG Diploma in Mental Health Counselling • B.Ed in Special Education (ID) • B.Ed Special Education (HI) • D.Ed. Special Education (IDD) • D.Ed. Special Education (HI) • D.Ed. Special Education (VI) • (BA/B.Com/B.Sc Integrated BEd special Education Eligibility 10+2) • DCBR (Diploma in Community Based Rehabilitation) • DISLI (Diploma in Indian sign language interpretation (subject to RCI approval) • D.Lib • Diploma in Music • MPT (Master of Physiotherapy (eligibility: BPT) • BOT (Bachelor of Occupational Therapy (eligibility : 10+2 Science) • BA-BEd Special Education ID (ISITEP ID ) (eligibility : 10+2) 5:48 PM

### Department of Physical And Yoga Education
### M.V. Shramjeevi Collage Campus, Mob. 9352500445

M.A.Yoga, P.G. Diploma In Yoga, Physical Education, M.A. Physical Education, Bachelor of Physical Education & Sports, (B.P.E.S),

### Department of Physical Education, Pratap Nagar Campus - 9829943205

M.P.Ed., PG Diploma in Yoga.

### Department of Law, Mob. 9414343363, 9887214600

**B.A.LL.B. (5 Year Integrated Course)**, LL.B. (3 Year Degree Course), LL.M. (2 Years), PG Diploma (1 Year Course) in Labour Law (PGDLL). Cyber Law (PGDCL), Law & Forensic Science (PGDLFS). Accountancy & Taxation (PGDLTA) and Intellectual Property Laws (PGDIPL). LLM 2 years (Criminal and Business Law), Diploma in Criminal Psychology

### जन शिक्षण एवं विस्तार कार्यक्रम निदेशालय, प्रतापनगर
### (6376147607, 9414296535)

• कम्युनिटी सेंटर्स : बेदला, नाई, टीडी, खरपीणा, झाड़ोल ( सराड़ा ), सलूम्बर, कानपुर, साकरोदा
• कम्प्यूटर डिप्लोमा ( 1 वर्ष ) • कम्प्यूटर में प्रमाणपत्र ( 6 माह ) • सिलाई में प्रमाणपत्र ( 6 माह )

### Department of Pharmacy - 9414869044, 9772982280, 9983938888

**B. Pharm** (4 year Degree Course), **D. Pharm** (2 year Diploma Course)

- आईआईआरएफ रैंकिंग 2024 में राष्ट्रीय स्तर पर 37वां स्थान
- ईपीएसआई रैंकिंग 2024 में भारत के विश्वविद्यालयों में 32वां स्थान
- आईआईआरएफ रैंकिंग 2023 में प्रदेश में प्रथम
- इम्पैक्ट रैंकिंग में राजस्थान में द्वितीय स्थान
- यूनी रेंक में उदयपुर में पहला स्थान
- **RECENT IPR GRANTED**
  - **Patent : 28**
  - **Trade & Design: 40**
  - **Copyright : 5**
  - **Monograph, Book Chapter, Books, No. of Articles**

### Faculty of Engineering - Rajasthan Vidyapeeth Technology College
### Mob. 9950304204, 9414738278

**Diploma in Engineering**- Civil Engineering, Electrical Engineering, Mechanical Engineering. Electronics & Communication Engineering, Computer Science. BCA (AICTE APPROVED)

### Faculty of Computer Science and Information Technology
### Mob. 9414737125, 9461260408

B.C.A. (AICTE APPROVED), M.C.A.(AICTE APPROVED), M.Sc.(CS), P.G.D.C.A., B.Voc in Software Development, DCA (Diploma in Computer Applications).

### Department of Physiotherapy -
### Mob. 0294-2656271, 9414234293

Bachelor of Physiotherapy (B.P.T.). Master of Physiotherapy (M.P.T.). Master of Hospital Management. Fellowship in Palliative Care and Oncology Rehabilitation, Fellowship in Neurological Rehabilitation, MBA in Health Care Management. Fellowship in Geriatric Care and Rehabilitation, Fellowship in Sports Rehabilitation, M.Sc. Osteopathy

### Department of Nursing - Mob.9772982280, 7597348944
### (2024-25 & 2025-26)

B.Sc. Nursing - 4 year G.N.M. Nursing - 3 year

### Udaipur School of Social Work -
### Mob. 8118806319, 9829445889

MSW, PG Diploma in HRM, PG Diploma in CSR
MSW - Self Finance Evening Batch, PG Diploma in Labour Welfare

### Sahitya Sansthan (Institute of Rajasthan Studies)
### Mob. 8003636352

M A in Ancient Indian History, Culture and Archaeology;
PG Diploma in Archaeology.

### School of Agricultural Sciences, Dabok - 9460728763

**B.Sc. (Hons.) Agriculture**, B.Sc. Horticulture, B.Tech. Food Technology, M.Sc. in Agronomy, Horticulture, Plant Pathology and Genetics & Plant Breeding

### Manikyalal Verma Shramjeevi Girls College, Dabok
### Mob.9694881447, 9079919960

B.A., B.Com., B.Sc., M.A. (English, Hindi, Sanskrit, Pol. Sc., History. Geography, Sociology, Economics), M.Com (Accountancy), M.Com in Business Adm., Special Classes for English Speaking and Computer Basics. Special classes for competition exams (free of charges)

### R.V. Homoeopathic Medical College and Hospital, Dabok
### Mob. 9928253150, 8769746883

BHMS - 5 1/2 years Course (ADMISSION FROM ALL INDIA QUOTA)
M.D (Homoeopathic) 1:- PAEDIATRICS 2:- PRACTICE OF MEDICINE, 3 years regular course & Homoeopathic Pharmacy course, 2 years course & 1 year integrated course, PG diploma in yoga( Ayush system of Medicine)

### Faculty of Management Studies (FMS)
### Mob. 8112281461, 7737623462

M.B.A (H.R / Marketing / Finance / Production & Operation Management / I.B / I.T / Tourism and Travel / Retail Management / Agri- Business / Family Business Management), M.H.R.M.

- BBA (Bachelor of Business Administration) - **9950489333**
- BBA ( Travel & Tourism) Specialisation in Hotel Management (AICTE approved)
- Diploma in Hotel Management ( Food & Beverage Service)
- Diploma in Hotel Management ( Food Production)
- Diploma in Hotel Management ( Housekeeping)

### Manikyalal Verma Shramjeevi College, Pratapnagar, Udaipur
### Mob. : 9799693124, 9929939963

B.A., B.Com, B.Sc.,
M.A., M.com. : (All Subjects), Regular special classes for competitive exams (free of charges)

### Lokmanya Tilak Teachers Training College, Dabok
### Mob. 9414812900, 9414472016, 8306182436

**बी.एड. (बाल विकास)** B.Ed., M.Ed., M.A. Education, B.A.B.Ed., B.Sc.B.Ed. (4 Year Integrated), B.Ed.-M.Ed. (3 Year Integrated), D.El.Ed., PG Diploma in Yoga

Note : For more information about the admission in various courses like minimum percentage, fee structure etc. please go through our website : **www.jrnrvu.edu.in**, respective prospectus or contact concerned department

**REGISTRAR**

SHIVA © 9828244344

रक्षाबंधन, स्वाधीनता दिवस व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं

अगस्त 2025 वर्ष: 23 अंक: 04

# प्रत्यूष

मूल्य 50 रू
वार्षिक 600 रू



'प्रत्यूष' के प्रेरणा स्रोत मात श्रीमती प्रमिला देवी शर्मा एवं तात श्री आनन्दी लाल जी शर्मा
प्रत्यूष परिवार का शत्-शत् नमन चरणों में पुष्प समर्पण

प्रधान सम्पादक विष्णु शर्मा हितैषी

सम्पादक रेणु शर्मा

विपणन प्रबंधक नितेश कुमार, नंदकिशोर मदन, भूमिका, उषा चन्द्रप्रभा, संगीता

टाइप सेटिंग जगदीश सालवी

सलाहकार मण्डल
गोपाल शर्मा (गोपजी), वैभव गहलोत
पवन खेड़ा, नीरज डांगी
कुलदीप इंदौरा, कृष्णकुमार हरितवाल
धीरज गुर्जर, अभय जैन
लालसिंह झाला, ओम शर्मा
अजय गुर्जर, आदित्य नाग
हेमंत भागवानी, डॉ. राव कल्याणसिंह
अशोक तम्बोली, सुंदरदेवी सालवी

चीफ रिपोर्टर : उमेश शर्मा

जिला संवाददाता
बांसवाड़ा - अनुराग चेलावत
चित्तौड़गढ़ - संदीप शर्मा
नाथद्वारा - लोकेश दवे
डूंगरपुर - सारिका राज
राजसमंद - कोमल पालीवाल
जयपुर - राव संजय सिंह
मोहसिन खान

प्रत्यूष में प्रकाशित सामग्री में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं, इनसे संस्थापक-प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

सर्व विवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर होगा।



प्रत्यूष हिन्दी मासिक पत्रिका
प्रकाशक - संस्थापक :
Pankaj Kumar Sharrma
"रक्षाबंधन", धानमण्डी, उदयपुर-313 001

## अंदर के पृष्ठों पर...

**अगस्त क्रांति**



आजादी का मंत्र भी है 'करो या मरो'
पेज 10

**रस्साकशी**



चिराग के रोजाना बदलते तेवर से भाजपा परेशान
पेज 16



**यात्रा संस्मरण**

प्रकृति और संस्कृति का संगम भूटान
पेज 20

**प्रथम पूज्य**



गणेश देते हैं खुश रहने का मंत्र
पेज 24

**खेल-खिलाड़ी**




वनडे पिच पर जल्द ही दिखेंगे रोहित-विराट के चौके-छक्के
पेज 30

कार्यालय पता : 2, 'रक्षाबन्धन' धानमण्डी, उदयपुर (राज)
दूरभाष एवं फैक्सः 0294-2427703 वाट्सएप 9414077697
मोबाइल : 94141-57703(विज्ञापन), वाट्सएप 75979-11992(समाचार-आलेख), 98290-42499(वाट्सएप), 94141-66737
Email:pankajkumarsharma2013@gmail.com, Visit us at: www.pratyushpatrika.com


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, संस्थापक, स्वामी पंकज शर्मा की ओर से मुद्रक आशीष बापना द्वारा मैसर्स पायोराइट प्रिन्ट मीडिया प्रा. लि. एम.आई.ए., उदयपुर से मुद्रित तथा 'रक्षाबन्धन' धानमण्डी उदयपुर से प्रकाशित।


प्रत्यूष
WOH
वर्ल्ड ऑफ ह्यूमैनिटी
एक ईंट मानव सेवा के लिए
NARAYAN SEVA SANSTHAN
Nar Seva Narayan Seva
संस्थान बना रहा है 450 बेड
का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पीटल
निर्माण कार्य में बनें सहभागी
सहयोग हेतु स्कैन करें
UPI - narayanseva@SBI
निर्धन एवं दिव्यांगों को खिलायें निवाला
भोजन
गरीब बच्चों को पढ़ा लिखाकर बनायें सशक्त
शिक्षा
गरीब–दिव्यांगों को बनायें आत्मनिर्भर
रोजगार
दिव्यांग बन्धु–बहनों को चलाएं अपने पैरों पर
ऑपरेशन
अंगविहिन दिव्यांगों को दें कृत्रिम अंगों का उपहार
कृत्रिम अंग
कन्यादानी बनें, पुण्यभागी बनें
दिव्यांग विवाह
483, Sevadham Sewa Nagar, Sec. No. 4 Hiran Magri, Udaipur - 313002, Rajasthan (India)
+91-294-6622222, +91-7023509999

# हिंदी के विरोध में मिट जाएंगे सत्ता के भूखे

महाराष्ट्र की राजनीति में बीते 20 साल से दो विपरीत ध्रुवों पर खड़े एक ही परिवार को दो नेता उद्धव ठाकरे व राज ठाकरे का हाल ही फिर एक साथ आना राज्य की राजनीति में नए समीकरणों की शुरुआत माना जा रहा है। इसका असर सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाले और विपक्ष में कांग्रेस के साथ बने गठबंधनों पर पड़ना लगभग तय है।

मराठी भाषा के तत्कालिक मुद्दे पर इन चचेरे भाइयों के फिर से एकजुट होने से एकनाथ शिंदे के हाथ में आईअसली शिवेसना के लिए भी खतरे की घंटी बज गई है। असर भाजपा पर भी पड़ सकता है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के लिए यह एक बड़ी चुनौती है। अभी भले ही मराठी भाषा का मुद्दा हो, लेकिन आगे चलकर हिंदुत्व वाली धार कांग्रेस को परेशान कर सकती है। पहली परीक्षा बीएमसी चुनावों में होगी।



तत्कालिक मुद्दा मराठी भाषा का है, जिसके सहारे ठाकरे बंधु अपनी भावी राजनीति आगे बढ़ाने की फिराक में हैं, लेकिन राह इतनी आसान नहीं है। मराठी भाषा व मराठी मानुष की राजनीति में अन्य भाषा भाषी वृहद हिंदू समर्थन उनसे दूर जा सकता है।

एक समय था जब बाला साहेब ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना की ताकत राज्य की राजनीति में अपना अहम स्थान रखती थी। मौजूदा समय में शिवसेना तीन हिस्सों में न सिर्फ बंटी, बल्कि अपनी पुरानी हैसियत भी खो बैठी है। दोनो भाई पिछले दो दशक से सत्ता-सिंहासन के लिए एक दूसरे के दुश्मन बन बैठे थे और अन्तत: उन्हें समझ में यह आया कि अब केवल भाषाई संवेदना के रास्ते पर ही सत्ता नसीब हो सकती है। लेकिन हैरानी नहीं कि ये दोनों फिर अलग हो जाएं।

जो भी हो, हिंदी थोपने की फर्जी आड़ लेना और मराठी अस्मिता का हवाला देना निकृष्ट भाषाई राजनीति के अलावा और कुछ नहीं। इसे ठाकरे बंधुओं ने यह कहकर साबित भी कर दिया कि हम दोनों मुंबई नगर निगम और महाराष्ट्र की सत्ता हासिल करेंगे। वास्तव में यही मूल उद्देश्य है और इसी कारण हिंदी विरोध की कुछ वैसी ही समाज और देश विरोधी राजनीति की जा रही है, जैसी तमिलनाडु और कर्नाटक में देखने को मिलती रहती है। यदि ठाकरे बंधु और उनके समर्थक यह सोच रहे हैं कि हिंदी का हौवा खड़ाकर वे महाराष्ट्र के लोगों की भावनाओं को भड़काने और राजनीतिक लाभ हासिल करने में समर्थ हो जाएंगे तो यह संभव नहीं। लोग समझदार हैं और ऐसी घटिया राजनीति के निहितार्थ वे अच्छे से समझते हैं।

राजनीतिक दबाव के चलते महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को अप्रैल व जून में जारी किए गए प्रस्तावों को वापस लेना पड़ा है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार की नीति के तहत महाराष्ट्र के स्कूलों में पहली कक्षा से हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाया जाना था। दुर्भाग्य, अब ऐसा नहीं हो पाएगा। मतलब, महाराष्ट्र को तीसरी भाषा के रूप में भी हिंदी मंजूर नहीं है। उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने मराठी समर्थक राजनीति को इस तरह से गरमा दिया था कि सरकारी प्रयासों के हाथ-पांव फूलने लगे थे। ठाकरे बंधुओं का आंदोलन दिनोंदिन उग्र होता जा रहा था। यह सच है, हर राज्य के लिए भाषा की राजनीति मायने रखती है और कोई भी पार्टी स्थानीय स्तर पर अपनी क्षेत्रीय भाषा से मुंह नहीं मोड़ सकती। वैसे भारत में भाषा की राजनीति नई नहीं है। जब से राज्यों का पुनर्गठन भाषा के आधार पर हुआ है, भाषा तभी से राजनीति का एक प्रिय विषय रही है। भाषा के रूप में हिंदी स्वीकृत और प्रतिष्ठित है। यह भी एक सच है कि इस देश की कोई संपर्क भाषा हो सकती है तो वह हिंदी ही है। अंग्रेजी यह काम नहीं कर सकती। उसे करना भी नहीं चाहिए, क्योंकि भारतीय संस्कृति का पोषण तो भारत की भाषाओं से ही हो सकता है और इस पोषण की आवश्यकता भी है। भाजपा राजनीतिक कारणों से हिंदी विरोध की गंदी राजनीति के खिलाफ तीखे तेवर नहीं अपना सकती, लेकिन कम से कम कम केंद्र सरकार को इस दुष्प्रचार के खिलाफ तो खड़ा होना ही चाहिए कि हिंदी थोपी जा रही है। यह निरा झूठ है। हिंदी अपनी स्वीकार्यता के कारण बढ़ रही है। देश के कम से कम 90 प्रतिशत लोग हिंदी समझ लेते हैं।

हिंदी समाज को ज्यादा सजग होने की जरूरत है अपनी राजनीतिक व आर्थिक शक्ति को इतना बल देना पड़ेगा कि कम से कम तीसरी भाषा के रूप में हिंदी को अहिंदी भाषी राज्यों में स्वीकार किया जाए। क्या हिंदी प्रदेश के नेता इससे सबक लेंगे ?



### सार्वजनिक होना चाहिए चंदा देने वालों का विवरण

# पार्टियों को पता ही नहीं कहां से आए 10 हजार करोड़?





**राजनैतिक दलों को मिलने वाले चंदे में पारदर्शिता लाने के लिए सूचना के अधिकार कानून के तहत यह जरूरी किया जाना चाहिए कि दान देने वाले का सम्पूर्ण विवरण भी सार्वजनिक किया जा सके। ऐसा नियम बनाने की आवश्यकता इसलिए भी है क्योंकि पिछले दो दशक में राष्ट्रीय दलों को ही हजारों करोड़ का चंदा अज्ञात स्रोत से मिला। मतदाताओं को यह जानने का पूरा हक है कि वे अज्ञात स्रोत क्या हैं?**

*प्रभात कुमार*

**पिछले** 20 सालों में देश के राष्ट्रीय दलों को 10,700 करोड़ रुपए से अधिक का चंदा अज्ञात स्रोत से मिला। राजनैतिक दलों को ये चंदा किसने दिया, इस बारे में निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के पास भी कोई जानकारी नहीं है। इसका खुलासा राजनीतिक दलों द्वारा निर्वाचन आयोग के समक्ष पेश अपने खातों के लेखा-जोखा के विश्लेषण से हुआ है। रिपोर्ट से पता चला है कि पिछले वित्तीय वर्ष में भी राष्ट्रीय दलों को करीब 200 करोड़ रुपए का चंदा अज्ञात स्रोत से मिला। भारतीय राजनीति और चुनाव पर बारीकी से नजर रखने वाली संस्था एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने भाजपा, कांग्रेस, आप सहित सभी राष्ट्रीय दलों द्वारा निर्वाचन आयोग के समक्ष पेश लेखा-जोखा का विश्लेषण किया है। रिपोर्ट में एडीआर ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में सभी छह राष्ट्रीय दलों की कुल आय 5,820,912 करोड़ रुपए थी। इनमें 199.36 करोड़ रुपए का चंदा अज्ञात स्रोत से मिला। रिपोर्ट के मुताबिक राष्ट्रीय दलों के कुल आय का 43.17 प्रतिशत यानि 2,544.278 करोड़ ज्ञात स्रोत से चंदा मिला है। जबकि इस अवधि (2023-24) में दलों को 43.36 प्रतिशत यानी 2,524.136 करोड़ रुपए चुनाव बॉण्ड के जरिए मिले। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव बॉण्ड योजना को असंवैधानिक बताते हुए रद्द कर दिया था।

### क्या है अज्ञात स्रोत

इसमें राजनीतिक दलों के उस चंदे को शामिल किया जाता है जो कूपन बिक्री और 20 हजार रुपए से कम के दान को शामिल किया जाता है।




### क्या कहता है कानून

राजनैतिक दलों को चंदा देने के लिए तय नियमों के मुताबिक, यदि 20 हजार रुपए से कम की रकम कोई किसी दल को चंदे के रुप में देता है तो इसमें देने वालों के बारे में जानकारी का खुलासा करने की अनिवार्यता नहीं है।

### सार्वजनिक हो विवरण

एडीआर ने राजनीतिक दलों की आय में पारदर्शिता लाने के लिए सभी दानदाताओं का पूरा विवरण सूचना के अधिकार कानून के तहत सार्वजनिक करने के लिए नियम बनाने की सिफारिश की है। यह भी कहा गया कि दान के भुगतान का तरीका आयकर विभाग और ईसीआई को दी जाने वाली ऑडिट रिपोर्ट में घोषित करने के लिए अनिर्वाय किया जाना चाहिए। एडीआर ने चुनाव खर्चों में पारदर्शिता की कमी पर भी चिंता व्यक्त की। उसके अनुसार जब से विश्लेषणात्मक रिपोर्ट तैयार कर रही थी, उस समय तक कई पार्टियों के खर्च का ब्यौरा चुनाव आयोग की बेवसाइट पर उपलब्ध ही नहीं था। लोकसभा चुनाव 2024 में 690 गैर-मान्यता प्राप्त दलों ने भी भाग लियाथा। इनमें से बड़ी संख्या में ऐसे भी दल थे, जिन्होंने खर्च शून्य बताया। एडीआर ने चुनाव आयोग से कहा है कि वह राजनीतिक दलों के खर्च पर नजर रखने के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त करे।

### 345 दलों का पंजीयन रद्द

चुनाव आयोग ने 345 निबंधित बिना पहचान वाले राजनीतिक दलों के निबंधन को रद्द करने की प्रक्रिया शुरु कर दी है। इनमें राजस्थान के भी छह दल हैं। ये वे दल हैं जिन्होंने 2019 से अब तक किसी भी प्रकार के चुनाव में भाग नहीं लिया है और जिनके कार्यालय देशभर में कहीं भी भौतिक रूप से नहीं पाए गए। ये 345 दल विभिन्न राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों से ही हैं। वर्तमान में पंजीकृत 2800 से अधिक निबंधित गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों में से कई दल ऐसे हैं, जो राजनीतिक दल के रूप में पंजीकृत रहने की आवश्यक शर्तों को पूरा नहीं कर रहे हैं। प्रथम चरण में अब तक 345 ऐसे दलों को चिह्नित किया गया है।

# जे पी ऑर्थोपेडिक हॉस्पिटल
## उदयपुर

J.P. ORTHOPEDIC HOSPITAL UDAIPUR

28 वर्षों से आपके लिए

For More Visit Us : www.jporthohospital.com

**24x7 HELPLINE No: +91 7229933999**



## Facilities

- ICU, Modular Theater
- Digital X-Ray
- Modular Plaster Room
- C-ARM Machine
- Physiotherapy
- All Kinds Of Orthopadic Surgery
- Nailing
- Plating
- Prosthesis,
- Fixator etc.





**100, Main MB College Road, Kumharo Ka Bhatta,**
**Udaipur-313001 Tel : 0294-2413606**
**E-mail : jp_taruna@yahoo.co.in**

# कांग्रेस को मजबूती देगा संगठन-सृजन अभियान

पंकज कुमार शर्मा



**पिछले** तीन लोकसभा चुनावों के साथ ही राज्यों में लगातार हो रही हार को देखते हुए कांग्रेस ने देशभर में संगठन सृजन अभियान शुरु किया है। इसी साल अक्टूबर-नवम्बर में बिहार, उसके बाद अगले वर्ष पं. बंगाल व तमिलनाडु में भी राज्य विधानसभा के चुनाव होने हैं। कांग्रेस नेतृत्व ने गुजरात, मध्यप्रदेश के बाद संगठन सृजन अभियान की शुरुआत राजस्थान में भी कर दी है,जिसके तहत बूथ, ब्लॉक और जिला संगठनों की कमान उन हाथों को सौंपी जा रही है, जो संगठन और उसके नेताओं के प्रति निष्ठावान तो रहे ही साथ ही जिनका फिल्ड वर्क भी उनकी नेतृत्व क्षमता पर मोहर लगाता है। बकौल राहुल गांधी लंगड़े घोड़ों को विश्राम के लिए चले जाना चाहिए। बारात के घोड़ों की भी जरूरत नहीं है, जरूरत है रेस के घोड़ों की, जो पार्टी की मजबूती के लिए दिन-रात दौड़ सकें, एक-एक घर से जिनका सम्पर्क हो, जनता के दुख-दर्द में जो उनके साथ खड़े रहते आए हों। कांग्रेस को मजबूत करने के लिए यह भी जरूरी है कि तथाकथित बड़े नेताओं के सार्वजनिक बयान पार्टी की रीति-नीति के अनुसार ही हों। पिछले दिनों मध्यप्रदेश और केरल के नेताओं ने जिस तरह की बयानबाजी की उससे पार्टी की किरकिरी ही हुई। राहुल गांधी बिल्कुल सही कह रहे हैं कि बहुत हो गया, अब बर्दाश्त नहीं होगा और ऐसे नेताओं-कार्यकर्ताओं को कार्रवाई का सामना करना होगा। मुझे याद है कि फरवरी 1983 में राजीव गांधी ने युवक कांग्रेस के तहत विकास केन्द्र की स्थापना की थी। जिसके माध्यम से पार्टी के युवा कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण प्रोग्राम आयोजित होते थे। पार्टी को वक्त की जरूरत के मुताबिक ढालने के लिए ऐसे प्रोग्राम आज भी जरूरी हैं। कार्यकर्ताओं को ऐसे प्रोग्राम में अपनी नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। शहर/गांव के निकाय चुनावों के साथ ही संगठन स्तर पर उन्हें चुनावी मुकाबले में अपनी हैसियत दिखानी होगी और ऊपर से टपकने या पिछले दरवाजे से एंट्री की उम्मीद छोड़नी होगी। कुल मिलाकर प्रदेश नेतृत्व को कमजोर कड़ी को अलग करना होगा। यह काम राजस्थान में पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने आरंभ कर दिया है। इसके तहत प्रदेश की ब्लाक कांग्रेस कमेटियों के कई अध्यक्षों को नोटिस भी थमाए गए हैं। डेढ़ साल पहले राजस्थान की सत्ता खो चुकी कांग्रेस इस बार निकाय और पंचायती राज चुनाव में कड़ी टक्कर देने की तैयारी कर रही है। राजस्थान में विधानसभा चुनाव में अभी करीब साढ़े तीन साल का समय शेष है। राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर अभी से संगठन मे बदलाव के बड़े कदम बता रहे हैं कि पार्टी इस बार कोई चूक नहीं करने वाली है। इस संबंध में प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा पिछले दिनों दिल्ली-जयपुर में प्रदेश नेतृत्व के साथ बैठक कर चुके हैं। सभी दो सौ विधानसभा क्षेत्रों से पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट भी मंगवा ली गई और उनके विश्लेषण के आधार पर ही बूथ, ब्लाक और जिला स्तर पर बदलाव की बयार चल पड़ी है। पिछले दिनों कार्यकर्ताओं से संगठन की मजबूती के लिए संवाद कार्यक्रम भी शुरू किए गए हैं, जिसके तहत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, विधानसभा में प्रतिपक्ष नेता टीकाराम जूली, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी ने जुलाई के पहले सप्ताह में मेवाड़ व वागड़ सहित कुछ अन्य जिलों के कार्यकर्ताओं के साथ जाजम पर बैठक गहन-विचार कर आगामी चुनावों की रणनीति की दिशा तय की है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी कार्यकर्ताओं से सम्पर्क के लिए लगातार प्रदेश के दौरे कर रहे है।

# चिप्स के स्वाद में छूटा जंगल



पहाड़ी क्षेत्रों में पर्यटकों ने चिप्स, कुरकुरे और मैगी खिलाकर जंगली जानवरों की आदत बदल दी है। इसके चलते जंगली जानवर अपने प्राकृतिक वास स्थलों को छोड़कर सड़कों के किनारे फेंके जाने वाले भोजन का इंतजार करते रहते हैं। उच्च हिमालयी क्षेत्रों में पाए जाने वाले वन्यजीव थार (हेमिट्रैगस जेमलाहिगस) के व्यवहार में चौकाने वाला बदलाव देखा जा रहा है। केदारनाथ वन्यजीव अभयारण्य के चोपता, धोतीधार, तुंगनाथ, कांचुलाकर्क क्षेत्र में बड़ी संख्या में थार अब ऊपरी हिमालयी चट्टानों पर न जाकर निचले क्षेत्रों में डेरा जमा हुए हैं। बंदर और लंगूर भी घने जंगलों में जाने की बजाय सड़क के किनारे सैलानियों का इंतजार करते हैं। इन जानवरों में खानपान की आदतें बदलने लगी हैं। वन्यजीव विशेषज्ञ इसे न केवल जानवरों की जिंदगी और सेहत के लिए खतरनाक बताते हैं बल्कि मानव-वन्यजीव संघर्ष बढ़ने की आशंका भी जताते हैं। वन्यजीव वैज्ञानिक डॉ. वाई.एस. झाला के अनुसार इस तरह के खाद्य पदार्थ वन्यजीवों की सेहत खराब कर सकते हैं। छोटे वन्यजीवों के पीछे उनका शिकार करने रीछ, गुलदार बाघ जैसे मांसाहारी वन्यजीव भी निचले इलाकों में आएंगे।



# डॉ. सुशान्त जोशी

(एम.एस., ई.एन.टी.), कान, नाक, गला, मुख
और गला केंसर रोग विशेषज्ञ

## !! एक छोटी सी पहल !!

अगर आपकी आयु 65 वर्ष से अधिक है तो आपसे 40 प्रतिशत
कम परामर्श शुल्क लिया जाएगा (मात्र 200/– रुपए)
अगर आप गर्भवती महिला या दिव्यांग हैं तो
आपको बिना प्रतीक्षा तुरंत सेवा दी जाएगी।

अगर आप महीने के पहले व तीसरे मंगलवार को दिखाने आए
तो आपसे कोई परामर्श शुल्क नहीं मांगा जाएगा एवं इच्छानुसार
प्राप्त शुल्क की असहाय एवं गरीब बच्चों के स्वास्थ्य व
शिक्षा के लिए उपयोग में लिया जाएगा।

ENT FOR ALL

# जोशी ई.एन.टी. क्लिनिक

आकार कॉम्पलैक्स के पास, पवन मेडिकल के पीछे, मैन युनिवर्सिटी रोड, उदयपुर ( राज. ) 313001

✆ 0294-2940888, 8003494667

# आई-केयर फोर ऑल

## डॉ. नवनीत बोहरा

नेत्र रोग विशेषज्ञ

नेत्र संबंधी रोगों की
अत्याधुनिक उपकरणों द्वारा
जांच व ऑपरेशन

**TIMING**
4 PM
to
8 PM

### सुविधाएं

■ मशीनों द्वारा जांच ■ चश्मे के नम्बर ■ पर्दे की जांच
■ आंखों की एलर्जी (खुजली, पानी आना) ■ कम दिखाई देना
■ मोतियाबिंद ■ कालापानी (ग्लूकोज) ■ नाखूना (आंखों में मास का बढ़ना)
■ आंखों के आगे काले धब्बे आना ■ आई फ्लू जांच

पवन मेडिकल के पीछे, युनिवर्सिटी रोड, केशवनगर, उदयपुर मो.: 0294-2940888, 9351316885

# आजादी का मंत्र भी है 'करो या मरो'





प्रवीणचन्द छाबड़ा

**भारतीय** स्वाधीनता के आंदोलन में 1920 से 1942 के वर्षों में शांतिपूर्ण संघर्ष से अहिंसक शक्ति प्राप्त हुई। उसके उपयोग का अवसर 9 अगस्त 1942 को ही आ गया। कांग्रेस महासमिति की 8 अगस्त की बैठक की रात्रि में महात्मा गांधी ने 'अंग्रेजों, भारत छोड़ो' की चुनौती दी। 'करो या मरो' के आह्वान के साथ अगले ही दिन सुबह जगह-जगह से सत्याग्रहियों की टोली निकल पड़ी। यह सत्ता को हटाने का विद्रोह नहीं था, यह ऐसी अहिंसक क्रांति थी जिसमें द्रोह, घृणा, रोष, हिंसा के लिए कोई स्थान नहीं था। 'वन्दे मातरम्' का घोष संगीनों से अधिक प्रभावी व सशक्त बन गया। देश का ऐसा कोई नगर, ग्राम या जनपद नहीं रहा, जहां 'अंग्रेजों, भारत छोड़ो' के साथ 'करो या मरो' का नारा नहीं गूंजा। 1939 में युद्ध की घोषणा के बाद 1942 में विश्वयुद्ध के विनाशकारी परिणाम आने लगे थे। रूस व अमरीका ने अभी तक औपचारिक तटस्थता बनाए रखी थी। 1941 में जापान द्वारा अमरीका के पर्ल बंदरगाह में नौ सेना के बेड़े को ध्वस्त कर देने के बाद सोवियत रूस व अमरीका युद्ध में शामिल हो गए। हिटलर, मुसोलिनी व तोजो एक पंक्ति में हो गए तथा स्टालिन, चर्चिल और रूजवेल्ट की अपनी पंक्ति बन गई। 1942 में अटलांटिक सागर में एक युद्ध पोत पर अमरीका के राष्ट्रपति रूजवेल्ट और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री चर्चिल ने विचार विमर्श किया। दोनों ने एक संधि पर हस्ताक्षर किए, जिसमें कहा गया कि नाजी अत्याचार की समाप्ति पर शांति स्थापित होगी, जिससे सभी राष्ट्रों को अपनी सीमाओं में सुरक्षित रूप से रहने का अवसर मिलेगा। इससे सभी देशों के व्यक्ति भय और अभाव से स्वतंत्र होकर अपना जीवन बिता सकेंगे। इस घोषणा पत्र के अनुसार भारत अपने अधिकार की मांग कर सकता था, परन्तु चर्चिल ने स्पष्ट कर दिया कि यह घोषणा पत्र भारत या ब्रिटेन के साम्राज्य के किसी भाग पर लागू नहीं होगा। इस स्पष्टीकरण से देश में ब्रिटेन विरोधी वातावरण अधिक बनने लगा और धुरी राष्ट्रों जर्मन-जापान के प्रति सहानुभूति के साथ समर्थन के भाव बनने लगे। विश्वयुद्ध की स्थिति जिस तरह भयावह होती जा रही थी तथा जापान भी भारतीय सीमा की ओर बढ़ता जा रहा था, उससे कलकत्ता (अब कोलकाता) तक आतंक फैल गया था। भारत के लोग विवशता के साथ सारी स्थिति देख रहे थे। महात्मा गांधी बार-बार कह रहे थे भारत की सुरक्षा के लिए आवश्यक है कि ब्रिटेन भारत की सत्ता देशवासियों को सौंप दे। आजादी के लिए मोर्चा खोलना समय की आवश्यकता बन गया था। ब्रिटेन भारत की सुरक्षा की व्यवस्था नहीं कर पा रहा था। इस बीच 28 जुलाई 1942 को जॉर्ज षष्ठम् ने अपनी डायरी में लिखा कि चर्चिल ने यह कहकर अचंभित कर दिया कि उनके सहयोगी तथा पार्लियामेंट में दोनों या तीनों दल युद्ध की समाप्ति के बाद भारत को भारतीयों के हवाले करने को तैयार हैं। विचार-विमर्श करने के बाद यह समझ में आ गया है कि भारत छोड़ना ही पड़ेगा। महात्मा गांधी ने 8 अगस्त को अपने सवा दो घंटे के भाषण में स्पष्ट किया कि यदि स्थिति दूसरी होती तो मैं आपको थोड़ा इंतजार करने को कहता। अब स्थिति असहनीय हो गई है। कांग्रेस के लिए अन्य कोई रास्ता नहीं रह गया। एक छोटा-सा मंत्र आपको देता हूं, जिसे हृदय पटल पर अंकित कर लीजिए। यह मंत्र है 'करो या मरो' या तो हम भारत को आजाद कराएंगे या आजादी की कोशिश में अपने प्राण त्याग देंगे। गांधीजी ने कहा कि इस समय से हम आजाद हैं और अपने को आजाद मान लें। हम पर हर कोई हुकूमत नहीं कर सकता। हम अपनी हुकूमत कायम करेंगे। किसी अन्य हुकूमत के मातहत नहीं रह सकते। उन्होंने प्रेस वालों से कहा कि आपको सरकारी मशीन नहीं बनना चाहिए। जजों से कहा कि आप इस्तीफा तो न दें, पर आप अनुचित आज्ञा का पालन नहीं करें। छात्रों से कहा कि वे कह दें कि हम तो कांग्रेस के आदमी हैं, उसकी आज्ञा का ही पालन करेंगे। फौज से कहा - जब उचित लगेगा, तब कहूंगा कि उन्हें क्या करना चहिए। राजाओं से कहा कि भारत तो आजाद होगा ही और उस भारत में आपको अपना स्थान रखना है। अच्छा होगा आप जनता के सेवक बन जाएं। गांधीजी का 'करो या मरो' का मंत्र आज भी सार्थक है, सिद्ध है। यह मंत्र आजादी पाने से अधिक आजादी को बनाए रखने का है। मनीषियों के वचन कालातीत होते हैं, वे सदैव के लिए होते हैं। वह राष्ट्र जीवंत होता है, जिसमें आहूत होने की कामना है।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ एआई के हथियार




डॉ. सचिन बत्रा

**एआइ** यानी कृत्रिम मेधा के इस दौर में खोजबीन, पड़ताल, विश्लेषण और आकलन के लिए डिजिटल औजारों पर निर्भरता बढ़ती जा रही है। इसका कारण है कि एक तरफ कम लागत के लाभ और दूसरी ओर सीमित समय में परिणाम प्राप्त किए जा रहे हैं। लिहाजा अब तो भ्रष्टाचार को भांपने के लिए पूरी दुनिया में एआइ औजारों का उपयोग और खोज चरम पर है। दिलचस्प बात यह है कि भ्रष्टाचार को चिह्नित करने से लेकर सबूत हासिल करने में भी एआइ अपनी डिटेक्टिव भूमिका का निर्वाह कर रहा है।

जर्मनी में वित्त संबंधी धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले उजागर करने के लिए 'हॉक' एआइ नामक टूल विकसित किया गया है। अफ्रीकी देशों में भ्रष्टाचार की शिकायतों की निगरानी और विश्लेषण के लिए 'इंडिग्रिटी वॉच' ऐप का उपयोग किया जा रहा है। अमरीका में सरकारी स्तर पर अनुबंधों में अनियमितता या धोखेबाजी को चिह्नित करने के लिए 'पोलरिस एआइ' बहुत कारगर माना गया है। यही नहीं हमारे देश में भी अब बहुत खामोशी से भ्रष्टाचार पर नकेल डालने के लिए एल्गोरिद्म और एआइ आधारित डिजिटल जासूस और डिटेक्टिव टूल अपनी धार तेज करते जा रहे हैं। उदाहरण के लिए 'आइ-रश' नामक एप सरकारी योजनाओं की निगरानी करता है। वहीं 'विजिलेंस ऐप' के माध्यम से जनता भ्रष्टाचार के मामलों को रिपोर्ट कर सकती है। इसी प्रकार 'ओजीडीपी' यानी ओपन गवर्नमेंट डाटा प्लेटफार्म सरकारी डाटा की निगरानी करते हुए असामान्य गतिविधियों की पहचान करता है। दूसरी ओर 'ट्रांसप्रेसी इंटरनेशनल' इंडिया नामक संगठन भ्रष्टाचार के विविध पहलुओं का अध्ययन और पहचान करते हुए उसका समाधान मुहैया कराने सहित एआइ उपकरण विकसित करता है। दुनिया भर के विशेषज्ञों की मानें तो अब धन-गबन के जटिल मामले भी एआइ की मदद से सुलझाना बेहद आसान हो गया है। एक बहुत ही रोचक उदाहरण पेरू के समाचार संस्थान 'ओजो पब्लिको' का है जिसके विकसित किए गए 'फ्यून' नामक एल्गोरिदम आधारित औजार ने ढाई लाख पब्लिक कॉन्ट्रेक्ट की जांच करते हुए भ्रष्टाचार के खतरे का प्रतिशत भी बताया और मामले भी उजागर किए। इसे वर्ष 2020 में श्रेष्ठ नवाचार की श्रेणी में सिग्मा अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। कुल मिलाकर मिलीभगत, मुनाफाखोरी, मिलावट और मनमानी के खेल को एआइ औजार जेल तक पहुंचाने में कामयाब हो रहे हैं। वहीं एल्गोरिदम आधारित डिजिटल औजार सरकारी योजनाओं में फर्जीवाड़े और भ्रष्टाचार को चिह्नित करने में सक्षम माने जा रहे हैं।

( लेखक तकनीकी विषयों के विशेषज्ञ जानकार हैं )

## फर्जीवाड़ा उजागर

**आयकर** विभाग ने राजनीतिक चंदों में फर्जी कटौती के मामले में पिछले दिनों बड़ी कार्रवाई करते हुए देशभर में 200 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी शुरू की है। सूत्रों के मुताबिक यह छापेमारी उन लोगों पर केंद्रित है, जिन्होंने इनकम टैक्स एक्ट की धारा 80 जीजीसी के तहत फर्जी बिलों के आधार पर टैक्स में कटौती का दावा किया था। राजस्थान में जयपुर, कोटा, अजमेर, भीलवाड़ा और चित्तौड़गढ़ सहित 5 शहरों में 11 ठिकानों पर छापेमारी हुई है। विभाग ने पाया कि कई करदाता, कुछ प्रोफेशनल मध्यस्थों की मदद से, बिना किसी आधार के बढ़ा-चढ़ा क्लेम कर रहे थे। विभाग ने एआइ और डेटा एनालिटिक्स की मदद से इन करदाताओं को चिन्हित किया।





# भाई-बहन के रिश्ते में मिठास का पर्व
# रक्षाबंधन

**भाई-बहन का रिश्ता मिश्री की तरह मीठा और मखमल जैसा मुलायम होता है। इस मिठास और कोमलता को और बढ़ा देती है राखी। कहने को तो केवल यह एक धागा है, लेकिन इसमें बंधा है- बहन-भाई का प्यार, विश्वास और सहारा।**

*विजया सैनी*

**रक्षाबंधन** केवल एक त्योहार नहीं बल्कि हमारी परंपराओं का प्रतीक है, जो आज भी हमें अपने परिवार व संस्कारों से जोड़े रखे है। रक्षाबंधन बहन की रक्षा की प्रतिबद्धता का दिन है, जिसमें भाई हर दुख-तकलीफ में अपनी बहन का साथ निभाने का वचन देता है। यही वह वचन है, जो आज के दौर में भी भाई-बहन को विश्वास के बँधन से जोड़े हुए है। यही वह त्योहार है, जिसे बहन अपने घर अर्थात अपने मायके में मनाती है।

तभी तो हर रक्षाबंधन पर बहन जितनी बेसब्री से लिवा ले जाने के लिए अपने भाई के आने का इंतजार करती है उतनी ही शिद्दत से भाई भी अपनी बहन से मिलकर उसका हालचाल जानने को उसके पास खिंचा चला आता है और भाई और बहन का मिलन होता है, तब सारे गिले-शिकवे दूर होकर माहौल में बस हँसी-ठिठौली के स्वर ही गुँजायमान होते हैं, जो खुशियों का पर्याय होते हैं। रक्षा बंधन का त्योहार श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। उत्तरी भारत में यह त्योहार भाई-बहन के अटूट प्रेम को समर्पित है और इस त्योहार का प्रचलन सदियों पुराना है। रक्षा बंधन का उल्लेख हमारी पौराणिक कथाओं व महाभारत में मिलता है और इसके अतिरिक्त इसकी ऐतिहासिक व साहित्यिक महत्ता भी उल्लेखनीय है। भगवान विष्णु ने वामन अवतार धारण कर बलि राजा के

*त्योहार हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। इन्हीं के माध्यम से रिश्तों की गहराई महसूस की जाती है। रक्षा-बंधन भाई-बहन के स्नेह व ममता की डोर में बंधा ऐसा पर्व है, जिसे परस्पर विश्वास की डोर ने सदियों से बांध रखा है। भाई-बहन का लगाव व स्नेह ताउम्र बरकरार रहता है, क्योंकि बहन कभी बाल सखा तो कभी मां, तो कभी पथ-प्रदर्शक बन भाई को सिखाती है कि जिंदगी में यूं आगे बढ़ो।*
*इसी तरह भाई कभी पिता तो कभी मित्र बन बहन को आगे बढ़ने का हौसला देता है।*



अभिमान को इसी दिन चकानाचूर किया था। इसलिए यह त्योहार बलेव नाम से भी प्रसिद्ध है। महाराष्ट्र राज्य में नारियल पूर्णिमा या श्रावणी के नाम से यह त्योहार विख्यात है। इस दिन लोग नदी या समुद्र के तट पर जाकर अपने जनेऊ बदलते हैं और समुद्र की पूजा करते हैं।

हिंदू पुराण कथाओं के अनुसार, महाभारत में पांडवों की पत्नी द्रौपदी ने भगवान कृष्ण की कलाई से बहते खून को रोकने के लिए अपनी साड़ी का पल्लू फाड़ कर बांधा जिससे उनका खून बहना बंद हो गया। तभी से कृष्ण ने द्रोपदी को अपनी बहन स्वीकार कर लिया था। वर्षों बाद जब पांडव द्रोपदी को जुए में हार गए थे और भरी सभा में उनका चीरहरण हो रहा था तब कृष्ण ने द्रोपदी की लाज बचाई थी। इस दिन श्रावण मास की पूर्णिमा ही थी, तभी से यह त्योहार मनाया जाने लगा।

एक अन्य उदहारण के अनुसार चित्तौड़ की राजमाता कर्मवती ने मुगल बादशाह हुमायूँ को राखी भेजकर अपना भाई बनाया था और वह भी संकट के समय बहन कर्मवती की रक्षा के लिए चित्तौड़ आ पहुँचा था।

प्राचीन काल में ऋषि-मुनियों के उपदेश की पूर्णाहुति इसी दिन होती थी। वे राजाओं के हाथों में रक्षासूत्र बाँधते थे। इसलिए आज भी इस दिन ब्राह्मण अपने यजमानों को राखी बाँधते हैं।

HAPPY INDEPENDENCE DAY

Parmeshwar Agarwal
Director

PREM
MARBLES PVT. LTD.

ELEGANCE ENGRAVED ETERNAL



Marine Black Cherry Gold Marine Beige

NH 8, Amberi, Udaipur - 313004 Rajasthan, India
M : +91 8890473333 / 8003834567
Email : stone@premmarbles.com
Website : www.premmarbles.com

# भागती जिंदगी में ठहराव की तलाश



**कभी-कभी लगता है जैसे जिंदगी एक बिना रुके चलने वाली ट्रेन है। स्टेशन तो आते हैं, पर हम रुकते नहीं। हम सब दौड़ रहे हैं- कोई करियर के लिए, कोई पैसों की तलाश में, और कोई अपने सपनों को साकार करने के लिए। पर इस भागदौड़ में जो सबसे कीमती चीज पीछे छूट जाती है, वह है- हम स्वयं।**



सुबह अलार्म की तेज आवाज से आंख खुलती है और रात को मोबाइल स्क्रीन पर आखिरी नोटिफिकेशन देखकर ही नींद आती है। दिनभर की भागदौड़ में, ट्रैफिक की बेचैनी और मीटिंग्स की आपाधापी में, कहीं हमारी आंतरिक शांति दम तो नहीं तोड़ रही?

**सोचिए,** कब आपने आखिरी बार चाय की चुस्की लेते हुए आसमान को निहारा? कब बिना घड़ी देखे अपनों से बातचीत की? हम सब मानो एक ऐसे पहिए में फंसे हैं, जिसमें गति तो है, पर दिशा नहीं।

## रिश्ते, जो छूटते जा रहे हैं

आज घर में सब मौजूद हैं, पर साथ नहीं हैं। मां की बातें अधूरी रह जाती है क्योंकि बेटा ऑनलाइन मीटिंग में है, पिता की हँसी अब बच्चों को व्हाट्सएप स्टेटस में मिलती है। इंसान अपनी पहचान, अपनी गहराइयों, और अपने मूल से दूर होता जा रहा है।

**कभी** वक्त निकालिए, अपने बुजुर्गों के पास बैठिए – शायद उनकी चुप्पी आपको बहुत कुछ कह जाए।

## क्यों जरूरी है 'रुकना'?

रुकना हार मानना नहीं है, बल्कि अपने आप से मिलने का एक माध्यम हैं।

**ठहराव** वो आईना है जिसमें हम अपने भीतर की थकान, टूटी उम्मीदों और अधूरी खुशियाँ साफ़ देख सकते हैं। यह वो पड़ाव है, जहाँ हम खुद को फिर से सहेज सकते हैं, और समझ सकते हैं कि असली दौड़ किस दिशा में होनी चाहिए।

## खोती संवेदनाएं, बढ़ता तनाव

आजकल जीवन में सबसे बड़ी कमी है – 'एक पल की शांति।' हम अपनी महत्वाकांक्षाओं जिम्मेदारियों और सामाजिक अपेक्षाओं के बीच इस कदर उलझ गए हैं कि खुद से संवाद करना तक भूल गए।

मानसिक स्वास्थ्य एक शोर में दब गया है– और यह शोर बाहर का नहीं, हमारे भीतर का है।

**WHO** की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में हर आठवां व्यक्ति किसी ना किसी मानसिक तनाव या अवसाद से जूझ रहा है। यह आँकड़ा सिर्फ संख्या नहीं, हर नंबर के पीछे एक थकी हुई आत्मा है, जो बस रूक कर साँस लेना चाहती है।

## कैसे लाएं ठहराव?

- डिजिटल डिटॉक्स करें: हफ्ते में कुछ घंटे मोबाइल और इंटरनेट से दूर रहें।
- प्रकृति के करीब जाएं : सुबह की सैर करें, पेड़ों से बातें करें, चिड़ियों की चहचहाट सुनें।
- मन का ध्यान रखें : कुछ पल मौन में बैठें, सांसों पर ध्यान दें – यही सुकून है।
- परिवार को समय दें : एक दिन अपनों के साथ बिताएं बिना किसी 'डिवाइस' के।

## एक नई शुरुआत की ओर

जीवन की इस भीड़ में ठहराव का साहस वही करता है जो जानता है कि जीवन केवल दौड़ नहीं, अनुभवों का संगम है।

**हम** सबको यह समझने की जरूरत है कि मंजिलें तो बहुत मिलेंगी, पर रास्ते में जो रिश्ते, सुकून और मुस्कानें छूट जाएंगी – उन्हें पाना शायद दोबारा संभव ना हो।

''**रूकिए....** सांस लीजिए,.... जिंदगी अब भी इंतजार कर रही है आपको जीने के लिए।''

***प्रस्तुति :- राजवीर मेघवाल***

# कर्म के उत्कर्ष कल्याणकारी श्री कृष्ण



**भारतीय मानस के नवनीत सदृश श्रीकृष्ण भारतीय संस्कृति के ऐसे अपूर्व स्वप्न हैं जिसमें सभी रंगों की छटा का सौंदर्य प्रकट होता है। प्रतीकों, उत्सवों और नाना प्रकार के जीवन व्यवहारों में सजीव श्रीकृष्ण आमजन की अपरिमित आस्था के अनोखे केन्द्र हैं। उन्होंने जीवन के शाश्वत मूल्यों को परखा। साथ ही अभ्युदय तथा मोक्ष यानी लोक और परलोक दोनों के लिए मार्ग प्रशस्त किया। आज भी जब हमारी नाव डगमगाती है तो हमारे मानस पटल पर कृष्ण भुजा उठाए 'कौंतेय प्रतिजानीहि नमे भक्तः प्रणश्यति।' का आश्वासन देते दिखाई देते हैं।**

महेन्द्र दीक्षित

**भारत** के लोक मानस, साहित्य और संस्कृति पर लोकनायक श्रीकृष्ण का जैसा प्रभाव है, वैसा किसी अवतार या जननेता का नहीं है। वे श्रेय एवं आनंद की परम अभिव्यक्ति हैं, रस आनंद की अमिट धारा हैं। श्रीकृष्ण बाहुबल के साथ बुद्धिबल में भी पूर्णोत्तम थे। तत्कालीन भारत कई राज्यों में बंटा था, खंडित था। अधिकांश शासक प्रजापीड़क थे। दमन और क्रूरता से दबी प्रजा भयंकर कालरात्रि को झेल रही थी। एक दक्ष युगनेता की चेतना इस अधांध धर्म विनाश को कब तक मौन रह कर सह सकती थी। अत्यंत चतुराई के साथ कंस को उकसा कर अक्रूर के साथ कृष्ण मथुरा आ ही गए, जहां उन्होंने प्रजा का विश्वास जगाने का अदम्य बीड़ा उठाया। उन्होंने पहले कंस को मार कर जरासंघ को दुर्बल किया, फिर जरासंघ का भीम से बध करवा प्रजा को पीड़ा से मुक्त किया और अंत में शिशुपाल का वध करके श्रीकृष्ण ने महाशक्तियों के इस आसुरी त्रिकोण का आखिरी स्तंभ भी ढहा दिया।

*'परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम'* ही श्रीकृष्ण का परम ध्येय था। अपने इस ध्येय की पूर्ति में श्रीकृष्ण ने अपने स्वजनों, आत्मीयों के मोह-ममत्व को भी आड़े नहीं आने दिया। अपने कुटुंबी यादवों, पुत्र, प्रपौत्रों को जब उन्होंने शक्ति और सत्ता के मद में सत्य पथ से भ्रष्ट पाया तो स्वयं उनके विनाश का मार्ग प्रशस्त किया। वचन निभाने में कृष्ण जैसा उदाहरण इस जगत में देखने को नहीं मिलता। भागवत और महाभारत में इसके उदाहरण भरे पड़े हैं। चीरहरण के समय जब द्रौपदी ने कृष्ण को उनके वचन का स्मरण कराया तो कृष्ण ने कहा- 'चलेद्धि हिमवांछेलोमेदिनी शनधा भवेत। द्यौ पतेन सनक्षत्रा नमे मोघ वचो भवेत।' अर्थात् हिमवान पर्वत विचलित हो जाए तो हो जाए, पृथ्वी के सौ टुकड़े हो जाएं तो हो जाएं, आकाश नक्षत्रों के साथ धरती पर गिर पड़े तो गिर पड़े, मेरा दिया हुआ वचन निष्फल नहीं हो सकता।



बृहत्तर परिप्रेक्ष्य में श्रीकृष्ण मानव मुक्ति के विधाता हैं। जहां भी उन्होंने मनुष्य को बेड़ियों में जकड़े देखा, उसे मुक्त किया। धर्म को उन्होंने पाखंड औपचारिकता से मुक्त किया। कर्म को उन्होंने आग्रह-आतंकों से मुक्त किया। प्रेम को उन्होंने स्वार्थ और संकीर्णता के कूप से बाहर निकाला। आज भी जब-जब हमारी नाव डगमगाती है तो हमारे मानस पटल पर कृष्ण भुजा उठाए, आश्वासन देते हुए प्रकट हो जाते हैं- 'कौंतेय प्रतिजानीहि नमे भक्त: प्रणश्यति।' अर्थात् हे अर्जुन ! इसे ध्रुव सत्य मान कर चल कि मेरे भक्त का कभी पराभव नहीं होता, उसका कभी पतन नहीं हो सकता।

प्रत्यूष

## कांग्रेस की बिहार में पूर्वापेक्षा अधिक सीटों की मांग

# चिराग के रोजाना बदलते तेवर से भाजपा परेशान

*अमित शर्मा*

**बिहार में अक्टूबर-नवंबर में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव में सीटों के बंटवारे को लेकर इंडिया और एनडीए में मंथन चल रहा है। रोज नए समीकरण बन रहे हैं। एनडीए की घटक दल लोकजनशक्ति पार्टी (आर) के सुप्रीमो कोई न कोई पेंच फंसा देते हैं तो महागठबंधन में कांग्रेस और राजद में सीटों का बटवारा सिरे चढ़ नहीं रहा है। जेडीयू भी संशकित है क्योंकि बीजेपी उनसे कुछ और सीटें छीनकर अपनी ताकत बढ़ाना चाहती है। वामदल भी कमर कस रहे हैं। तस्वीर अगले माह तक ही स्पष्ट होगी।**





**बिहार** में विधानसभा चुनाव के लिए सभी प्रमुख राजनैतिक दल अपनी राणनीति को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। भाजपा, जनता दल(यू), राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस की इस चुनाव में न केवल प्रतिष्ठा दांव पर है बल्कि अस्तित्व की एक कठिन लड़ाई भी है। यदि कहा जाय कि महागठबंधन (इंडिया) में सीटों के बंटवारे को लेकर रस्साकशी है तो राजग (एनडीए) में भी सब कुछ ठीक नहीं है। महागठबंधन में शामिल भाकपा ने 24 से अधिक सीटों पर और कांग्रेस ने 80-90 सीटों पर दावेदारी कर तेजस्वी यादव के लिए मुसीबतें बढ़ा दी हैं। दूसरी ओर राजग के घटक दलों भी में हाल-फिलहाल तो घमासान ही दिख रहा है। लोजपा (रा) प्रमुख चिराग पासवान पहले ही कह चुके हैं कि बिहार की राजनीति में उनकी खास दिलचस्पी है। यही वजह है कि पिछले एक माह से राज्य की सभी 243 सीटों पर उनके कार्यकर्ता घटक दलों की अपेक्षा आक्रामक तैयारी में व्यस्त हैं। कहा जा रहा है कि राजग का घटक होने के बावजूद लोजपा (रा) के नेता जद(यू) के आधार मतों में सेंधमारी की कोशिश में हैं। चिराग पासवान कभी खुद चुनाव लड़ने की बात करते हैं तो कभी 30 सीटों की दावेदारी रखते हैं।

हालांकि जद(यू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद का कहना है कि बिहार में राजग के घटक दल पूरी तरह एक जुट हैं। राजग में मतभिन्नता की अफवाह विपक्षी दलों द्वारा फैलाई जा रही हैं। उधर भाजपा की मजबूती के लिए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) का अलग ही मिशन है। आरएसएस ने बिहार और प. बंगाल के चुनाव को नाक का सवाल बना लिया है । संघ चाहता है कि बिहार और प. बंगाल में हर हाल में भाजपा मजबूत हो और सरकार बनाए। संघ इसी साल अक्टूबर में अपनी स्थापना का शताब्दी समारोह भी मना रहा है, इस परिप्रेक्ष्य में अगस्त-सितंबर में बिहार में कार्यक्रमों के जरिए अपनी व्यापक उपस्थिति दर्ज कराने की योजना को अंतिम रूप दे रहा है। इसके लिए वह 'त्रिशूल' फार्मुले का इस्तेमाल करेगा। जिसमें असन्तुष्ट मतदाताओं की पहचान, स्थानीय मुद्दों को उठाना, साम्प्रदायिक भावनाओं को हवा देना और दलित, ओबीसी और ईबीसी पर अधिक ध्यान केंद्रित करना शामिल है।

जहां तक भाजपा का सवाल है वह बिहार में चुनाव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ही लड़ेगी। प्रधानमंत्री की नौ रैलियां इस तरह तय की गई हैं, जो 200 सीटों को प्रभावित करने वाली होंगी। मोदी पिछले डेढ़ माह में चार-पांच चुनावी दौरे कर चुके है। कुछ महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं को भी मंजूर किया है।

भाजपा और जनता दल(यू) में सीटों के बंटवारे पर सहमति तो हो जाएगी लेकिन दोनों ओर से इस समय अधिक से अधिक सीटों की मांग पर इशारों ही इशारों में बात हो रही है। दरअसल भाजपा बिहार में अपनी जमीन पूर्वापेक्षा अधिक मज़बूत करना चाहती है ताकि वह लालू यादव परिवार को राज्य की राजनीति में गौण कर सके और उड़ीसा की ही भांति अपनी एक छात्र सत्ता कायम करने का सपना साकार कर सके। लालू यादव परिवार में यूं भी सब कुछ ठीक नहीं चल रहा। बड़े बेटे तेज प्रताप को उन्होंने घर से बेदखल कर ही दिया लेकिन कहीं न कहीं

यह डर भी सता रहा है कि वह ऐसी भी मार कर सकता है, जिससे बचाव का मौका भी न मिल पाए। तेज प्रताप ने भी पिता की विरासत को छीनने का संकेत करते हुए कहा है कि तेजस्वी (छोटा भाई) मुख्यमंत्री और हम 'किंगमेकर' बनेंगे। उनका कहना है कि वे जमीन से जुड़े हैं, किसी से डरते नहीं और धरातल के मुद्दों को उठाते हैं। लेकिन तेज प्रताप को यह नहीं भूलना चाहिए कि शेर बूढ़ा भले ही हो जाए, दहाड़ना नहीं भूलता।



महागठबंधन में कांग्रेस व राजद ही सबसे बड़े घटक दल हैं। इन दोनों के बीच सीटों के बंटवारे को लेकिन खींचतान है। भाकपा की ही तरह कांग्रेस ने भी अधिक सीटे मांग कर तेजस्वी को मुसीबत में डाल दिया है। कांग्रेस की फिलहाल 90 सीटों पर दावेदारी है। पार्टी ने इन सीटों को तीन श्रेणियों में बांटा है। श्रेणी 'ए' में 50 सीटें, श्रेणी 'बी' और 'सी' में 18-18 सीटों पर भी विचार चल रहा है। लेकिन राजद उसे 50-60 सीटों के बीच राजी कर लेगी, ऐसा उसके सूत्र संकेत कर रहे हैं। अधिक सीटों पर दावा महागठबंधन में अपनी स्थिति मज़बूत करने की कांग्रेस की रणनीति का हिस्सा है। पिछले (2020) चुनाव में महागठबंधन की हार का ठीकरा कांग्रेस पर फूटा था, क्योंकि उसे कई ऐसी सीटें दी गई थीं, जहां महागठबंधन पहले से ही कमजोर था। इस बार पार्टी ऐसी सीटों पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जहां वह जीत हासिल कर सके। भाकपा की ही तरह भाकपा (माले) ने भी 40-45 सीटों की मांग कर सत्ता पर काबिज होने का सपना देख रहे लालू के लाल के सामने जटिल समीकरण उपस्थित कर दिए हैं। हालांकि यह तो एन वक्त पर ही तय होगा कि ऊंट किस करवट बैठेगा और किसके हिस्से में कितनी सीटें आएंगी। कुल मिलाकर यह चुनाव राजद (लालू परिवार) और जद(यू) मुख्यमंत्री नीतिश कुमार के राजनैतिक भविष्य को लेकर एक बड़ा फैसला होगा।

Surendra Jain
Director
Mob. 94141-69070

Happy Independence Day

Gaurav Jain
Director
Mob. 95296 53123

WONDER TILES & CERAMICS

DISTRIBUTORS & DEALERS

*Digital Tiles, Multi Charged Vitrified Tiles,*
*Sanitary Wares, Bath Fittings, Water Heater,*
*Parking Tiles, S.S. Sinks, Adhesives, Grouts, Epoxy*
*All Kinds of PVC Pipes & Fittings*

DURACON Multi Charged Tiles · NIRALI · Parryware · LAVISH GRANITO · LATICRETE MYK LATICRETE · Sintex · RACY · CAPRON · ARK · DELL CERAMIC · RAKSHA

28, Sarva Ritu Vilas Marg, Near Gulab Bagh, Udaipur 313001 (Raj.)
E-mail: wondertnc@gmail.com

# नहीं भाए राजीव गांधी को गंदी राजनीति के खेल

*वेदव्यास*

**राजीव** गांधी 31 अक्टूबर, 1984 से 2 दिसंबर, 1989 तक भारत के प्रधानमंत्री रहे थे। 20 अगस्त, 1944 को जन्मे और 21 मई, 1991 को दिवंगत हुए राजीव गांधी का बचपन और शिक्षा-दीक्षा जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी के घर-आंगन में हुई थी। अब तक के सभी प्रधानमंत्रियों में सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री थे। मिस्टर क्लीन और मिस्टर राइट के नाम से चर्चित राजीव गांधी मन और विचार से अनुभव तथा संघर्ष की सीढ़ियां चढ़कर प्रधानमंत्री नहीं बने थे, अपितु अपनी मां इंदिरा गांधी की आकस्मिक मौत पर अनिच्छा से प्रधानमंत्री बनाए गए थे। राजीव गांधी एक व्यावसायिक पायलट का पद छोड़कर आए थे, तब उनके मन में एक सपना था कि 'भारत एक प्राचीन देश है, लेकिन युवा राष्ट्र है और मैं युवाओं को हर जगह पसंद करता हूं। मैं युवा हूं। मेरे भी सपने हैं। मैं एक मजबूत, स्वतंत्र, आत्मनिर्भर भारत का स्वप्न देखता हूं। मैं चाहता हूं कि मानव जाति की सेवा के कार्य में यह संसार के राष्ट्रों में सबसे प्रथम पंक्ति में खड़ा हो।''



राजीव गांधी सत्तालोलुप राजनेता नहीं थे। गंदी राजनीति के गंदे खेल उन्हें नहीं आते थे। इंदिरा गांधी की मृत्यु के बाद दिल्ली में हुए सिख विरोधी दंगे, भोपाल गैस त्रासदी, बोफोर्स तोप घोटाला, शाहबानो केस में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का बदलाव, अयोध्या में रामलला मंदिर के ताले खुलवाने का फैसला और श्रीलंका में भारतीय शांति सेना भेजने के निर्णय ने जहां जनमानस में राजीव गांधी को बेहद विवादास्पद बनाया था, वहीं, 21वीं सदी के युवा भारत का सपना और पंचायतराज व्यवस्था के विकेंद्रीकरण और सशक्तीकरण की उनकी पहल ने उन्हें स्वतंत्र भारत के उल्लेख में मील का पत्थर भी साबित किया है। इतिहास निर्मम और निरपेक्ष होता है, इसलिए हम यह जानते हैं कि अनेक राजनीतिक असफलताओं के बावजूद राजीव गांधी कठिन समय के एक सरल और ईमानदार प्रधानमंत्री थे उनकी छवि आज भी भारत की आम जनता में एक निर्मल चरित्र की है। राजीव गांधी ऐसे पहले प्रधानमंत्री थे जिन्होंने सार्वजनिक रूप से यह सवाल उठाया था कि ग्रामीण भारत के विकास का जो एक रुपया दिल्ली से भेजा जाता है, उसका 15 पैसा ही गांवों तक पहुंचता है और 85 पैसा राज्य व्यवस्था के बीच ही हजम हो जाता है। राजीव गांधी ने ही कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में कांग्रेस के स्वर्ण जयंती समारोह (1985) के मुंबई अधिवेशन का उद्घाटन करते हुए सबसे पहले यह साहसिक बयान दिया था कि अब समय आ गया है कि कांग्रेस का पुनर्निर्माण किया जाए और कांग्रेस से भ्रष्ट, दलाल और बिचौलियों को निकाल बाहर किया जाए।

राजीव गांधी 21वीं सदी के भारत को तीन महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्रगति के रास्ते पर ले जाना चाहते थे और गरीबों तथा मध्यम वर्ग को उसका आधार बनाना चाहते थे। तकनीकी और वैज्ञानिक विकास के क्षेत्र में मेरा भारत महान बने और ऐसा उन्होंने किया भी। जवाहर लाल नेहरू, जहां धर्म निरपेक्ष, वैज्ञानिक समाजवाद पर बल देते थे, वहीं इंदिरा गांधी दृढ़ता और आत्म-विश्वास के साथ गरीबी हटाओ का संकल्प बुलंद करती थीं, लेकिन राजीव गांधी ने घनघोर उथल-पुथल के दौर (1984-89) में भी भारत निर्माण के लिए पेयजल, साक्षरता, टीकाकरण, श्वेत क्रांति और खाद्य तेल जैसे पांच तकनीकी मिशन बनाकर जिस दिशा और दृष्टि का आधारभूत ढांचा खड़ा किया, वह आज भी कांग्रेस की सामाजिक आर्थिक नीतियों का सार तत्व है। राजीव को याद करते हुए फिर लगता है कि कांग्रेस को आज सबसे पहले इतिहास को पढ़ना चाहिए और राजीव गांधी जैसी सहज और वैज्ञानिक दृष्टि की राजनीति को आगे बढ़ाना चाहिए।

**(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार हैं)**




कैसा लगा यह अंक

प्रत्यूष

इस अंक में कौन सा आलेख आपको ज्यादा पसंद आया। आप किन विषयों पर आलेख पढ़ना ज्यादा पसंद करेंगे? किस विषय पर आप हमें अपना मौलिक आलेख, शोध, कविता, कहानी भेजना चाहेंगे। कृपया हमें लिखें। आपके रचनात्मक सुझावों का सदैव स्वागत होगा।

# आत्मा के समीप रहते मन की गांठें खोलें



**भारतीय संस्कृति में अष्टाह्निका महोत्सवों का प्रचलन रहा है। ये महोत्सव जब अध्यात्म सम्पदा से विभूषित हो गए तो इन्हे पर्युषण कहा जाने लगा। आठ दिन चलने वाले पर्युषण पर्व को मनाने का मूल उद्देश्य आत्मा की शुद्धि के लिए आवश्यक उपक्रमों तक ध्यान केंद्रित करना है। इन दिनों साधु-साध्वियों के सानिध्य में कल्पसूत्र, तत्वार्थ सूत्र का वाचन और स्वाध्याय किया जाता है।**

*श्री रविन्द्र मुनि जी*



*पर्युषण शब्द बहुत व्यापक है। पर्युषण यानी संपूर्ण रूप से अपनी आत्मा के समीप रहना, कर्मजाल को संपूर्ण रूप से नष्ट करना। पर्युषण यानी मन, वचन व कर्म तीन योगों में शांति। अपने कषायों को कम करना और तप से आत्मशुद्धि करना। आत्मा के स्वाभाविक गुणों की रक्षा करना। इन उद्देश्यों की प्राप्ति करने के लिए जैन समाज इन दिनों में धर्म–ध्यान करते हैं। स्वाध्याय करते हैं। गुरुओं से शास्त्र श्रवण करते हैं। साधु–साध्वियां, श्रावक–श्राविका क्षमतानुसार तपस्या करते हैं। पर्युषण के आठ दिनों का यही ध्येय होता है कि एक व्यक्ति अपने भीतर किसी न किसी तरह क्षमा, सहनशीलता को विकसित कर सकें। देश, समाज को सुख–शांति का वातावरण प्रदान कर सके।*


**पर्व** का सीधा अर्थ है उत्सव। त्योहार या हंसी-खुशी का कोई विशेष दिन या समय। सालभर में कोई न कोई समय ऐसा आता रहता है, जब लोग खूब खुशियां मनाते हैं। कभी रंगों से खेलते हैं, कभी दीये जलाकर रोशनी फैलाते हैं, कभी हथियारों की पूजा करते हैं तो रक्षा का वचन देते हैं। अपनों की लंबी उम्र और परिवार के सुख के लिए व्रत रखते हैं। इसी कड़ी में जैन धर्म में पर्युषण को महापर्व का दर्जा दिया गया है। ज्यादातर त्योहार लौकिक होते हैं, बाहरी दुनिया और शरीर के पोषण से जुड़े होते हैं। पर्युषण पर्व अलौकिक पर्व है। यह आत्मा को समर्पित है। एक बाहरी रंग है, जिसमें त्योहार के नाम पर चेहरे और शरीर को रंगा गया। एक रंग है अंतर्मन में बसी करुणा और मैत्री का, जिसमें अपने मन और आत्मा को रंगा गया, ताकि पूरे अस्तित्व से हम मिल सकें और बता सकें कि मैं सबका मित्र हूं और सब मेरे मित्र हैं।

पर्युषण पर्व का अर्थ है- आत्मा के समीप रहने का पर्व। बाहर भटकती चेतना को उसके केंद्र आत्मा से मिलाने के दिन। इंद्रियों के द्वार से बाहर बहती ऊर्जा को भीतर समेटकर मन को आत्मलीन करने के दिन। जब आज तनाव, अशांति, अवसाद जैसे मानसिक पीड़ा देने वाले रोगों से हरेक को हर दिन सामना करना पड़ता है, वहां पर्युषण पर्व वरदान की भांति है।

ज्ञान की सुंदर राह पर चलकर मैत्री के गीत गाए जाएं, सुख और संतोष के बीज बोए जाएं ताकि शांति और संतुष्टि के छायादार वृक्ष फल दे सकें इसीलिए पर्युषण के इस पर्व को आठ दिन तक मनाया जाता है। श्रद्धा की जमीन पर सत्संग के बीज बोए जाते हैं। करुणा, मैत्री की फसल उगाई जाती है, ताकि जो मन बाहर बाहर भटककर दीन-हीन बन गया है, उसे परमात्मा का अमृत मिल सके। वह स्वस्थ हो सके। यह आठ दिन आत्मा में डूबने के हैं, जिसमें अंतिम दिन को संवत्सरी के रूप में मनाया जाता है।

इन आठों दिनों में जैन धर्मावलंबी अपनी क्षमतानुसार उत्साह से जप-तप करते हैं। दान,ध्यान, स्वाध्याय, सेवा, प्रवचन, गुरु दर्शन में समय बिताते हैं। अपनी गलतियों की आलोचना करके प्राणी मात्र से क्षमा याचना करते हैं। ये आठ दिन आत्मा में रमण के दिन हैं। यह महापर्व है। पर्वाधिराज है, क्योंकि ये आठ दिन हमें सदा बने रहने वाले आनंद की ओर ले जाते हैं। श्वेतांबर संप्रदाय में आठ दिन पर्युषण पर्व और दिगंबर संप्रदाय में दस दिनों को दशलक्षण पर्व के तौर पर मनाते हैं। लक्ष्य एक ही है हम स्वयं को निर्दोष बना सकें और अरिहंत बनकर मुक्त हो सकें।

# प्रकृति और संस्कृति का संगम - भूटान



रमेशचन्द्र भट्ट

तीर्थ यात्रा, पर्यटन और देशाटन, भारत में सदैव विद्यमान था। आदिशंकराचार्य ने चार धाम की स्थापना की थी। ऋषि, योगी महर्षि, संत, स्वामी, मुनि साधक, भक्त व साधारण जन भी यात्रा करते हैं। इससे सामाजिक, सांस्कृतिक परम्पराओं व विचारों का आदान प्रदान होता है, व्यक्ति नये अनुभव प्राप्त करता है और मानसिक तथा आध्यात्मिक रूप से समृद्ध होता है। पर्यटन में मेरी विशेष रूचि रही है। अमरनाथ और उत्तराखंड के पांच धाम की यात्रा कर चुका हूं। सेवानिवृत्ति के बाद पर्यटन में और गति आई जिसमें कैलाश मानसरोवर, हेमकुंड आदि, कैलाश पंच केदार, पंच प्रयाग पंच कैलाश की यात्राएं प्रमुख हैं। पिछले दो वर्षों में नेपाल, कामाख्या, मेघालय शिलांग और दार्जिलिंग भी जुड़ गये। नेपाल यात्रा के पश्चात हमारा अपने सबसे निकटतम देश भूटान के भ्रमण का कार्यक्रम बना जो विश्व स्तर पर 'खुशी के माप दंड' में एशिया में सर्वोपरि है, जिसे खुशी की भूमि भी कहते हैं। भाषा, संस्कृति व भौगोलिक विविधताएं होने से हमने एक यात्रा कंपनी को चुना, जिसके साथ जीवन संगिनी विजयलक्ष्मी के साथ यह यात्रा संपन्न की। नेपाल, असम और गुवाहटी, कामाख्या, मेघालय की यात्रा के लिए हमने उदयपुर से दिल्ली के लिए 1 जून 2025 को प्रस्थान किया। दिल्ली पहुंच कर हम संपूर्ण यात्रा दल में शामिल हुए। दिल्ली से सुखद, आरामदायक 20 घंटों की यात्रा पूरी कर




हरियाणा, उत्तरप्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड राज्यों से गुजरते हुए न्यू कूच बिहार पहुंचे। जहां टेंपो ट्रेवलर हमें अगले गंतव्य तक ले जाने के लिए तैयार और तत्पर थे। करीब दो घंटे का सफर तय कर हम, भारत के बॉर्डर नगर 'जयगढ़' पहुंचे। भूटान के आव्रजन काउंटर पर और औपचारिकताएं पूर्ण कर भूटान में प्रवेश किया। वहाँ बदला हुआ सामाजिक, आर्थिक परिवेश स्पष्ट दृष्टिगोचर हो रहा था। हमारी मोबाईल सिम व्यर्थ हो गई थी तथा हमें 'होटल भूटान होम' में पहुंचने पर ही वाईफाई सुविधा प्राप्त हो सकी, जिससे हम स्वजन, प्रियजन, संबंधियों, मित्रों से संपर्क में आ सके। भूटान में हर यात्री से प्रतिदिन यात्रा की अवधि स्तर के अनुसार 'टूरिस्ट टेक्स' अग्रिम लिया जाता है, जो हमारे लिये रुपये 1200/- प्रतिदिन प्रति व्यक्ति था। स्वरूचि, शाकाहारी रात्रिभोज की व्यवस्था थी। वहां के प्रचलित नियमों के अनुसार निजी रसोइया नहीं हो सकता था। अतएव वहीं का भोजन लेना पड़ा। हल्की वर्षा ने मौसम खुशनुमा कर दिया था। अंतरराष्ट्रीय समयानुसार हमारी घड़ियां आधा घंटा आगे कर दी गई थीं।

### द्वितीय दिवस

प्रात:काल, कमरे में ही 'टी मेकर' की चाय के साथ सामूहिक 'बुफे' में अल्पाहार कर 8 बजे यात्रा हेतु प्रस्थान करने के लिये तैयार थे। सभी प्रफुल्लित थे, मौसम सुहाना था। साफ-सुथरे फुटपाथ पर संक्षिप्त प्रात: कालीन भ्रमण भी कर लिया। 9 बजे चार गाड़ियों में घुमावदार हरीतिमा वाले मार्ग पर आरामदायक यात्रा करते हुए हम सभी ने दो

बजे हाईवे के एक रेस्टोरेंट में मध्याहन भोज (शाकाहारी) लिया। मौसम की बूंदाबांदी के बीच सायंकाल थिंपु के साफ सुथरे होटल 'ल्हायल' में डेरा डाल दिया। जहां हमें अगले दो दिन रहना था। कमरे से ही नयानाभिराम दृश्यावली दृष्टिगोचर हो रही थी। सब यात्रियों ने छोटे-छोटे ग्रुप बना लिये थे, उदयपुर से आपस में मिलने-जुलने वाले 4 परिवार थे इसलिये संपर्क, संवाद में कोई समस्या नहीं हुई।





## भूटान

यहाँ की सभ्यता करीब 2000 वर्ष ईसा पूर्व की है, पर यहां का सीमित पुरातात्विक अन्वेषण हुआ है। ऐसा माना जाता है कि मोनपा या स्वदेशी भूटानी तिब्बत से आये थे और 16वीं शताब्दी में अस्तित्व युद्ध हुआ था। सन् 1648 में बने किले के अवशेष देखे, किला अभी भी विद्यमान है, जब चीन के सिल्क रूट से वैध व अवैध व्यापार होता था। गुरू संभवनाथ जी ने दोनों भूटान का एकत्रीकरण सन् 1670 में किया जिसे GURU RINPOCHE भी कहते हैं। भूटानी, नेपाली और शाचेप भूटान के तीन प्राथमिक जातीय समूह हैं। भूटान एक संवैधानिक राजतंत्र है जिसका राजकीय धर्म 'वजयान बौद्ध' है। भूटान अपने शानदार रंगीन उत्सवों के लिये प्रसिद्ध है। यहाँ की 75 प्र.श. जनसंख्या तिब्बती बौद्धों की है। जिसे संविधान में देश की आध्यात्मिक विरासत के रूप में वर्णित किया गया है। 1973 तक से पूर्व इन्होंने अपने द्वार सभी के लिए बंद कर रखे थे पर 2007 के चुनावों के बाद सीमित आव्रजन को स्वीकार किया है। प्रकृति से प्रेम करने वाले 65प्र.श. जंगलों से घिरे 'हैप्पीनेस इंडेक्स' में सर्वोपरि हैं। ये अपनी संस्कृति भ्रातृत्व में विश्वासी हैं। धर्म, संस्कृति व राज्य के लिए समर्पित हैं। यहां का ध्वज केसरिया नारंगी है, जिस पर ड्रेगन अंकित है। राष्ट्रीय पक्षी कौवा, पुष्प 'हिमालयी नीला पोस्ता, राष्ट्रीय पशु टेकिन व करंसी बीटीएन न्यू है जो भारत की मुद्रा के समतुल्य है। सिर्फ 8 लाख आबादी के देश में चार बड़े नगर, राजधानी थिंपु, ऐतिहासिक पुनांरवा जो आध्यात्मिक भी है। अंतर्राष्ट्रीय वायुपत्तन का शहर 'पारो' और बॉर्डर शहर फुंटशोलिंग है। बौद्ध मठ, नॅनरी, बुद्ध का विशालतम गोल्डन स्टेच्यू, दो नदियों का संगम पुनाखा में है। मोनास्ट्री, टाइगर नेस्ट है, एक बुद्धिस्ट मोंक सन् 1637 में निर्मित 160 मीटर लंबी, 'पोचू और मोचू' नदियों के संगम पर बना पुल दर्शनीय है। जिसमें बाद में कई बार पुनर्निर्माण किया गया। तकनीकी विशेषज्ञता की एक मिसाल है यह झूलता हुआ पुल। पूर्ण रूप से ऑर्गेनिक सब्जियां उगाने वाले देश में कोई ट्रेफिक सिग्नल नहीं है, शिक्षा, चिकित्सा निःशुल्क है, पैदल चलने के लिये फुटपाथ है। हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावंर जेनरेट करते हैं, झरने, वृक्षों और पर्वतों से घिरे देश में कोई उत्पादन नहीं होता, सब कुछ भारत, कोरिया, चीन से आयात किया जाता है। जन साधारण का जीवन खुशियों से भरपूर है। मुस्कान, खुशी और सहायता यहां का मंत्र है। आव्रजन के नियम बहुत सख्त हैं तथा आने वालों से 200 डॉलर प्रतिदिन का शुल्क लिया जाता है। यह देश पूर्ण रूप से 'कार्बनडाई ऑक्साईड' मुक्त क्षेत्र है क्योंकि निकलने वाली कार्बनडाई ऑक्साईड पेड़ अवशोषित कर ऑक्सीजन निर्माण कर देते हैं। पेट्रोल भारत से ही आयात किया जाता है। इनकी कोई सेना भी नहीं है। भारत की सेना आवश्यकता पर सहायता के लिए तैयार रहती है। यहां के पारो वायुपत्तन पर वायुयान उतर सकते हैं। प्लास्टिक पर प्रतिबंध है।

कुल मिलाकर यात्रा आनंददायक व अविस्मरणीय रही।

प्रत्यूष

*समाज में समरसता और भातृत्व भाव की पोषक पत्रिका*

प्रत्यूष *(बहुरंगी हिन्दी मासिक)*

*के आज ही सदस्य बनें। मात्र 600 रुपए वार्षिक।*

*पता: 2, रक्षाबंधन, मेहतों का पाड़ा, धानमण्डी, उदयपुर (राज.) 313 001*

# बाबा रामदेव: साम्प्रदायिक सद्भाव के प्रतीक



**शीतल वैष्णव**

**जैसलमेर** से करीब सवा सौ किलोमीटर तथा पोकरण से तेरह किलोमीटर की दूरी पर थार रेगिस्तान के मध्य स्थित रूणेचा रामदेव की कर्मभूमि रही है।

साम्प्रदायिक सद्भाव तथा दलितोत्थान रामदेव के जीवन का मूल ध्येय रहा। उन्होंने समाज में ऊंच-नीच के फैले ताने-बाने को समाप्त करने तथा साम्प्रदायिक एकता की मिठास घोलने के लिए अपना जीवन समर्पित किया। प्रतिवर्ष भाद्रपद शुक्ल द्वितीया से एकादशी तक रामदेवरा में विशाल मेला भरता है। मेले में राजस्थान के अलावा अनेक पड़ोसी राज्यों से विभिन्न वर्गों एवं धर्मों से जुड़े लाखों श्रद्धालु बाबा की समाधि पर पहुंचकर श्रद्धा भाव से पूजा करते हैं।

मेले में पिछड़े, दलित एवं कमजोर तबके के लोगों की संख्या ज्यादा रहती है। मेला प्रारम्भ होते ही समूह के रूप में लोग पदयात्रा करते हुए भाद्रपद शुक्ला द्वितीया तक रामदेवरा पहुंचते हैं। उनके भक्त बाबा रामदेव को श्रीद्वारिकाधीश भगवान श्रीकृष्ण का ही अवतार मानते हैं।

तंवर वंशीय क्षत्रिय कुल से जुड़े बाबा रामदेव दिल्ली के सम्राट अनंगपाल तंवर के वंशज थे। उनका जन्म भादवा शुक्ल द्वितीया संवत 1409 को बाड़मेर जिले के उण्डू गांव में ठाकुर अजमलजी के घर हुआ था। इनकी माता मेणादे थीं। इनके बड़े भाई वीरमदेव थे जिनके वंशज आज भी रामदेवरा के पास विरमदेवरा में निवास करते हैं। बाबा रामदेव



के आदर्श एवं चमत्कारिक जीवन से जुड़ी अनेक घटनाओं को लेकर श्रद्धालु उनका लोकदेवता के रूप में पुण्य स्मरण करते हैं। उन्होंने तत्कालीन भैरव राक्षस के आतंक से समाज को छुटकारा दिलाया। मक्का मदीना से उनकी परीक्षा लेने आए पांच पीरों को बाबा ने अपनी आध्यात्मिक शक्ति से प्रभावित कर हिंदू-मुस्लिम समाज में समान रूप से श्रद्धा का स्थान प्राप्त किया। यहां पीरों द्वारा रोपित पांच पीपलियों में से एक लगभग छह सौ वर्ष पश्चात भी आज तक विद्यमान होकर साम्प्रदायिक सौहार्द्र एवं एकता का संदेश देती है। रामदेवरा में रामदेवजी की समाधि के चारों ओर एक विशाल मंदिर है जिसे बीकानेर के महाराजा गंगासिंह ने सन् 1931 में बनवाया था। कहा जाता है कि इन पीरों ने बाबा रामदेव की सिद्धियों से प्रभावित होकर उन्हें ''पीरों के पीर'' की पदवी से विभूषित किया था जिससे वे जन-जन में राम सा पीर के रूप में आस्था के केन्द्र बन गए।

बाबा ने अपनी कर्म स्थली रामदेवरा में पेयजल के लिए राम सरोवर तालाब बनवाया। मध्यकालीन रूढ़िवादी विचारों को त्यागकर अछूतों के उद्धार की समाज में अलख जगाई। क्षत्रिय होने के बावजूद उन्होंने उपेक्षित एवं पीड़ित दलित समाज को गले लगाकर उन्हें प्रतिष्ठापूर्ण स्थान दिलाने का एक सार्थक कार्य किया।

दलित महिला डाली बाई बाबा की अनन्य भक्त थीं। उनके महलों के सभी वर्गों के लिए द्वार खुले थे। जबकि रामदेव बाबा की चचेरी बहन सुगणा के ससुराल वाले पूंगलगढ़ के भाटी, बाबा की अछूतों के प्रति स्नेह भावना को लेकर उनके घोर विरोधी थे। इसके चलते बाबा को अनेक सामाजिक प्रतिबंध एवं उपलम्भ भी सहने पड़े किन्तु उन्होंने अंत तक अछूतों को अपनत्व की भावना से जोड़े रखा। बाबा रामदेव ने अपने जीवन में अनेक चमत्कार दिखाए। उन्होंने 33 वर्ष की आयु में भादवा शुक्ल एकादशी संवत 1442 को राम सरोवर की पाल पर जीवित समाधि ले ली। इनकी अनन्य भक्त डाली बाई

ने तो बाबा की समाधि से एक दिन पूर्व यहीं समाधि ली थी।

बाबा ने समाधि लेने से पूर्व अपने माता-पिता भाई-बंधु सहित समाज को आध्यात्मिक उपदेश दिया कि सभी प्रेम सद्भाव को बनाए रखें तथा इसे और आगे बढ़ाएं। उनके द्वारा रचित चौबीस वाणियों में जिन्हें चौबीसा प्रमाण कहा जाता है निर्गुण ब्रह्म की महत्ता को प्रतिपादित किया गया है। उनके काव्य में भी मध्यकालीन संतों की भांति गुरु महिमा, आगम-निगम, योग-भक्ति ज्ञान, माया आदि विषयों का लोकवाणी में रोचक ढंग से निरूपण है।

बाबा की समाधि देवरे के रूप में विख्यात है। कालान्तर में इसे भव्य आकर्षक मंदिर का स्वरूप दिया गया। जो रंग-बिरंगी ध्वजाओं के कारण श्रद्धालुओं का ध्यान बरबस ही अपनी ओर आकर्षित कर लेता है। मंदिर में बाबा की समाधि बनी हुई है तथा इसके दोनों ओर मस्तक बने हुए हैं। सामान्य दिनों में एक मस्तक पर चांदी का मुकुट प्रतिष्ठापित किया जाता है। लेकिन मेला अवधि में दोनों ही मस्तकों पर स्वर्ण मुकुट प्रतिष्ठापित कर पूजा-अर्चना होती है। यहां बाबा के पिता अजमलजी तथा माता मेणादे, पत्नी राणी नेतलदे तथा अन्य परिजनों की भी समाधियां हैं। जिनकी प्रतिदिन पूजा होती है। मंदिर में रामदेव बाबा के प्रिय धातु एवं कपड़े के कलात्मक घोड़े भी शोभायमान हैं। मंदिर में प्रात: मंगला एवं सायं आरती के दौरान नगाड़ा, झालर एवं टंकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो जाता है। वहीं भक्तजन मेले में बाबा की जय का उद्घोष करते रहते हैं यहां सुहागिन महिलाएं राम सरोवर में स्नान करके बाबा के भजन गाती हुई प्रसाद की थाली हाथों में लिए लम्बी कतार में समाधि के दर्शन करती हैं। वहीं मुस्लिम समुदाय के भक्तजन भी राम सा पीर की समाधि पर अपनी इबादत के लिए पहुंचते हैं। यहां बोलमा का खूब चढ़ावा होता है। यहां से श्रद्धालु भक्तजन साम्प्रदायिक एकता और सामाजिक समरसता का संदेश लेकर जाते हैं। आज सैकड़ों वर्ष बाद भी उनका यह संदेश प्रकाश की तरह वर्तमान समाज को आलोकित कर रहा है और युगों-युगों तक करता रहेगा।

## फिर से निकल आए चूहों के कान



**बीजिंग।** वैज्ञानिकों ने चूहों के कटे हुए कानों को फिर से उगाने में सफलता हासिल की है। साइंस पत्रिका में प्रकाशित शोध के मुताबिक, चीनी वैज्ञानिकों को मिली यह सफलता इंसानों में भी अंगों के फिर से उग आने की उम्मीद को बढ़ाती है। शोधकर्ताओं ने पाया कि अंग फिर से नहीं उग पाने का कारण रेटिनोइक एसिड होता है। यह रसायन घाव भरने में अहम होता है।



# गणेश देते हैं खुश रहने का मंत्र



**गणपति स्थापना का दस दिवसीय आनंदोत्सव 27 अगस्त से प्रारंभ हो रहा है। जिस दिन महर्षि वेदव्यास और गणेश जी ने 'महाभारत' की रचना का कार्य आरंभ किया उस दिन भी चतुर्थी थी। जिस दिन गणेशजी का प्राकट्य हुआ उस दिन भी चतुर्थी थी। आस्था के आकार और धर्म के धरातल पर भारतीय संस्कृति में गणेश जी को प्रथम पूज्य माना गया है।**

पंकज कुमार शर्मा

**प्रथम** आराध्य भगवान गणेश गुणों के भंडार हैं। हर शुभ कार्य को करने के लिए सबसे पहले लम्बोदर को पूजा जाता है। यह अन्य देवताओं से बिल्कुल अलग हैं। उनका हर गुण हमें जीवन में सफलता का एक मंत्र देता है, अगर हम उनके गुणों को अपने जीवन में उतारने की कोशिश करें तो जल्द ही सफलता मिलेगी। यहां उनके कुछ गुणों की चर्चा की जा रही है जो जीवन की बेहतरी के लिए भी संदेश हैं।

## कल्याण ही लक्ष्य है

श्रीगणेश का स्वास्तिक चिह्न मनुष्य को उसके कल्याण का मार्ग बताता है। जीवन में आनंद धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष के बराबर स्थान से आएगा। अगर किसी एक-दो को ही पकड़ोगे तो जीवन का आनंद मिट जाएगा। क्योंकि आज काफी लोग मान बैठे हैं कि धन की अधिकता उनके जीवन का पूरा उद्धार कर देगी।

## हर परिस्थिति में खुश रहना

गणपति से हमें सबसे बड़ी सीख मिलती है कि जीवन में हमेशा खुश रहें। चाहे कैसी भी परिस्थिति क्यों न हो, प्रसन्नता की कोशिश की जानी चाहिए। गणपति बप्पा को हमेशा खुश रहने वाले देवता के तौर पर माना जाता है। खुश रहने से बड़ा से बड़ा मुश्किल वक्त भी आसानी से निकल जाता है। यह सब धैर्य से संभव हो सकता है।



## बड़े-छोटे में भेद न करना

भगवान गणेश के जीवन को गौर से देखें तो वे कभी बड़े-छोटे में भेद नहीं करते। जितना उन्हें नंदी से प्यार है, उतना ही प्रेम वे मूषकराज से भी करते हैं। उनका यह गुण संदेश देता है कि हमारी जिंदगी में आने वाले हर व्यक्ति का बराबर सम्मान करना चाहिए। उनके बीच किसी भी तरह का बड़ा या छोटा होने का भेद नहीं करना चाहिए।

## वेदों में भी गणेश प्रथम

*सबसे पुराने वेद, ऋग्वेद में भगवान गणेश का वर्णन मिलता है। अथर्ववेद के भाग अथर्वशीर्ष उपनिषद् में उन्हें परम ब्रह्म बताया गया है। वेद उनका परिचय गणों (देवताओं) में श्रेष्ठ के रूप में करवाते हैं। भारतीय शास्त्र में सर्वप्रथम गणपति ज्ञान-विवेक और जनकल्याण की अवधारणा के रूप में मिलते हैं। भारतीय शब्दावली में गणपति गणों के समूह को कहते हैं, यानी स्वस्थ बुद्धि, स्वस्थ व्यवहार वाले व्यक्तियों का समूह। जैसा कि शुक्ल यजुर्वेद के 23वें अध्याय में मंत्र है-*

***गणनां त्वा गणपति हवामहे प्रियाणां त्वा प्रियपति हवामहे निधीनां त्वा निधपति***

अक्रोध से क्रोध को जीतें, दुष्ट को भलाई से जीतें, कृपण को दान से जीतें, झूठ बोलने वाले को सत्य से जीतो।
-धम्मपद

1923 - 2025

Admission Open 2025-26

# BHUPAL NOBLES' SANSTHAN, UDAIPUR

Vidya Pracharini Sabha, Udaipur, Rajasthan (Estd. 1923)
www.bnsansthan.org



**Pioneer Institute of Academic Excellence since last 104 years providing Quality Education and Career Base to students to become Noble Citizens of the Society.**
Equipped with the latest and Hi-tech state-of-the-Art educational facilities. Post Matric Fellowship of State Govt. and other scholarships available.

# Bhupal Nobles' University

0294- 2414497, 2414498 Email – registrar@bnuniversity.ac.in www.bnuniversity.ac.in

## Faculty of Social Sciences & Humanities (Arts) (Contact - 9694699999)

B.A. • All subjects **B. Lib.** • **M. Lib.** • **M.S.W.** • **M.J.M.C.**

M.A. • Political Science, History, Sociology, English Lit., Hindi Lit. Geography Economics, Public Administration, Psychology, Drawing & Painting, Home Science, Sanskrit

Ph.D. • Political Science, History, Sociology, English Lit., Geography Economics, Public Administration, Psychology, Visual Art, Home Science , Hindi Lit.

## Faculty of Commerce (Contact - 9413318919)

**B.Com, M.Com** • ABST, Bus. Adm., Banking & Business Economics
**Ph.D.** • ABST, Bus. Adm., Banking & Bus. Economics
**Hotel Mgt.** • BHM • B.Voc in Tourism and Hospitality M.T.T.M.

## Faculty of Management - (9928889110)

• **B.B.A.** • **M.B.A** • **Ph. D.**

## Faculty of Science (Contact - 9928996640)

**B.Sc.** • Botany, Mathematics, Computer Science, Biotech
**B.Sc. Bio-Technology (Honours) B.C.A.** • **PGDCA**
**M.Sc.** • Physics, Mathematics, Chemistry, Bio-technology, Botany, Zoology Computer Science, Microbiology, Statistics, Geology.
**Ph.D.** • Physics, Mathematics, Chemistry, Bio-technology, Botany, Zoology, Computer Science.

## Faculty of Pharmacy (Contact – 9660789256)

• **B.Pharma** • **D. Pharma**
• **Pharm D** • **Pharm D – (PB)**
**M.Pharma** • Pharmaceutics, Pharmacology, Pharm Chemistry Quality Assurance
**Ph.D.** • Pharmaceutics, Pharmacology, Pharm Chemistry, Pharmacognosy

## Bhupal Nobles' College of Pharmacy

Ph.- 0294-2413182, 9660789256

## Bhupal Nobles' Institute of Pharmaceutical Sciences

Ph. 0294-2410406, 9413174956

## Faculty of Agriculture (Contact - 9414736598)

• **B.Sc. (Honours)** • Agriculture
• **M.Sc. HDFS** • **Ph.D.**

## Faculty of Education (Contact - 9414785706)

• BA. B.Ed., B.Sc. B.Ed., B.Ed. • M.A. Education • Ph. D.

## Faculty of Physical Education (9314495356)

• **B.P.Ed., M.P.Ed., Diploma (Yoga)** • **M.A. (Yoga)** • **Ph. D.**

## Faculty of Law (Contact -9461530320)

• **LLB** • **LLM** • **B.A. LLB** (Integrated) • **Ph. D.**

## Pratap Shodh Pratishthan (9828338900)

Historical & Cultural Research Centre.

## Bhupal Nobles' Sr. Sec. School (RBSE) (Contact - 9950835948)

**Email :** bnsss1923@gmail.com Ph. 0294-2423952

## Bhupal Nobles' Public School (CBSE) English Medium

**Email :** bnpublicudaipur@rediffmail.com
Ph. 0294-2426018, 7014355344, **Nursery to XII Classes.**
**Stream:** Science ; Maths, Biology, Agriculture, Commerce and Humanities (Arts) All Subjects.

## Bhupal Nobles' Girls' P.G. College, Rajsamand

**(Affiliated to M.L.Sukhadia University, Udaipur)**
**Email: bngc.kankroli@gmail.com** Ph. 02952-230707, 9414158352, 9828579061
B.A., B.Com, BBA, B.Sc., BCA, M.A., M.Sc. (Chemistry), M.Com.(Bus. Adm.) M.A. (Sociology, Geography, Sanskrit, Hindi Lit.)

## Bhupal Nobles' Girls' College, Salumber

**(Affiliated to M.L.Sukhadia University, Udaipur)**
Email: bngirlssalumber@gmail.com Ph. 02906- 232411, 9829751253
B.A., B.Com.

## Other Facilities

• Maharana Raj Singh Swimming Pool • Maharana Mahendra Singh Gymnasium • Bhupal Nobles' Sports Shooting Range • Bhupal Nobles' Cricket Academy • Bhupal Nobles' Basket Ball Academy

**For any Admission releated query Contact- 9376769113**

**Hostel Facility Available for Girls & Boys Separately**
**Contact : 0294-2417181, 9376769108**



# अंतरिक्ष में भारत ने रच दिया इतिहास

## अगला कदम गगनयान, भारत की प्रयोग शाला 2035 तक



**याद करें 3 अप्रैल 1984 का दिन, जब राकेश शर्मा सोयुज टी-11 यान की उड़ान से अंतरिक्ष में पहुंचे थे, तब तत्कालीन प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी के इस सवाल का कि 'अन्तरिक्ष से भारत कैसा दिखता है?' उन्होंने जवाब दिया था- 'सारे जहां से अच्छा।' इसके ठीक 41 वर्ष बाद कुछ महत्वपूर्ण प्रयोगों को अंजाम देने के लिए दूसरे भारतीय के रूप में शुभांशु शुक्ला ने 2 जून 2025 को अन्तरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर कदम रखा। उन्होंने कहा- 'मेरे कंधों पर तिरंगा मुझे बताता है कि मैं आप सभी के साथ हूं। आप सभी इस सफ़र का हिस्सा हैं। आइये, हम मिलकर भारत के मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम की शुरूआत करें।'**

*रेणु शर्मा*

**भारत** के साहस, सपनों और बढ़ती अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं की कहानी का सुखद, यादगार और ऐतिहासिक अध्याय 15 जुलाई को पूरा हुआ। शुभांशु शुक्ला तथा एक्सिओम-4 मिशन के तीन अन्य यात्री अंतराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर 18 दिनों की यात्रा पूरी कर पृथ्वी पर सकुशल लौट आए। अंतरिक्ष यात्रियों का ड्रैगन 'ग्रैस' अंतरिक्ष यान दक्षिणी कैलिफोर्निया के सैन डिएगो तट पर समुद्र में दोपहर 3.01 बजे उतरा। शुक्ला अपने साथ वैज्ञानिक आंकड़े और बीज के नमूने लेकर आए हैं, जो आगे भारत के अंतरिक्ष मिशन की उपलब्धि को आगे बढ़ाएंगे। शुभांशु के अलावा कमांडर पैगी व्हिटसन और मिशन विशेषज्ञ पोलैंड के स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की और हंगरी के टिबोर कापू को लेकर अंतरिक्ष यान 14 जुलाई शाम 4:45 बजे अंतरिक्ष स्टेशन से अलग हुआ था। 22.5 घंटे की यात्रा पूरी कर सभी यात्री पृथ्वी पर लौटे।

**मुस्कुराते हुए अभिवादनः** शुभांशु और एक्सिओम-4 मिशन के तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री ड्रैगन ग्रेस अंतरिक्ष यान से कैमरों की ओर हाथ हिलाते और मुस्कुराते हुए बाहर निकले। शुभांशु ऐसे पहले भारतीय बन गए हैं, जिन्होंने पृथ्वी की कक्षा में सबसे लंबे समय तक रहकर अंतरिक्ष की यात्रा की। भारत, हंगरी और पोलैंड के लिए इस मिशन ने मानव अंतरिक्ष उड़ान की वापसी को साकार किया है, क्योंकि इन देशों के यात्रियों ने 40 वर्षों से अधिक समय बाद पहली बार अंतरिक्ष यात्रा की है। अंतरिक्ष में मानव को भेजना इसलिए महत्वपूर्ण है कि उन्नत अंतरिक्ष यानों, ताकतवर कैमरों, रोबोटिक यंत्रों आदि के विकास के बावजूद अंतरिक्ष के विस्तार को पूरी तरह खंगाल पाना संभव नहीं है। इसलिए अंतराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित किया गया, ताकि वहां रह कर अंतरिक्ष यात्री विभिन्न क्षेत्रों का अध्ययन कर सकें। मगर उस स्टेशन तक मानव को भेजना और वापस लाना अब भी बड़ी चुनौती है। सुनीता विलियम्स के वहां लंबे समय तक फंस जाने की घटना से इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। जिन यात्रियों को वहां भेजा जाता है, उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से विशेष प्रशिक्षण की जरूरत होती है, क्योंकि अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहने के लिए जिस तरह शरीर को ढालने की जरूरत होती है, वह कम ही लोग कर पाते हैं। फिर, उस स्टेशन तक यात्रियों को भेजने के लिए भरोसेमंद यान अभी तक अमेरिका ही विकसित कर पाया है। शुभांशु के अंतराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने से भारत को अपने अंतरिक्ष यात्री तैयार करने का रास्ता खुलेगा और गगनयान मिशन के लिए काम करने में काफी मदद मिलेगी।

### अगले साल भारतवंशी अनिल मेनन जाएंगे, आठ माह रहेंगे

**भारतीय** मूल के अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री अनिल मेनन अंतराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए अपने पहले मिशन पर जाएंगे। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने एक्सपीडिशन 75 मिशन के तहत फ्लाइट इंजीनियर के रूप में उन्हें नियुक्त किया है। नासा के अनुसार, अनिल मेनन जून 2026 में रूस की रोस्कोस्मोस एजेंसी के सोयुज एमएस-29 अंतरिक्ष यान से भेजे जाएंगे। इस मिशन में उनके साथ रूसी अंतरिक्ष यात्री प्योत्र डबरोव और अन्ना किकिना भी शामिल होंगी। यह टीम कजाकिस्तान के बैकोनूर कॉस्मोड्रोम से रवाना होगी। आईएसएस में यह टीम करीब आठ महीने बिताएगी। नासा के आर्टेमिस अंतरिक्ष यात्री कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षित अनिल मेनन अंतरिक्ष में वैज्ञानिक तकनीकी प्रयोगों पर काम करेंगे। ये प्रयोग भविष्य के मानव मिशनों की तैयारी के लिए अहम माने जा रहे हैं।





### मील का पत्थर

ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष में भारत के लिए मील का पत्थर स्थापित किया है। पूरा देश एक भारतीय की अंतरिक्ष यात्रा को लेकर उत्साहित है।

*–द्रोपदी मुर्मू, राष्ट्रपति*



### करोड़ों भारतीयों की प्रेरणा

मैं पूरे देश के साथ शुभांशु शुक्ला का स्वागत करता हूं, जो अपने ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन से पृथ्वी पर लौट आए हैं। आइएसएस का दौरा करने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री के रूप में उन्होंने अपने समर्पण, साहस व अग्रणी भावना से करोड़ों सपनों को प्रेरित किया है।

*–नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री*



### 17 अगस्त तक दिल्ली लौटेंगे

- अंतरिक्ष मामलों के मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि धरती पर लौटने के बाद की प्रक्रियाओं को पूरा करने बाद शुभांशु 17 अगस्त तक नई दिल्ली आ सकते हैं।
- शुभांशु ने कुल 310 से ज्यादा बार पृथ्वी की परिक्रमा की और लगभग 1.3 करोड़ किलोमीटर की दूरी तय की। यह दूरी पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी से 33 गुना अधिक है।
- चालक दल ने आइएसएस से 300 से ज्यादा सूर्योदय और सूर्यास्त देखे जो पृथ्वी की तेज परिक्रमा की वजह से संभव हुआ।
- शुभांशु शुक्ला ने अपने मिशन के दौरान सभी सात सूक्ष्म-गुरुत्व प्रयोग और अन्य नियोजित वैज्ञानिक गतिविधियां सफलतापूर्वक पूरी कर ली हैं। इसरो ने इसे मिशन की एक बड़ी उपलब्धि बताया है।





### बेटे ने पूरा किया बड़ा मिशन

शुभांशु के स्कूल सीएमएस में बेटे की लाइव लैंडिंग का प्रसारण देख रही माता और पिता बेटे को कैप्सूल से बाहर निकलता देखने के लिए टकटकी लगाए हुए थे। यह क्षण परिवार के लिए भावुक और गर्व से भर देने वाला था। पिता शंभू दयाल शुक्ला तिरंगा लहराकर बेटे का हौसला बढ़ा रहे थे लेकिन हाथ जोड़े खड़ी मां आशा शुक्ला की आंखों से आंसू बंद होने का नाम नहीं ले रहे थे। उन्होंने कहा कि मेरा बेटा बड़ा मिशन पूरा करके लौटा है।

### अंतरिक्ष में सात शोध

**सेहत के असर पर अध्ययन**

- माइक्रोएल्गी प्रयोग पर काम किया, जो भविष्य में अंतरिक्ष अभियानों के लिए ऑक्सीजन, बायोफ्यूल का स्रोत बन सकते हैं।
- वॉयेजर डिस्प्ले का अध्ययन किया, जो उड़ान के दौरान आंखों की गति और समन्वय पर असर को समझने के लिए था।
- दिमाग में रक्त प्रवाह पर फोकस किया गया, जिससे माइक्रोग्रैविटी और उच्च स्तर की कार्बन डाइऑक्साइड के प्रभाव का पता चल सके।
- टीम ने एक्वायर्ड इक्विवेलेंस टेस्ट नामक एक मानसिक प्रयोग में मी भाग लिया जो अंतरिक्ष में रहने की क्षमता को मापता है।

**अंकुरित बीजों पर प्रयोग**

**टार्डीग्रेड्स – सूक्ष्मजीवों के अंतरिक्ष में जीवन, पुनर्जीवन, प्रजनन और जीन परिवर्तनों का अध्ययन**

**मायोजेनेसिस** – मानव मांसपेशी कोशिकाओं पर अंतरिक्ष के प्रभाव की जांच

**मेथी**– मूंग के बीजों को अंकुरित अंतरिक्ष में पोषण और खाद्य सुरक्षा की दिशा में उपयोगी।

**फसल बीज** – अंतरिक्ष में बीजों की वृद्धि और प्रतिक्रिया का अध्ययन।

**स्यानोबैक्टीरिया** – दो वैरिएंट्स की वृद्धि का अध्ययन, जो भविष्य में लूप लाइफ सपोर्ट सिस्टम का हिस्सा हो सकते।

### वर्ष 2027 तक प्रक्षेपण संभव

**एक्सि** ओम–मिशन की सफलता के बाद भारत का अगला कदम गगनयान मिशन होगा, जो देश की पहली मानव अंतरिक्ष उड़ान हैं। शुभांशु शुक्ला की इस यात्रा से भारत को अभियान में मदद मिलेगी। भारत के गगनयान अभियान के जहां वर्ष 2027 में प्रक्षेपित होने की उम्मीद है, वहीं भारत के अंतरिक्ष स्टेशन का पहला मॉड्यूल वर्ष 2028 में प्रक्षेपित हो सकता है। इसके अलावा एक पूर्व विकसित कक्षीय प्रयोगशाला वर्ष 2035 तक आकार ले लेगी। ये योजनाएं भारत को अंतरिक्ष अनुसंधान और अन्वेषण में एक प्रमुख खिलाड़ी बननने में मदद करेंगी।





प्रत्यूष

# वंडर सीमेंट माइंस को फाइव स्टार रेटिंग अवार्ड



अवार्ड जी किशन रेड्डी, केन्द्रीय कोयला और खान मंत्री

**निम्बाहेड़ा।** भारतीय खान ब्यूरो, खान मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्टार रेटिंग प्रणाली के तहत वंडर सीमेंट लि के अनुकरणीय कार्यों हेतु वंडर सीमेंट लिमिटेड की भट्टकोटड़ी माइंस को फाइव स्टार रेटिंग अवार्ड प्रदान किया है। इस को लेकर राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जयपुर में आयोजित सम्मान समारोह का उद्घाटन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान वंडर सीमेंट लिमिटेड को उक्त फाइव स्टार रेटिंग भारत सरकार और पीयूष नारायण शर्मा, महानियंत्रक आई बीएम द्वारा कंपनी के परमानंद पाटीदार (पूर्णकालिक निदेशक), ओमप्रकाश राजपुरोहित, एवीपी माइंस एवं राजू जैन, जीएम माइंस को प्रदान किया गया। इस अवसर पर नितिन जैन, यूनिट हेड वंडर सीमेंट लि. द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए सभी माइंस कर्मचारियों, अधिकारियों सहित सभी संबंधित विभागों के निरंतर प्रयासों की सराहना की।

## डॉ. पाईवाल को ग्लोबल लाइफ लाइन पुरस्कार



**उदयपुर।** वरिष्ठ फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. गौरव पाईवाल को ग्लोबल लाइफ लाइन इन फिजियोथैरेपी फील्ड अवार्ड 2025 दिया गया। यह पुरस्कार उन्हें भोपाल में आयोजित ग्लोबल लाइफ लाइन अवाड्र्स में रीढ़ की हड्डी के लिए किए गए काम के लिए दिया गया। डॉ. पाईवाल वर्ष 2007 से उदयपुर और संभाग में इस पर काम कर रहे हैं। डॉ पाईवाल उदयपुर फिजियोथैरेपिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष भी हैं।

## दातार मैचिंग सम्राट ब्रांच का उद्घाटन



**उदयपुर।** शोभागपुरा 100 फीट रोड पर दातार मैचिंग सम्राट द्वितीय का भव्य उद्घाटन विधायक ताराचंद जैन ने किया। समारोह में व्यापार और राजनीतिक जगत की कई दिग्गज हस्तियां मौजूद रहीं। श्री सुरेश चंद कोडिया ने बताया कि उनके परिश्रम से दातार मेचिंग सम्राट की मुख्य ब्रांच शहर के मध्य सिंधी बाजार में स्थित है जो अपनी विश्वसनीयता और गुणवत्ता के कारण बरसों से आज भी ग्राहकों की पहली पसंद है।

## केसीसीआई के अध्यक्ष पद पर जीते गिरीश



**उदयपुर।** कलड़वास चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के वर्ष 2025-27 के लिए चुनाव संपन्न हुए। वर्तमान अध्यक्ष हेमंत जैन ने बताया कि चुनाव में अध्यक्ष पद पर गिरीश शर्मा विजयी रहे। उपाध्यक्ष पद पर मनीष गन्ना, महासचिव पद पर प्रभुलाल डांगी, सहसचिव पद पर नितिन मोटवानी, कोषाध्यक्ष पद पर पंकज जैन ने जीत हासिल की। कार्यकारिणी सदस्य के पद पर कुल 21 उम्मीदवार मैदान में थे, जिनमें से मनीष कालिका, अमित जैन, वर्धमान दोशी, राजेन्द्र जैन, पंकज चित्तौड़ा, प्रिंस बजाज, मुकेश माधवानी, राकेश नाहर, घनश्याम शर्मा, लक्ष्मीलाल डांगी, तरुण डागलिया और कुलदीप चौहान ने जीत हासिल की।




*Happy Independence Day*

M. B.


***Manish Jain***
***Director***

# MANISH BOOK DEPOT

Wholesaler, Distributor & Publishers

**Dealers In:**

- Medical
- Nursing
- Paramedical (DMLT, DRT, DOTT, DECG)
- Pharmacy
- Agruculture
- Computer
- Colleges and All Technical & Educational Books




***F-3, 1st Floor, S.G.M. House, Nataniyo ka Rasta,***
***Chaura Rasta, Jaipur - 302003***
***Mob.: 9785025585, 9079160319***
***email: amitpubjpr@rediffmail.com***

# वनडे पिच पर जल्द ही दिखेंगे रोहित-विराट के चौके-छक्के




*अभिजय शर्मा*

भारत के स्टार क्रिकेटर विराट कोहली और रोहित शर्मा के एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में खेलने पर छाई धुंध हट गई है। ये दोनों दिग्गज बल्लेबाज और पूर्व कप्तान भारत की तरफ से जल्दी ही अंतरराष्ट्रीय एक दिवसीय मैचों में पिच पर दिखाई देंगे। इन दोनों का लक्ष्य भी 2027 का एक दिवसीय विश्व कप खेलने और भारत को फिर चैंपियन बनाने का है। बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा है कि एक दिवसीय विश्व कप के पहले भी एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में टेस्ट और टी-20 से सन्यास ले चुके ये दोनों दिग्गज उपलब्ध रहेंगे। उल्लेखनीय है कि इन दोनों ही खिलाड़ियों ने 29 जून 2024 को टी-20 इंटरनेशनल फॉर्मेट से सन्यास लेने की घोषणा की थी और उसके कुछ माह बाद ही इन्होंने टेस्ट फार्मेट से भी अपने को अलग कर लिया था। टी-20 फार्मेट से उन्होंने वर्ल्ड कप 2024 जीतने के बाद सन्यास लेने का फैसला किया। राजीव शुक्ला के बयान के बाद यह साफ हो गया है कि विराट और रोहित 2027 में द. अफ्रीका और जिम्बावे में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप में पिच पर गेंद को उड़ाते दिखाई देंगे। भारतीय टीम अभी इंग्लैंड के दौरे पर है जहां दोनों देशों के बीच 5 टेस्ट मैच की सीरीज चल रही है। पांच मैचों की श्रृंखला में हांलाकि भारत ने शुभमन की कप्तानी में बेहतर करने का प्रयास किया, बावजूद इसके रोहित और विराट के अनुभव से दूर रही टीम यदि ये दोनों होते तो और कुछ ज्यादा अच्छा कर सकती थी। 31 जुलाई से शुरू हुआ आखिरी और पांचवा टेस्ट मैच 4 अगस्त तक चलेगा। इंग्लैंड दौरे के बाद भारतीय टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज की मेजबानी करेगी। अगर टीम के अगले वनडे सीरीज की बात करें तो वेस्टइंडीज के साथ टेस्ट सीरीज खत्म होने के बाद भारतीय टीम 3 वनडे मैच की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। उम्मीद है कि उसमें विराट कोहली और रोहित शर्मा पिच पर नजर आएंगे।

## रोहित शर्माः क्रिकेट करियर

**ODI डेब्यूः** 23 जून 2007 बनाम आयरलैंड
**टेस्ट डेब्यूः** 6 नवंबर 2013 बनाम वेस्ट इंडीज
**T20 डेब्यूः** 19 सितंबर 2007 बनाम इंग्लैंड
आईपीएल टीमः मुंबई इंडियंस (MI) – कप्तान के रूप में 5 बार चैंपियन

### उपलब्धियाँ

- वनडे क्रिकेट में 264 रन (एक पारी में सबसे ज्यादा रन)।
- 3 दोहरे शतक लगाने वाले दुनिया के एकमात्र बल्लेबाज़।
- T20 में शतक – विश्व रिकॉर्ड।
- 2023 क्रिकेट वर्ल्ड कप में 597 रन बनाए और भारत को फाइनल तक पहुँचाया।
- राजीव गांधी खेल रत्न (2020)
- पद्म श्री (2020)






## विराट कोहलीः क्रिकेट करियर

**ODI डेब्यूः** 18 अगस्त 2008 बनाम श्रीलंका
**टेस्ट डेब्यूः** 20 जून 2011 बनाम वेस्ट इंडीज
**T20 डेब्यूः** 12 जून 2010 बनाम जिम्बाब्वे
**आईपीएल टीमः** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (RCB)(2008 से अब तक)

### उपलब्धियाँ

- 100+ अंतरराष्ट्रीय शतक (2023 तक)।
- वनडे में 50 शतक पूरे करने वाले पहले खिलाड़ी (2023 वर्ल्ड कप में)।
- 2018 में ICC Cricketer of the Year
- राजीव गांधी खेल रत्न (2018)
- पद्म श्री (2017)
- टेस्ट और वनडे रैंकिंग में लंबे समय तक नंबर 1 बल्लेबाज।
- 2016 में आईपीएल में 973 रन बनाकर एक सीज़न में सबसे ज्यादा रन बनाए।

MAHILA SAMRIDHI BANK
हमारा ध्येय - आपकी समृद्धि

# उत्तर भारत का सर्वश्रेष्ठ महिला बैंक

**PROUDLY CO-OPERATIVE BANK**

**Samridhi Bank App**











*Best Leadership - IT Head Award-2024*

*Best Digital Banking Award-2024*

*Best e-payment initiative Award 2023*

*Best Mahila Bank Blue Ribbon Banco Award 2023*

**Dr. Kiran Jain**
Chairperson

**Vimla Mundra**
Vice Chairperson


**Vinod Chaplot**
Chief Executive Officer

## दी उदयपुर महिला समृद्धि अरबन को–ऑपरेटिव बैंक लि.

प्रधान कार्यालय : 'समृद्धि', 2/7, प्रथम तल,100 फीट रोड़, से.14, गोवर्धन विलास, उदयपुर

Phone : 0294-2641003 | E-mail : ho@samridhibank.com | Web. : www.samridhibank.com

# भौतिकता से विरक्ति ने योगी बना दिया



**'भारतीय सभ्यता ने सदैव विविधता का सम्मान किया है। फिर चाहे वो मन की हो, मस्तिष्क की या बौद्धिकता की हो। इस संस्कृति ने अलग-अलग विचार और धर्मों को पनपने की पूरी स्वतंत्रता दी है, ताकि मनुष्य हर रास्ते से परमात्मा तक पहुंच सके।' ये बात कहने-लिखने वाले श्री अरविंद का सम्पूर्ण जीवन ही आदर्श और अनुकरणीय है।**

*सुदेशना रुहान*

**15 अगस्त 1872** को कलकत्ता (अब कोलकाता) में श्रीअरविंद का जन्म हुआ। उनके पिता कृष्णधन घोष का अंग्रेज हुक्मरानों के बीच काफी सम्मान था। कृष्णधन लंदन से मेडिकल की पढ़ाई कर चुके थे और रंगपुर इलाके में सहायक सर्जन की हैसियत से पदस्थ थे। ब्रह्म समाज से जुड़े होने के बावजूद वे अंग्रेजी शिक्षा को काफी अहमियत देते थे। इस लिहाज से अरविंद और उनके भाइयों की पढ़ाई भी अंग्रेजी माहौल में हुई। कृष्णधन चाहते थे कि आगे चलकर उनके बेटे सिविल सेवा के अधिकारी बनें। इसके लिए जरूरी था बच्चों का इंग्लैंड जाकर पढ़ना। यही कारण था कि 1879 में पूरा परिवार लंदन जा बसा। ये कुछ हद तक आवश्यक इसलिए भी हो गया था, क्योंकि अरविंद की मां स्वर्णलता देवी पहले शिशु के जन्म के बाद से ही मानसिक रोग से ग्रस्त हो गई थीं। लंदन में बच्चों की पढ़ाई के साथ उनका इलाज भी लम्बे समय तक जारी रहा।

## स्वदेश और आत्मबोध

वर्ष 1893 तक युवा हो चुके अरविंद कैम्ब्रिज सहित लंदन के कई प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों से पढ़ाई पूरी कर चुके थे। पिता का सपना पूरा करने के लिए वे सिविल सेवा की तैयारी करने लगे, लेकिन मन का एक कोना इन सबसे विरक्त हो रहा था। भौतिक जीवन की इसी विरक्ति ने आगे चलकर उनके योगी जीवन की नींव रखी। उन्हीं दिनों बड़ौदा के महाराज सयाजीराव गायकवाड़ लंदन प्रवास पर थे। उन्होंने अरविंद को बड़ौदा आमंत्रित किया, ताकि वे रियासत की प्रशासनिक जिम्मेदारियां निभा सकें। अरविंद ने इसे स्वीकार कर हिंदुस्तान लौटने का फैसला किया। इस बीच एक दुर्घटना घटी। उनके पिता को गलत सूचना मिली कि जिस जहाज से अरविंद लौट रहे थे, वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। कृष्णधन इस सदमे से चल बसे। अरविंद घोष के लिए जीवन का एक अध्याय समाप्त हो गया। हालांकि बड़ौदा में जीवन का नवीन अनुभव प्राप्त हुआ। वर्षों पाश्चात्य संस्कृति के बीच गुजारने के बाद उनके सामने भारतीय संस्कृति अपनी अनंतता के साथ मुस्कुरा रही थी। अरविंद रियासत के कामकाज के अलावा बड़ौदा कॉलेज में अंग्रेजी और फ्रेंच भी पढ़ाने लगे। यहीं उन्होंने संस्कृत और बांग्ला का भी स्व-अध्ययन किया। उनके जीवन और समाज में सब कुछ तेजी से घटित हो रहा था। 20वीं शताब्दी की शुरुआत तक देश स्वराज के लिए एकजुट होने लगा। मध्यप्रदेश और बंगाल में जनआंदोलन होने लगे। इन सभी बातों ने अरविंद को काफी प्रभावित किया। वर्ष 1902 में उन्होंने खुद को बड़ौदा राज परिवार की सभी सेवाओं से अलग कर लिया।

### आजादी की राह पर...

असल शत्रु हमारे जीवन के बाहर नहीं, बल्कि हमारे अंदर बसा स्वार्थ, पाखंड और कायरता है। (21 अगस्त 1983)। अरविंद पूरी तरह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बन चुके थे। बंगाल में अरविंद की छवि कद्दावर और जनप्रिय नेता के रूप में उभर रही थी। इन सबके बीच सन् 1908 में घटित हुआ अलीपुर बम कांड। खुदीराम बोस, प्रफुल्ल चाकी समेत 33 लोगों को हिरासत में लिया गया। अरविंद भी इनमें से एक थे, मगर सबूतों के अभाव में एक साल बाद उन्हें रिहा कर दिया गया। अलीपुर बम कांड मामले में अरविंद घोष की पैरवी चितरंजन दास ने की थी।

## आलोकित तन, अवलोकित मन

अनूठे अनुभवों के बावजूद अरविंद का राजनीतिक जीवन (सन् 1906-1910) संक्षिप्त ही रहा। जेल में बिताए उस एक साल में उन्हें आध्यात्मिक अनुभूतियां हुई, जिन्होंने जीवन के मौलिक रुझान को ही बदल दिया। वे देश सेवा से आगे बढ़कर जीवन की दिव्यता को समझना चाहते थे। अभिन्न योग, ध्यान और परमात्मा अब जीवन के केन्द्र में थे। बंगाल के उत्तरपारा में हिंदू धर्म पर दिए गए प्रसिद्ध भाषण के बाद अरविंद ने सार्वजनिक जीवन से सन्यास ले लिया।

साल 1910 में अरविंद पॉन्डिचेरी जा बसे और आजीवन वही रहें। ये इलाका उन दिनों फ्रेंच कॉलोनी हुआ करता था। यहां उन्होंने आध्यात्मिक ज्ञान और साधना को मांजना शुरु किया। वेद, उपनिषद, धर्म ग्रंथ और आध्यात्मिक चर्चाएं - इनके बीच ही वे समय बिताते थे। विश्व भर से लोग उनके शिष्य बनने के लिए आने लगे। इन्हीं में एक थीं-फ्रांस की अल्फासा, जो आगे चलकर जीवन की सहचरी रही, जिन्होंने श्रीअरविंद आश्रम और ऑरोविले की नींव भी रखी। 1920 के दशक से अरविंद नाम के आगे श्री लगाने लगे। अब वे योग, गुरु और दार्शनिक श्रीअरविंद बन चुके थे।

Happy Independence Day

# Aashirwad Minerals & Marbles

**Mfg. of Soap Stone Powder (Talc Powder), Calcium Carbonate Powder**
**China Clay Powder, Silica Powder & Dolomite Powder**

**Office :**
E-93, Pratap Nagar,
Udaipur - 313001 (Raj.) INDIA

**Factory :**
Jyoti Mineral Industries
Plot No. G-1-80, IID Centre
RIICO Ind. Area, Kaladwas, Udaipur (Raj.)

**Telefax : 0294-2490194 | E-mail : ashirwadtalc@yahoo.com | www.ashirwadminerals.com**

# हार्दिक श्रद्धांजलि

## स्व. श्रीमती राजमणी गोरवाड़ा

(धर्मपत्नी स्व. श्री उग्रसिंहजी गोरवाड़ा एडवोकेट)



स्वर्गवासः 07 अगस्त 2023


*आपकी यादें, आपका आभास, आपका विश्वास,*
*सबकुछ है हमारे पास, आपके अहसासों में*
*आप तो हर पल बसे हुए हैं दिल की धड़कन में,*
*भीगी पलकों में... परिवार की सासों में!!*

**श्रद्धावनत**

राजीव-साधना, संजीव-रक्षा (पुत्र-पुत्रवधु),
मंजू-महेश राठौड़ (पुत्री-दामाद)
ज्योतिबाला, महेन्द्र, ईशा, मनोज, अमित,
रिंकल, अंकित, श्रेया, अमी-श्रवण, निश्मा-आयुष,
अक्षय-शीतल राठौड़, दिव्या, राहुल, रोहन, रिया
एवं समस्त गोरवाड़ा परिवार

*प्रतिष्ठान*

**गोरवाड़ा केमिकल इण्डस्ट्रीज, उदयपुर**



# प्रकृति के सौन्दर्य को लौटाने का पर्व दशलक्षण

**यह पर्व वास्तव में प्रकृति के सौंदर्य के पुनः लौटने की खुशी में मनाया जाता है। इस पर्व के दौरान भगवान की पूजा-आराधना के बाद इन दस दिनों में प्रत्येक श्रावक अथवा उसका परिवार रोजाना एक-एक पौधा जरूर लगाए, वायु प्रदूषण को कम करने का प्रयास करें, प्राकृतिक जल स्रोतों का उचित रख-रखाव करें, कुल मिलाकर ऐसा काम करें, जिससे प्रकृति का संरक्षण हो। प्रकृति ही जीवन दायिनी है।**

*पूज्य सागर महाराज*

**शास्त्रों** में पर्व दो प्रकार के बताए गए हैं, पहला तात्कालिक और दूसरा त्रैकालिक। तात्कालिक पर्व व्यक्ति विशेष या घटना विशेष से संबंधित होते हैं, वहीं त्रैकालिक शाश्वत पर्व न तो किसी व्यक्ति विशेष से और न ही किसी घटना विशेष से संबंधित होते हैं, बल्कि इनका संबंध आध्यात्मिकता से है। दशलक्षण पर्व त्रैकालिक शाश्वत पर्व है। धार्मिक शास्त्रों में भी कहा गया है और जैसा हम देख भी रहे हैं कि अनादिकाल से प्रकृति और पृथ्वी में रहने वालों का धीरे-धीरे नाश होता है। फिर पुनः इन सबका उत्थान होता है। उत्थान और पतन के पीछे संसार में बढ़ रही पाप की मात्रा है। हमें भी अब दिखाई दे रहा है कि कैसे मनुष्य के भीतर से सुख, शांति, क्षमता आदि गुण कम हो रहे हैं। धर्म के अनुसार अवसर्पिणी और उत्सर्पिणी काल के परिवर्तन के कारण यह सब होता है। सुख, आयु, कषाय आदि जिसमें कम होते हैं, उसे अवसर्पिणी काल और जिसमें यह बढ़ती है, उसे उत्सर्पिणी काल कहते हैं। इन दोनों के बीच के संक्रमण काल में 96 दिन होते हैं। यह सृष्टि के नाश और सृजन का मुख्य काल होता है।। सात-सात दिन तक सात प्रकार की वर्षा होती है, जिनमें विष, शीतल जल, धूम, धूल, पत्थर, अग्नि आदि की वर्षा भी शामिल है। इसके फलस्वरूप पूरी पृथ्वी नष्ट हो जाती है, सौंदर्य चला जाता है। इसके बाद प्राकृतिक सौंदर्य लौटने के सात-सात दिन तक शीतल जल, अमृत, घी, दिव्य रस, दूध आदि की वर्षा होती है। इससे पृथ्वी हरी-भरी हो जाती हैऔर चारों तरफ खुशी की लहर दौड़ पड़ती है। इस




प्रकार 49 दिन तक सुवृष्टि होती है। 49 दिन की सुवृष्टि का प्रारंभ श्रावण मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी से होता है और वह भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तक चलती है। कुवृष्टि से पहले कुछ जोड़ों को मनुष्य और तिर्यंच, देवों और विद्याधरों ने विजयार्थ पर्वत की गुफा में छिपाए थे, उन्हें निकालते हैं। ये जोड़े भाद्रपद शुक्ल पंचमी से 10 दिवसीय उत्सव मनाते हैं। उसे ही दशलक्षण पर्व के रूप में मनाया जाता है। पर्व वास्तव में प्रकृति के सौंदर्य के पुनः लौटने की खुशी में मनाया जाने वाला पर्व है। जो मनुष्य इस विनाश से बचे थे, वही यह खुशी मना रहे थे कि देखों कैसे प्रकृति पुनः अपने सौंदर्य में लौट आई है। हमें यह देखने को मिल रहा है। संभव है कि उन्होंने ईश्वर की पूजा की होगी, यह संकल्प किया होगा कि अब हम प्रकृति और उसमें रहने वालों को किसी प्रकार की हानि नहीं पहुंचाएंगे। इसी संकल्प का परिणाम निकला होगा कि अब हम मानवता को बचाने वाले उत्तम क्षमा, उत्तम मार्दव, उत्तम आर्जव, उत्तम शौच, उत्तम सत्य, उत्तम संयम, उत्तम तप और उत्तम त्याग धर्म का पालन करें। भगवान की पूजा-आराधना के बाद कम से कम दस दिन तक एक-एक पौधा लगाएं, गांव के आसपास के तालाब को ठीक करवाने का अभियान चलाएं। वायु को प्रदूषित करने वाले साधनों का उपयोग न कर पैदल चलें या जहां तक हो सके, सइकिल का उपयोग करें। कुल मिलाकर वे सारे संकल्प लें, जिनसे प्रकृति का संरक्षण हो। इसमें खादी पहनने का संकल्प भी शामिल हो सकता है। याद रखें, धर्म स्वयं के लिए ही है तो स्वयं संकल्प करें और कम से कम पांच मनुष्यों को ऐसा करने की प्रेरणा दें तो एक नई शुरुआत हो सकती है। जो पर्व के दूसरे हिस्से को भी पूरा करेगी और तभी दशलक्षण पर्व मनाने की सार्थकता होगी।

# आएगी पौराणिक फिल्मों की बहार

**देश में पौराणिक फिल्मों का प्रदर्शन करीब सौ वर्षों से होता आ रहा है। देवी-देवताओं की अलौकिक शक्तियों पर आधारित फिल्में हमेशा से ही लोकप्रिय रही हैं। धार्मिक आस्था और रचनात्मकता के साथ तैयार ऐसी फिल्मों को हमेशा पसंद किया जाता है। आने वाले समय में भी दर्शकों को ऐसी कई सारी पौराणिक फिल्में देखने को मिलेंगी। बड़े सितारों को लेकर बॉलीवुड के कई नामी निर्माता-निर्देशक अपने-अपने अंदाज में इन फिल्मों के निर्माण में व्यस्त हैं।**

*आरती सक्सेना*






**रूपहले** पर्दे पर लोकप्रिय पौराणिक कहानियों को 1920 के दशक से अलग-अलग रूप में प्रस्तुत किया जाता रहा है। धार्मिक ग्रंथों रामायण और महाभारत पर भी फिल्में बनती आई हैं। पौराणिक कहानियों के किरदार और अध्याय का हमेशा एक आकर्षक पहलू होता है, इसलिए ऐसी फिल्में दर्शकों में एक अलग छाप छोड़ती हैं। ऐतिहासिक और पौराणिक फिल्में हमेशा से ही आकर्षण का केन्द्र रही हैं। यही वजह है कि आज के दौर में भी बॉलीवुड के निर्माता-निर्देशक ऐसी फिल्मों को बनाने में खास रुचि ले रहे हैं। आने वाले समय में पौराणिक कहानियों पर आधारित कई फिल्में दर्शकों को देखने को मिलेंगी। इनमें फिल्म हनुमान की दूसरी कड़ी में जय हनुमान भी है, जिसमें भगवान हनुमान की भक्ति को अलग अंदाज में पेश किया जाएगा। इसमें दक्षिण के सितारे ऋषभ शेट्टी भगवान हनुमान की भूमिका में नजर आएंगे। वर्ष 2022 में आई पौराणिक फिल्म कांतारा भाग एक को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। अब एक बार फिर इसी फिल्म की दूसरी कड़ी कांतारा दो का निर्माण हो रहा है, अभिनेता ऋषभ शेट्टी इस फिल्म में भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। कांतारा-दो की कहानी भगवान और प्रकृति के रिश्ते को दर्शाएगी। इस फिल्म में दिखाया जाएगा कि कैसे मनुष्य और प्रकृति एक-दूसरे से जुड़े हैं। रामायण पर अब तक कई सारी फिल्में और टीवी सीरियल बने हैं। मगर इस बार नितेश तिवारी रामायण की कहानी को अलग अंदाज में पेश करेंगे। इसमें राम के रूप में अभिनेता रणवीर कपूर, रावण के रूप में दक्षिण के अभिनेता यश और सीता के रूप में अभिनेत्र साईं पल्लवी नजर आने वाली है। रामायण दो भागों में बन रही हैं, एक भाग लगभग बनकर प्रदर्शन के लिए तैयार है। जबकि रामायण भाग दो इसके बाद प्रदर्शित किया जाएगा।

इसी तरह भगवान शिव के परम भक्त कन्नप्पा शिव के प्रति अटूट श्रद्धा और महान त्याग के लिए जाने जाते थे। इसे फिल्म में कन्नप्पा की जीवन यात्रा को दर्शाया गया है और इसमें अक्षय कुमार, प्रभास, मोहन बाबू व मोहनलाल मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। भगवान परशुराम के जीवन पर आधारित फिल्म 'महावतार' भी आने वाले दिनों में दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करेगी। इस फिल्म में परशुराम की भूमिका के लिए विकी कौशल को चुना गया है।

छावा में संभाजी का किरदार निभाने के बाद विक्की कौशल अब परशुराम के किरदार में नजर आएंगे। इस फिल्म को अलग-अलग भागों में बड़े पर्दे पर दिखाया जाएगा। अश्विन कुमार निर्देशित महावतार नृसिंह भक्त प्रहलाद के विश्वास और आस्था की कहानी पर केंन्द्रित है। यह फिल्म अगले साल प्रदर्शित होगी। इसके अलावा निर्देशक विवेक अग्निहोत्री इस बार एक पौराणिक फिल्म पर्व एन एपिक टेल ऑफ धर्मा लेकर आ रहे हैं, जिसमें मुख्य कलाकार नाना पाटेकर, अनुपम खेर, पल्लवी जोशी और राइमा सेन होंगे। नीरज चौहान द्वारा निर्देशित द सीक्रेट ऑफ देवकाली भी आने वाले दिनों में प्रदर्शित होगी, जिसमें अभिनेता संजय मिश्रा, महेश मांजरेकर और नीरज चौहान नजर आएंगे।

प्रत्यूष



# भोग लगाएं गणपति को लड्डू - मोदक का



## मूंगफली के लड्डू

**सामग्री:** गुड़ कसा हुआ–एक बड़ा कप, भुनी मूंगफली के टुकड़े–एक बड़ा कप, घी–एक बड़ा चम्मच, बेकिंग पाउडर–चुटकी भर, पानी।

**यूं बनाएं:** कड़ाही में घी गरम करें। कसा हुआ गुड़, बेकिंग पाउडर व एक बड़ा चम्मच पानी मिलाकर गाढ़ी चाशनी बनाएं। मूंगफली के टुकड़े मिलाकर गरम मिश्रण के लड्डू बनाएं। लड्डू बनाते समय आवश्यकता हो तो हाथ पर पानी लगा सकती हैं।

*कमला गौड़*



## मावे के लड्डू

**सामग्री:** 750 ग्राम मावा, 500 ग्राम चीनी बूरा, 50 ग्राम कटे पिस्ते व किशमिश, 1 टी स्पून इलायची पाउडर, सुनहरे वर्क के डिजाइनदार टुकड़े 20 नग।

**विधि:** आंच पर मावे को एक कड़ाही में सेक लें, मावा घी छोड़ने लगे तब नीचे उतार कर थाली में फैला दें। ठण्डा होने पर हाथ से खूब मसलें, फिर बारीक चलनी से इसे छान लें। छने मावे में बूरा मिलाकर उसका सत्तू बनाकर कड़ाही में 15–20 मिनट छोड़कर उसके लड्डू बनाएं और उन्हें पिस्ते किशमिश से सजाकर, ऊपर से इलायची पाउडर बुरके, फिर सुनहरे डिजाइनदार वर्क के टुकड़े अपने हिसाब से लगाएं। मावे के लड्डू तैयार हैं।

## मोतीचूर मेवा मोदक



**सामग्री:** बेसन 250 ग्राम, चीनी 400 ग्राम, बादाम कटे 100 ग्राम, काजू कटे 100 ग्राम, खरबूजे की गिरी 50 ग्राम, इलायची पाउडर 10 ग्राम, पीला रंग एक चुटकी, घी तलने के लिए।

**यू बनाएं:** चीनी में पानी मिलाकर एक तार की चाशनी बनाएं और उसमें पीला रंग मिला लें। बेसन में आवश्यकतानुसार पानी मिलाकर घोल बना लें। घोल इतना गाढ़ा हो कि बारीक छलने से ही निकल सके। घी गरम करके बारीक बूंदी उतार लें। थोड़ी देर के लिए चाशनी में डाल दें। जब बूंदी में रस भर जाए, तब उसे निकालकर किसी चौड़े बर्तन में फैलाएं और सारी मेवा मिला लें। पूरे मिश्रण को चार भागों में बांटकर लड्डू बना लें।



## बेसन के लड्डू

**सामग्री:** 4 कटोरी बेसन, 2 कटोरी पिसी चीनी, 50 ग्राम काजू, 30 ग्राम बादाम, 1 कटोरी घी, 2 छोटे चम्मच इलायची पाउडर।

**विधि :** सबसे पहले बेसन को महीन छलनी से छान लें। काजू, बादाम के बारीक टुकड़े कर लें। आंच पर कड़ाही रखकर घी पिघलाएं, बेसन मिलाएं और पककर सुगंध देने तक मंद–मंद आंच पर भूनें, भूनने पर इलायची पाउडर मिलाएं। काजू और बादाम के टुकड़े डालकर अच्छी तरह मिलाकर आंच से उतार कर ठण्डा होने रख दें, फिर पिसी चीनी डालें और अच्छी तरह मिला लें। तैयार मिश्रण के अपनी पसंद अनुसार लड्डू बनाकर, चांदी के वर्क से सजा दें।

## केसर लड्डू

**सामग्री:** 3 कटोरी बेसन, ढाई कटोरी शक्कर, 2 कटोरी घी, आधा ग्राम केसर, सजाने के लिए मेवे व चांदी के वर्क अपने अन्दाज के अनुसार।

**विधि:** सबसे पहले चीनी की दो तार की चाशनी बनाकर इसमें केसर को अच्छी तरह घोल लें, ताकि चाशनी केसरिया हो जाए। अब एक कड़ाही में बेसन और घी डाले, इसे आंच पर रखें, इसे मंद–मंद आंच पर चम्मच से हिलाते हुए हल्का सुनहरा होने तक सेकें। फिर आंच बंद कर दें, तैयार चाशनी को थोड़ा–थोड़ा करके इस भूने हुए बेसन में डालते हुए मिलाएं। अब इस तैयार मिश्रण से लड्डू बनाएं तथा मेवे लगाते हुए सजाएं, ऊपर से चांदी के वर्क के टुकड़े भी लगा दें। केसर लड्डू तैयार हैं।



## श्री विनायक मोदक



**सामग्री:** 1 किलो बेसन, 1 किलो चीनी, 2 छोटे चम्मच सफेद इलायची पाउडर, एक ग्राम बेकिंग पाउडर, एक ग्राम केसर, 2 कटोरी घी।

**विधि:** बेसन व बेकिंग पाउडर को मिक्स कर, छानकर 4 बड़े चम्मच घी और दूध में मिलाकर घोल बनाएं। भूनने के लिए कड़ाही में घी डालें, गर्म करें।

एक चलनी द्वारा बेसन का घोल गर्म घी में छानें और एक चम्मच से घोल को हिलाएं। बंदियों को सुनहरा तल लें, पक जाने पर झारी से निकाल लें। चीनी की तीन तार की चाशनी तैयार कर, उसमें केसर व इलायची पाउडर मिलाएं। गर्म बूंदी को चाशनी में डालकर अच्छी तरह मिला लें। थोड़ा ठण्डा होने पर अपने हाथों से छोटे–छोटे लड्डू बनाकर, चांदी के वर्क से सजा दें।

## 154 मंजिल की इमारत



**ब्राजील** में विश्व की सबसे ऊंची रिहायशी इमारत बनने जा रही है और इसमें कुल 154 मंजिलें होंगी। सेन्ना टावर ब्राजील के बालनेआरीओ कम्बोरियू में बनेगी। यह न्यूयार्क के सेंट्रल पार्क टावर (98 मंजिलें) को पछाड़कर सबसे ऊंची रिहायशी इमारत होगी। सेन्ना टावर की ऊंचाई 1800 फीट से अधिक होगी। इस इमारत का नाम फॉर्मूला 1 रेसिंग दिग्गज आयरटन सेन्ना के नाम पर रखा गया है। वह तीन बार के चैंपियन थे। जिनकी 1994 में 34 साल की उम्र में दुर्घटना में मौत हो गई थी। इस प्रोजेक्ट में 525 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश होगा और निर्माण कार्य 2033 तक पूरा होने की उम्मीद है। इस टावर में कुल 228 यूनिट्स होंगी, जिनमें 204 अपार्टमेंट शामिल हैं। इसके शीर्ष पर स्थित दो ट्रिप्लेक्स पेंटहाउस होंगे। इनका क्षेत्रफल 9700 वर्गफुट होगा।


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

तारा संस्थान के निःशुल्क आँखों के अस्पताल

उदयपुर, दिल्ली, मुम्बई, फरीदाबाद, लोनी (गाजियाबाद)

निःशुल्क नेत्र जाँच व निःशुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको पद्धति द्वारा




तारा नेत्रालय के ओ.पी.डी. (आउटडोर पेशेंट युनिट) का दृश्य

अन्तर्गत : तारा संस्थान, उदयपुर

236, हिरण मगरी, सेक्टर 6 (जे.बी. हॉस्पीटल के पास वाली गली), उदयपुर 313002 (राज.)

मो. +91 9549399993, 9649399993, Website : www.tarasansthan.org



'प्रत्यूष' का जुलाई अंक देखा। हृदय विदारक अहमदाबाद विमान हादसे का भयावह मंजर दर्शाते दोनों आलेख पढ़कर मन द्रवित हो उठा। इसमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी सहित करीब 275 लोगों ने अपनी जान गंवाई। इसमें ऐसे लोग भी थे जो अपने सपनों को साकार करने के लिए पहली बार विमान में सवार होकर विदेश जा रहे थे। प्रभु उनकी आत्मा को शांति व परिजनों को धैर्य प्रदान करें।

**शक्तिसिंह राठौड़,**
डायरेक्टर, आओसा कैफे बेकहाउस एण्ड रोस्टरी




**'प्रत्यूष'** का जुलाई अंक मिला। अहमदाबाद के विमान हादसे ने कई परिवारों को आंसूओं के सैलाब में डूबो दिया। इस संबंध में प्रकाशित प्रस्तुत दोनों आलेख आंखें नम कर गए। साकार होने से पहले ही जो सपने दफन हो गए उन्हें अब याद कर सिर्फ रोया ही जा सकता है। शत-शत प्रणाम।

**डॉ. वैशाली बोडेले,**
यूनिट हैड,
अपेक्स हॉस्पिटल



जुलाई प्रत्यूष अंक को खोलते ही सम्पादकीय ने चौंका दिया। उसके अनुसार कोराना-19 का नया वैरियंट पैर पसार रहा है। इस संबंध में समाचार पत्रों में भी पढ़ने को मिल रहा है। इसका नाम **'निबह'** बताया जा रहा है। निश्चय ही यह सतर्क रहने का समय है। क्योंकि 2019-20 में 'कोराना' के चलते हम कई अपनों को खो चुके हैं।

**रतनसिंह सोलंकी,** एमडी
श्री मधुर डेयरी फार्म एण्ड फूड प्रोडक्ट्स



'प्रत्यूष' के जुलाई अंक में अहमदाबाद हादसे से संबंधित विवरण ने जहां आंखे नम कर दीं, वहीं राजस्थान के कृषिमंत्री करोड़ीलाल मीणा द्वारा मिलावटखोरों और मुनाफाखोरों के बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश करने की जानकारी भी उल्लेखनीय थी। यह गिरोह किसानों को नकली खाद-बीज बेचकर जो अपराध कर रहा है, वह अक्षम्य है। पत्रिका में परिवार के उपयोगी अन्य जानकारियां भी प्रशंसनीय थीं।

**राजेन्द्र चौधरी,**
विकास अधिकारी, एलआईसी

वैदिक ज्योतिष

# रचनात्मक होते हैं श्रवण नक्षत्र में जन्मे लोग

श्रवण नक्षत्र वैदिक ज्योतिष में 22वां नक्षत्र है। यह सुनने की क्षमता के लिए जाना जाता है। चंद्रमा से संबंधित यह नक्षत्र भगवान विष्णु द्वारा शासित है, जिसका प्रतीक तीन पद चिह्न है, जो आध्यात्मिक विकास या कान का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस नक्षत्र के अंतर्गत जन्म लोग रचनात्मक बुद्धि और अंतरज्ञान जैसे गुणों से संपन्न होते है। कुंडली में श्रवण नक्षत्र करियर और पेशे वाले दसवें भाव से संबंध रखता है। इस नक्षत्र में जन्मे लोग अपनी रचनात्मक प्रवृति के कारण संगीत, कला और साहित्य के प्रति प्रेम रखते हैं। मां सरस्वती और भगवान विष्णु से संबंधित यह नक्षत्र आध्यात्मिक विकास का प्रतीक है। उत्तरदायित्व की प्रबल भावनाओं के कारण इस नक्षत्र वाले व्यक्ति पूर्ण क्षमता के अनुसार कार्यों और जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का प्रयास करते हैं। इस नक्षत्र में जन्मी महिलाएं स्वावलंबी, दयालु और हठी स्वभाव की होती हैं। ये महिलाएं बुद्धिमान और रचनात्मक होने के कारण नई कलाएं सीखने के साथ-साथ संबंधों को बनाए रखने वाली होती हैं। इनकी स्मरण शक्ति बहुत तेज होती है। कल्पनाशील और व्यवस्थित ये महिलाएं अपने कार्यों को सही ढंग से और कुशलतापूर्वक कार्य करने वाली होती हैं। इस नक्षत्र के जातक अकेले कार्य करने में सहजता का अनुभव करते हैं। अत्यधिक सामाजिक और बर्हिमुखी होने के कारण सभी क्षेत्रों से संबंधित लोगों के साथ सम्पर्क बनाना पसंद करते हैं। श्रवण नक्षत्र के चार चरणों के अलग-अलग प्रभाव:

**प्रथम चरण:** इस चरण में जन्मे लोग रचनात्मक कार्यों से जुड़े होते हैं। यह चरण समझ और ज्ञान की शक्ति प्रदान करता है। इस चरण में जन्मे लोगों में बौद्धिकता, आध्यात्मिक और न्याय की प्रबलता होती है।

**द्वितीय चरण:** इस चरण में जन्मे लोग महत्वाकांक्षी, दृढ संकल्प वाले और नेतृत्व क्षमता से भरपूर होते हैं। इस नक्षत्र में जन्मे लोग कुशल नेतृत्व वाले होते हैं और परिस्थितियों का सामना करने में समर्थ होते हैं।




**तृतीय चरण:** इस नक्षत्र में जन्मे लोग अशांत चित्त वाले होते हैं। ये परिवर्तन और नवीनीकरण के आदी होते हैं। ये लगातार नई चुनौतियों और अवसरों की तलाश में रहते हैं।

**चतुर्थ चरण:** इस चरण में जन्मे लोग समृद्ध और सौभाग्यशाली होते हैं। इस चरण वलो व्यक्ति भाग्य, भौतिक संपत्ति के साथ-साथ सफलता और समृद्धि के प्रति आकर्षित होते हैं। ऐसे व्यक्ति अपने जीवन में प्रचुर मात्रा में धन, यश कमाते हैं और समाज में अपनी विशेष छाप छोड़ते हैं।

**-डॉ. संजीव कुमार शर्मा**

# स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



# Nalwaya Mineral Industries Pvt. Ltd.

:: Head Office ::

Plot No. C-164, Road No 3, Madri Industrial Area,
Near G.N. Dal Mill, Udaipur (Raj.)

:: Residence ::

33, Pologround, Udaipur-313 001 (Raj.) Ph. : 91-294-2560628, 2521387



# हार्दिक श्रद्धांजलि



हमारी पूज्यनीया

## श्रीमती प्रेमबाई भाणावत

(धर्मपत्नी श्री मीठालाल जी भाणावत)
का आकस्मिक स्वर्गवास 06.07.2025 को हो गया है।
हम सभी परिजन हार्दिक श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।

**निवास स्थान:** आर्ची द आर्बिट, सहेलीनगर, उदयपुर

**शोकाकुल**

शीतल–मधु, ऋषभ–संगीता, महावीर–ललिता **(पुत्र–पुत्रवधु)**, विजयलक्ष्मी–दीपकजी नागौरी **(पुत्री–दामाद)**, स्व. श्री रतनलाल जी नलवाया –चावत बाई, श्री रतनलालजी नागौरी–सज्जनबाई, श्री अशोकजी जारोली–रोशनदेवी, श्री किरीट भाई–राजकुमारी **(ननद–नंदोई)**, श्री भंवरलालजी, श्री कोमल कुमार जी **(देवर)**, अभिषेक, पंकज, अभिलाषा, मोनिका, वैभव **(भतीजा–भतीजी)**, शालिनी–समीरजी, नलिनी–प्रवीणजी, हर्षिता–सिद्धार्थजी **(पौत्री–दामाद)**, आर्ची, पर्ल, साहिल, स्पर्श (पौत्र–पौत्री), मनन, भूमिका **(दोहिता–दोहिती)**, रियांशी, प्रियांश, जीवीशा, नैत्विक **(पड़ दोहिता–पड़ दोहिती)**, एवं **समस्त भाणावत परिवार, कानोड़, उदयपुर**

## फर्मः आर्ची ग्रुप ऑफ बिल्डर्स, उदयपुर

**Mo.: 9413752980, 9414168310, 8003597922**

# इस माह आपके सितारे



पं. शोभालाल शर्मा

## मेष

माह का उत्तरार्द्ध सकारात्मक परिणाम देगा, स्थान परिवर्तन सुखद रहेगा, व्यापारिक गतिविधियाँ सामान्य रहेंगी, आर्थिक पक्ष अनुकूल और स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। हृदय रोग के जातक विशेष कर सतर्क रहें, पारिवारिक मामले औसत से बेहतर रहेंगे। कार्य क्षेत्र में बदलाव लाभदायक, संतान पक्ष सामान्य रहेगा।

## वृषभ

नौकरी पेशा जातक अच्छा प्रदर्शन कर पायेंगे, जबकि व्यापार के मामले में यह माह कमजोर रहेगा, अपने पुरूषार्थ से प्राप्त प्रतिफल से संतुष्ट रहेंगे, स्वास्थ्य उत्तम, भाई–बन्धुओं से संबंध औसत रहेंगे, कुछ नवाचार में रूचि बढ़ेगी एवं लाभ भी मिलेगा। आकस्मिक घटनाएं चौंका सकती हैं।

## मिथुन

माह का पूर्वार्द्ध अच्छे परिणाम दे सकता है, सहकर्मियों एवं वरिष्ठ जनों से विवाद संभव, व्यापार एवं व्यवसाय से जुड़े जातक श्रेष्ठ परिणाम को प्राप्त करेंगे, आय पक्ष श्रेष्ठ किन्तु बाधित रहेगा। स्वास्थ्य में अनुकूलता, पारिवारिक मतभेद रहेंगे।

## कर्क

यह माह मिले–जुले परिणामों से युक्त होगा, लापरवाही की स्थिति परिणाम में गिरावट करेगी। कार्य क्षेत्र में अनुकूल परिणाम रहेंगे, व्यापार–व्यवसाय में पुराने अनुभव काम आयेंगे, आर्थिक निवेश सावधानी से करें। आय पक्ष कमजोर, स्वास्थ्य में उतार–चढ़ाव का अनुभव करेंगे, अहंकार का टकराव संभव।

## सिंह

किसी भी तरह का नया प्रयोग प्रतिकूल होगा। हर क्षेत्र में धैर्य से काम लेना है, कार्य क्षेत्र में अनुकूलता, बचत से खर्च की स्थितियाँ बन सकती हैं। आय पक्ष तो अच्छा रहेगा परंतु बचत नहीं होगी, स्वास्थ्य की दृष्टि से यह माह संतोषप्रद नहीं है। पारिवारिक मामले कुछ हद तक कमजोर रहेंगे।

## कन्या

माह का पूर्वार्ध अनुकूल रहेगा, बौद्धिक कार्य करने वाले जातक श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त करेंगे, व्यापार–व्यवसाय में प्रगति, अधिकारी एवं वरिष्ठ वर्ग संतुष्ट रहेगा, नौकरी पेशा जातक विरोधियों से दूर रहें वरना फंस सकते हैं, आर्थिक दृष्टि से यह माह उत्तम फलप्रद रहेगा, स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

## तुला

यह माह आपको श्रेष्ठ परिणाम देने वाला होगा। व्यापार–व्यवसाय में प्रभावी लोगों से संबंध बनेंगे। नौकरी पेशा जातकों की पदोन्नति की संभावना तथा वरिष्ठ जनों के साथ बेहतर संबंध बनेंगे। आय पक्ष भी प्रबल रहेगा अच्छे परिणाम मिलेंगे, बचत में वृद्धि, वाहन इत्यादि का प्रयोग सावधानी से करें।

## इस माह के पर्व/त्योहार

| | | |
|---|---|---|
| 9 अगस्त | श्रावण पूर्णिमा | रक्षाबंधन/विश्व आदिवासी दिवस/अगस्त क्रांति दिवस |
| 12 अगस्त | भाद्रपद कृष्ण तृतीया | कजली तीज / सातुड़ी तीज / विश्व युवा दिवस |
| 15 अगस्त | भाद्रपद कृष्ण सप्तमी | स्वतंत्रता दिवस |
| 16 अगस्त | भाद्रपद कृष्ण अष्टमी | श्री कृष्ण जन्माष्टमी /संत ज्ञानेश्वर जयंती |
| 17 अगस्त | भाद्रपद कृष्ण नवमी | नंद महोत्सव |
| 20 अगस्त | भाद्रपद कृष्ण द्वादशी | राजीव गांधी जयंती / वत्स द्वादशी / (बछ बारस) |
| 21 अगस्त | भाद्रपद शुक्ल तृतीया | पर्युषण प्रारंभ |
| 25 अगस्त | भाद्रपद शुक्ला द्वितीय | बाबा रामदेव जयंती (रूणिचा मेला प्रारंभ) |
| 26 अगस्त | भाद्रपद शुक्ल तृतीया | हरतालिका तीज |
| 27 अगस्त | भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी | गणेश चतुर्थी |
| 28 अगस्त | भाद्रपद शुक्ल पंचमी | संवत्सरी / ऋषि पंचमी |
| 31 अगस्त | भाद्रपद शुक्ल अष्टमी | महर्षि दधीचि जयंती / राधाष्टमी |

## वृश्चिक

माह का उत्तरार्ध श्रेष्ठ परिणाम देगा। मिश्रित फल भरा रहेगा यह माह। कार्य क्षेत्र में उतार–चढ़ाव देखने को मिले, नौकरी में बदलाव लाभकारी सिद्ध हो सकता है। व्यापार–व्यवसाय में कुछ नये प्रस्ताव मिल सकते हैं, वरिष्ठ एवं श्रेष्ठजनों का सहयोग मिल सकता है, आर्थिक पक्ष सामान्य रहेगा।

## धनु

माह का उत्तरार्ध भाग्य में वृद्धि करेगा। पुरूषार्थी जातकों को परिश्रम का पूर्ण फल प्राप्त होगा, कार्यक्षेत्र में कुछ बाधाएं रह सकती हैं। वरिष्ठ जनों से ताल–मेल बिठाकर कार्य करें, व्यापार–व्यवसाय में नये निवेश से बचें, नौकरी में उतार–चढ़ाव देखने को मिल सकता है, आय की दृष्टि से माह उत्तम फलप्रद रहेगा।

## मकर

अच्छे परिणामों की प्राप्ति के लिए सुनियोजित ढंग से काम करने की आवश्यकता होगी साथ ही किसी अनुभवी व्यक्ति के मार्गदर्शन में धैर्यपूर्वक काम करना होगा। कार्यक्षेत्र में असंतोष का अनुभव होंगा, विपरीत लिंग से सावधानी बरतें, आर्थिक पक्ष औसत परिणाम देगा। स्वास्थ्य की दृष्टि से अनुकूलता रहेगी।

## कुम्भ

माह का पूर्वार्ध सुखद परिणाम देगा, व्यापार–व्यवसाय के दृष्टिकोण से कोई नया निवेश करना उचित नहीं होगा, जो भी है उसे बेहतर बनाएं। आर्थिक मामले में अनुकूलता रहेगी, स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। माह के उत्तरार्ध में चिकित्सकों के चक्कर लगाने पड़ सकते हैं। संतान पक्ष सामान्य।

## मीन

माह का उत्तरार्ध अच्छा रहेगा, किसी न किसी तरह इच्छित परिणामों को प्राप्त कर लेंगे। एवं लक्ष्य तक पहुंच पायेंगे। व्यापार–व्यवसाय में नये प्रस्ताव टालें, किसी मित्र के चगुंल में फंस कर आर्थिक नुकसान कर सकते हैं, सावधान रहें। आय पक्ष औसत, स्वास्थ्य नरम रहेगा, दाम्पत्य जीवन में अशांति रहेगी।




# महिला समृद्धि बैंक की 31वीं आमसभा





**उदयपुर।** दी उदयपुर महिला समृद्धि अरबन कोऑप. बैंक लि उदयपुर की 31वीं आमसभा सुखाड़िया रंगमंच पर हुई। मुख्य वक्ता राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया, मुख्य अतिथि विधायक ताराचंद जैन एवं फूलसिंह मीणा, आशुतोष भट्ट, क्षेत्रीय अंकेक्षक सहकारी समितियां उदयपुर, लोकेश जोशी, उपरजिस्ट्रार सहकारी समितियां विशिष्ट अतिथि थे। बैंक अध्यक्ष डॉ. किरण जैन ने अध्यक्षता की। बैंक उपाध्यक्ष विमला मूंदड़ा ने अतिथियों का स्वागत किया। बैंक अध्यक्ष डॉ. किरण जैन ने कहा कि वर्तमान में बैंक की जमाएं 141.00 करोड़ एवं ऋण 62.07 करोड़ हो गए हैं। बैंक ने इस वर्ष हर क्षेत्र में प्रगति करते कुल व्यापार 203 करोड़ रुपए कर लिया है। डॉ. जैन ने कहा कि महिला समृद्धि बैंक ने इस वर्ष भी राष्ट्रीय स्तर पर तीन अवार्ड से सम्मानित होकर न केवल बैंक वरन उदयपुर का नाम रोशन किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनोद चपलोत ने बैंक के लेखे प्रदर्शित करते हुए बताया कि समीक्षाधीन वर्ष में बैंक के सभी क्षेत्रों में जैसे जमाएं, हिस्सा पूंजी, रिजर्व और कार्यशील पूंजी में अच्छी वृद्धि हुई है। इस अवसर पर भारत रत्न सहकारिता सम्मान प्राप्त करने वाले बैंक के आईटी हेड निपुण चित्तौड़ा का विशेष सम्मान किया गया। संचालन आलोक पगारिया एवं बैंक अधिकारी सुदर्शना शर्मा ने किया।

## नए डीजीपी बने राजीव शर्मा



**जयपुर।** 1990 बैंच के आईपीएस अधिकारी राजीव शर्मा को राज्य का पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया गया है। पुलिस मुख्यालय में 3 जुलाई सांय 5 बजे उन्होंने पदभार संभाला। शर्मा को पुलिस सेवा का 30 साल से ज्यादा अनुभव है। वे इससे पूर्व नई दिल्ली में ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डवलपमेंट के डायरेक्टर जनरल थे।

## राजीव जैन ने पत्रिका में संभाला स्थानीय संपादक का कार्यभार



**उदयपुर।** वरिष्ठ पत्रकार जयपुर निवासी राजीव जैन ने पिछले दिनों यहां राजस्थान पत्रिका के स्थानीय सम्पादक का कार्यभार संभाला। अभिषेक श्रीवास्तव का स्थानान्तरण मुख्यालय जयपुर में हुआ। पत्रिका समूह में आने से पूर्व जैन अमर उजाला, दैनिक भास्कर और डेली न्यूज में सेवाएं दे चुके हैं। राजस्थान पत्रिका के उज्जैन, खण्डवा, सतना संस्करणों के बाद आप मध्यप्रदेश से निकलने वाले पत्रिका समूह के संस्करणों के सहायक सम्पादक और भापोल संस्करण के स्थानीय सम्पादक भी रहे। जैन ने उच्च शिक्षा राजस्थान विश्वविद्यालय से प्राप्त की।

## मार्बल एसोसिएशन की बैठक



**उदयपुर।** उदयपुर मार्बल एसोसिएशन, चैम्बर ऑफ कॉमर्स उदयपुर डिविजन एवं यूसीसीआई के साझे में गत दिनों बैठक आयोजित की गई। अध्यक्ष पंकज गांगावत ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चैंबर के अध्यक्ष पारस सिंघवी एवं विशिष्ट अतिथि यूसीसीआई के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनीष गलूंडिया थे। इस अवसर पर प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। स्वागत समारोह में पूर्व अध्यक्ष भूपेन्द्रसिंह राव, उपाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार मोर, सचिव नीरज शर्मा आदि मौजूद रहे।

## अब सुन-बोल सकेगी हर्षिता



**उदयपुर।** कभी न बोल पाने और न सुन पाने की मजबूरी में जी रही चार वर्षीय हर्षिता जन्म से ही सुनने और बोलने में अक्षम थी। उसकी मां भी जन्मजात गूंगी और बहरी हैं, लेकिन अब एक नेक पहल ने उनकी जिंदगी की दिशा ही बदल दी है। पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के चेयरमैन राहुल अग्रवाल ने इस मासूम बच्ची की निशुल्क कॉकलियर इम्प्लांट सर्जरी करवाकर एक असंभव से लगने वाले सपने को साकार कर दिखाया। इस सर्जरी को पेसिफिक हॉस्पिटल के ईएनटी विभाग की विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. ऋचा गुप्ता, कॉकलियर इम्प्लांट सर्जन डॉ. एसएस कौशिक एवं कॉकलियर इम्प्लांट मेंटर सर्जन डॉ. एसपी दुबे ने अंजाम दिया, जो इस ऑपरेशन को करने के लिए विशेष रूप से भोपाल से आए। ईएनटी विभाग के डॉ. कौशिक ने बताया हर्षिता का कॉकलियर इम्प्लांट सफलतापूर्वक हुआ है।

## डॉ. गुप्ता अध्यक्ष व डॉ. अग्रवाल सचिव



**उदयपुर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की उदयपुर शाखा के चुनाव में सभी चिकित्सक सदस्यों ने मौजूदा अध्यक्ष डॉ. आनंद गुप्ता और टीम पर भरोसा जताते हुए निर्विरोध उन्हें पुन: निर्वाचित किया। कार्यकारिणी में शामिल अध्यक्ष डॉ. आनंद गुप्ता, उपाध्यक्ष डॉ. अनुराग तलेसरा व डॉ. निशांत अश्विनी, सचिव डॉ. प्रशांत अग्रवाल, सहसचिव डॉ. निलेश पतीरा, कोषाध्यक्ष डॉ. दीपक शाह व कार्यकारिणी सदस्यों में उमेश स्वर्णकार, डॉ. शिव कौशिक, डॉ. मिनल चुघ, डॉ. प्रकाश जैन तथा डॉ. पंकज जैन का कार्यकाल 2025 से 2027 तक रहेगा।

# देश की पहली सरकारी बाइक ऑन रेंट सेवा शुरु

**उदयपुर।** सहकारिता विभाग सहकार से समृद्धि के ध्येय पर चलते हुए विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उपयोगिता सिद्ध कर रहा है। इसी कड़ी में उदयपुर में पर्यटन विकास में सहयोग तथा पर्यटकों को विश्वसनीय सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभाग की ओर से बाइक ऑन रेंट सेवा को-ऑप राइड की शुरुआत की गई है। यह प्रदेश की पहली सरकारी बाइक ऑन रेंट सेवा है। सहाकाति मंत्री गौतम कुमार दक ने गत दिनों सेक्टर 14 में इसका शुभारंभ किया। बाइक ऑन रेंट सेवा शहर के शास्त्री सर्कल स्थित सहकारी उपभोक्ता भंडार के मुख्य कार्यालय पर उपलब्ध रहेगी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि जिला प्रमुख ममता कुंवर, उप जिला प्रमुख पुष्कर तेली, भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर, भाजपा शहर जिलाध्यक्ष गजपालसिंह राठौड़, दी उदयपुर महिला समृद्धि अरबन को ऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष किरण जैन, उदयपुर दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ अध्यक्ष डालचंद डांगी सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।



## सुपर मार्केट का शुभारंभ

**उदयपुर।** सहभागिता मंत्री गौतम दक ने हिरणमगरी सेक्टर 14 में राष्ट्र भारती स्कूल के सामने उदयपुर सहकारी उपभोक्ता थोक भंडार लिमिटेड के नवीन सहकारी सुपर मार्केट का लोकार्पण किया। भण्डार प्रशासक एवं अतिरिक्त रजिस्ट्रार गुंजन चौबे ने भंडार में उपभोक्ताओं के लिए चल रही विभिन्न सुविधाओं एवं स्कीमों की जानकारी दी। भण्डार महाप्रबंधक डॉ. प्रमोद कुमार ने बताया कि उपभोक्ताओं को मोटा अनाज (मिलेट्स फुड) उपलब्ध कराने के लिए नवीन सुपरमार्केट में अलग से काउंटर लगाया गया है।

# कटारिया को संस्कृति रत्न अलंकरण

**उदयपुर।** राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टूबी विश्वविद्यालय की ओर से प्रतापनगर स्थित आईटी सभागार में आयोजित समारोह में पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया को मनीषी पंडित जनार्दन राय नागर संस्कृति रत्न अलंकरण से सम्मानित किया गया। सम्मान स्वरूप कटारिया को अशोक स्तंभ, भारत माता स्मृति चिह्न, प्रशस्ति पत्र और एक लाख रुपए की राशि दी गई, जिसे उन्होंने विद्यापीठ विकास को समर्पित कर दिया। इस अवसर पर कटारिया ने कहा कि पं. जनार्दन राय नागर शिक्षा जगत में क्रांतिकारी विचारों के वाहक थे। जनुभाई ने जीवन भर संस्कार युक्त समाज निर्माण और वंचितों को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया। कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने कहा कि संस्कृति और संस्कार जीवन के शाश्वत मूल्य हैं और जनुभाई का दर्शन सामाजिकता, नारी सशक्तीकरण व समावेशी संस्कृति का प्रतीक है। कुलाधिपति भंवरलाल गुर्जर ने कहा कि यह सम्मान विद्यापीठ संस्थापक पं. नागरजी के मूल्यों को आगे बढ़ाने का प्रयास है। कैलाश सोडानी ने कटारिया को शिक्षाविद, समाजसेवी और राजनीतिज्ञ के रूप में समाज को दिशा देने वाला व्यक्तित्व बताया। समारोह में प्रो. रेणु राठौड़, प्रो. सरोज गर्ग, डॉ. युवराज सिंह राठौड़, डॉ. सपना श्रीमाली, डॉ. अमी राठौड़ सहित अनेक शिक्षाविद और गणमान्य उपस्थित थे। संचालन डॉ. इंदुबाला आचार्य ने किया।



# बड़ोला हुंडई पर पहुंचे कंपनी के सीओओ



**उदयपुर।** बड़ोला हुंडई की छटी सालगिरह पर हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड के सीओओ (चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर) तरूण गर्ग एवं एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर जेटी पार्क ने केक काटकर बधाई दी। इस मौके पर गर्ग ने हुंडई की ओर से आगामी पांच साल में 26 मॉडल लॉंच करने की जानकारी दी। पुणे में नए प्लांट का काम पूर्ण हो चुका है। जेटी पार्क ने कहा कि कार बाजार में स्पर्धा एवं उच्च मानकों को ध्यान में रखकर ही हुंडई कारों का निर्माण करती है। निदेशक दिलीप तलेसरा ने दोनों अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि हमारे लिए हर हुंडई ग्राहक अतिथि है। डायरेक्टर रोहित बड़ोला ने हुंडई को कार के विश्वव्यापी ब्रांड के नाम पर शोरूम स्थापित करने पर गर्व की अनुभूति बताया। नक्षत्र तलेसरा व विवेक बड़ोला ने इस मौके पर उपस्थित स्टाफ और ग्राहकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर मीरा का हेल्थ मेला



**उदयपुर।** रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर मीरा द्वारा तीन दिवसीय सुकून हेल्थ मेला आयोजित हुआ। चर्चा का विषय था जुड़ाव या बिखराव: डिजिटल युग में संतुलन की खोज। इसमें विशेषज्ञों ने सोशल मीडिया, स्क्रीन टाइम और इसके मानसिक, शारीरिक एवं सामाजिक प्रभावों पर गंभीर विचार रखे। क्लब अध्यक्ष डॉ. रेखा सोनी ने कहा तकनीक जितनी सहज बनी है, बच्चों और युवाओं का असल जीवन उतना ही बिखरता जा रहा है। कार्डियक सर्जन डॉ. संजय गांधी ने बताया कि युवाओं में बढ़ते हृदय रोग और तनाव के पीछे स्क्रीन पर बिताया गया अत्यधिक समय भी बड़ा कारण है। क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट अर्चना शक्तावत ने सोशल मीडिया के कारण बच्चों में बढ़ती, बैचेनी और विचलन पर चिंता जताते हुए अभिभावकों को सक्रिय भूमिका निभानी व होम्योपैथ विशेषज्ञ डॉ. गार्गी, मॉडरेटर डॉ. हर्षा कुमावत ने विचार व्यक्त किए। क्लब सचिव कविता बल्दवा ने सभी विशेषज्ञों, अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ज्योति कुमावत, अमृता सिन्हा राय, बलदीप कौर, सुषमा कुमावत, वंदना नलवाया, शीतल, मोनिका, ज्योति टांक, अर्चना व्यास, कुकु लिखारी, मंजूसिंह, वीना सनाढ्य, डॉ. सोनू जैन समेत क्लब की कई सदस्याएं उपस्थित रहे।

# अभिनेत्री रितु शिवपुरी ने की अर्थ सेंटर की सराहना



**उदयपुर।** उदयपुर प्रवास पर आई अभिनेत्री रितु शिवपुरी ने अर्थ सेंटर का अवलोकन किया। उन्होंने सेंटर की अत्याधुनिक तकनीक और उच्च स्तरीय सेवाओं की सराहना की। कहा कि यहां मुंबई जैसी हाई एंड क्वालिटी डायग्नोस्टिक्स, स्किन और फिटनेस की सुविधाएं उपलब्ध हैं और यह राजस्थान जैसे सांस्कृतिक शहर के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि आज के समय में जहां सौंदर्य और स्वास्थ्य दोनों को साथ लेकर चलना आवश्यक है, ऐसे में अर्थ जैसे संस्थान एक संपूर्ण समाधान बन कर उभरते हैं। अर्थ ग्रुप के सीईओ और संस्थापक डॉ. अरविंदरसिंह ने कहा कि हमारा मिशन उदयपुर को बेहतर उत्कृष्ट क्वालिटी की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। हमारा फोकस समग्र वेलनेस, मानसिक आत्मबल और आत्मविश्वास को बढ़ाना है।

## 'द चेंजमेकर्स' का चौथा संस्करण शीघ्र प्रकाशन



**उदयपुर।** एम स्क्वायर प्रकाशन द्वारा जल्द ही चेंजमेकर्स द जर्नी बिहाइंड द सक्सेस कॉफी टेबल बुक का चौथा संस्करण प्रकाशित किया जाएगा। प्रकाशक मुकेश माधवानी ने बताया कि यह कॉफी टेबल बुक उदयपुर के उन 30 प्रतिष्ठित उद्यमियों की जीवन यात्रा पेश करेगी, जिन्होंने कठिनाइयों का सामना कर, सृजन और दृढ संकल्प से अपनी सफलता की राह बनाई और दूसरों के लिए प्रेरणास्रोत बने। भानुप्रतापसिंह धायभाई ने इसे अपनी तरह का अनूठा प्रकाशन बताया। पुस्तक का डिजिटल संस्करण भी उपलब्ध होगा। इसके कवर पेज का समारोहपूर्वक अनावरण भी किया गया। कार्यक्रम में पूर्व संभागीय आयुक्त राजेन्द्र भट्ट, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुलदीप शर्मा, पूर्व प्रांतपाल निर्मल सिंघवी, एनएल खेतान, डॉ. प्रदीप कुमावत, दीपक सुखाड़िया और तारिका धायभाई मौजूद रहीं।

## निर्देशिका विमोचन व सम्मान समारोह



**उदयपुर।** महावीर इंटरनेशनल लेकसिटी का 12वां स्थापना दिवस एवं निर्देशिका विमोचन कार्यक्रम 100 फीट रोड स्थित अशोका ग्रीन में हुआ। मुख्य अतिथि शहर विधायक ताराचंद जैन थे। अध्यक्षता महावीर इंटरनेशनल के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष राज लोढ़ा ने की। स्वागत उद्बोधन अध्यक्ष डॉ. करुण चंडालिया ने दिया। दो वर्ष के कार्यकाल का प्रगति प्रतिवेदन सचिव नरेन्द्र कुमार लोढ़ा ने प्रस्तुत किया। महावीर इंटरनेशनल लेकसिटी, उदयपुर केन्द्र की निर्देशिका का विमोचन भी किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्यों एवं निर्देशिका प्रकाशन के भामाशाहों को सम्मानित किया गया।

## सेटेलाइट हॉस्पिटल में पौधरोपण




**उदयपुर।** प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. विनीत सिंघल के पिताश्री स्व. राजेन्द्र सिंघल की पुण्य स्मृति में गत दिनों सेक्टर 5 स्थित सेटेलाइट हॉस्पिटल में पौधरोपण किया गया। जिसमें अस्पताल अधीक्षक डॉ. राहुल जैन, डॉ. देवेश गुप्ता व डॉ. नरेन्द्र देवल सहित अन्य चिकित्सक व डॉ. सिंघल परिवार ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए।

## जयंतीलाल अध्यक्ष बने



**उदयपुर।** पारख समाज के द्विवार्षिक चुनाव में चुनाव अधिकारी गोपालदास की देखरेख में जयंतीलाल मदनलाल को अध्यक्ष चुना गया। यशवंत को सचिव, नवनीतलाल को उपाध्यक्ष और सुनील द्वारकादास को कोषाध्यक्ष बनाया गया। श्यामसुंदर गोविंददास, भवन मंत्री नियुक्त हुए। गोपाल दास, नवनीतदास और दिलीप कृष्ण दास सलाहकार बने।

## दी सिटी ऑफ रॉयल्स का विमोचन



**उदयपुर।** महाराणा मेवाड़ चैरिटेबल फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. लक्ष्यराजसिंह मेवाड़ ने सिटी पैलेस में उदयपुर डायरी... दी सिटी ऑफ रॉयल्स पुस्तक का विमोचन किया। इसमें लेखक विजय सरूपरियर ने उदयपुर के गौरवशाली अतीत और जीवंत वर्तमान को भावपूर्ण संस्मरणों के माध्यम से प्रस्तुत किया है। पुस्तक में उदयपुर की प्राचीन विरासत, ऐतिहासिक स्थल, ओल्ड सिटी की गलियां, शिक्षा, खानपान, स्थानीय बोलचाल के चुटीले शब्द और पारंपरिक पंचायती नोहरा जैसे सामाजिक पहलूओं को समेटा गया है।

## सिंधी पंचायत के उपाध्यक्ष बने पाहुजा व लिंझारा



**उदयपुर।** जैकबआबाद सिंधी पंचायत की कोर ग्रुप की बैठक झूलेलाल भवन शक्तिनगर में हुई। अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष हरीश राजानी ने की। उन्होंने कार्यकारिणी का विस्तार कर कमल पाहुजा और अशोक लिंझारा को उपाध्यक्ष तथा मुकेश माधवानी, संतोष कालरा, राकेश बजाज को सचिव मनोनीत किया। सभी नए पदाधिकारियों का उपरणा पहनाकर स्वागत किया गया। पचांयत संरक्षक प्रतापराय चुग ने बताया कि 24 अगस्त को समस्त पूज्य पंचायत का स्नेह मिलन होगा। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेलकूद प्रतियोगिताएं होंगी।

## सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ



**उदयपुर।** श्री एकलिंगनाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन की ओर से प्रतापनगर में नारी वैभव मुहिम महिला सिलाई, ब्यूटी पार्लर एवं मेहंदी प्रशिक्षण केन्द्र के तहत दूसरे चरण का शुभारंभ हुआ। संगठन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश बागड़ी ने बताया कि दूसरे चरण के प्रशिक्षण के शुभारंभ के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संरक्षक डॉ. निर्मल पंडित, हर्षित चोर्डिया व दीपक मेनारिया थे।

## डॉ. टांक को राष्ट्रीय उपभोक्ता गौरव सम्मान



**उदयपुर।** उपभोक्ता सुरक्षा संगठन नई दिल्ली ने डॉ. संजीव टांक, एडिशनल डायरेक्टर, एमबी हॉस्पीटल को राष्ट्रीय उपभोक्ता गौरव सम्मान से सम्मानित किया। उन्हें यह सम्मान चिकित्सा सेवा क्षेत्र में उनके नवाचारों, मानवीय संवेदनशीलता, सेवाभाव, कुशल नेतृत्व एवं दूरदर्शी सोच के लिए दिया गया। इस अवसर पर संगठन के जिलाध्यक्ष प्रवीण नाहर, प्रदेश उपाध्यक्ष पारस खुर्दिया, जिला संयोजक सुरेश पालीवाल सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे। उपस्थित अतिथियों ने डॉ. टॉक का शॉल, श्रीफल व स्मृति चिह्न भेंट कर अभिनंदन किया।

# कैट उड़ान एग्जीबिशन





**उदयपुर।** कैट विमेन विंग उदयपुर की ओर से महिला सशक्तीकरण को प्रोत्साहन देने के प्रयोजन से तीन दिवसीय कैट उड़ान एग्जीबिशन का आयोजन अशोका ग्रीन सभागार में किया गया। अध्यक्ष विजयलक्ष्मी गलूंडिया ने बताया कि यह प्रदर्शनी महिलाओं द्वारा स्थापित व्यवसायों को बढ़ावा देने का प्रयास है। प्रदर्शनी का उद्घाटन कैट राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण खंडेलवाल, उपाध्यक्ष रंजीत खारी, विपुल त्यागी अनेक गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में हुआ। प्रदर्शनी निदेशक डॉ. सीमासिंह भाटी ने बताया कि 60 से अधिक स्टॉल्स पर रेडीमेड गारमेंटस, ज्वेलरी फूड आइटम्स, होम डेकोर आदि उत्पाद प्रदर्शित किए गए।

# डॉ. लुहाड़िया ने क्विज में पाया प्रथम स्थान



**उदयपुर।** पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के श्वास रोग विशेष डॉ. अतुल लुहाड़िया ने इंडियन एसोसिएशन फार ब्रोंकोलॉजी की ओर से दिल्ली में आयोजित एंडोब्रोंकियल अल्ट्रासाउंड सर्टिफिकेशन कोर्स के तहत क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाया। उन्हें एसोसिएशन सेक्रेटरी डॉ. अमिता नेन और वाइस प्रेसिडेंट डॉ. विवेक नागिया ने सम्मानित किया। वर्कशॉप में देशभर से 200 से अधिक विशेषज्ञों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य एंडोब्रोंकियल अल्ट्रासाउंड तकनीक में प्रशिक्षित करना था, जो अत्याधुनिक नैदानिक प्रक्रिया है।

# वैध खनन पर रोक हटवाई जाए: सोनी



**उदयपुर।** इंडियन सोपस्टोन प्रोड्यूर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएसपीएआई) ने वैध खनन पर रोक के चलते हो रही समस्याओं को लेकर राज्य सरकार को ज्ञापन देकर मांग की कि वह वैध खनन पर लगी रोक हटवाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में प्रभावी और मजबूत पैरवी करे। एसोसिएशन के अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह सोनी ने बताया कि खनन उद्यमी अपने स्तर पर सुप्रीम कोर्ट में केस लड़ रहे हैं, लेकिन जब तक सरकार की ओर से ठोस और स्पष्ट पक्ष नहीं रखा जाएगा, तब तक राहत की संभावना कम है। पिछले एक साल से खनन बंद होने के कारण हजारों लोगों की आजीविका प्रभावित हुई है। सोनी ने बताया कि राजस्थान सरकार ने मार्च 2025 तक वैध विस्तार, पर्यावरण स्वीकृति और कानूनी अनुमति प्राप्त खनन गतिविधियों पर भी रोक लगा दी है, जिससे प्रदेश के औद्योगिक विकास को गहरा झटका लगा है। हजारों श्रमिक बेरोजगार हो गए हैं। एसोसिएशन के सचिव केजार अली व उपाध्यक्ष महेश मंत्री ने बताया कि एसोसिएशन के 40 से अधिक सक्रिय पट्टाधारी उद्यमी सोपस्टोन, डोलोमाइट कैल्साइट और चाइना क्ले जैसे खनिजों का खनन करते हैं। ये इकाइयां ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में करीब 5000 से 10000 लोगों को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रोजगार देती हैं।

# विमल शर्मा अध्यक्ष चुने गए

**उदयपुर।** ठाकुर अमरचंद बड़वा स्मृति संस्थान सदस्यों की वार्षिक आमसभा मुख्य संरक्षक प्रो. कर्नल एसएस सारंगदेवोत के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई। विशिष्ट अतिथि राव रतनसिंह, लक्ष्मणसिंह कर्णावट, हरीश तलरेजा एवं जीवन लता बड़वा रहीं। नव नियुक्त अध्यक्ष प्रो. विमल शर्मा ने सदन का साधुवाद व्यक्त करते हुए, आश्वासन दिया कि वे इस जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे।

# बाबूलाल नागा कबीर कोहिनूर सम्मान से सम्मानित



**जोबनेर।** जोबनेर निवासी बाबूलाल नागा को पत्रकारिता में उत्कृष्ट कार्यों के लिए कबीर कोहिनूर सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान अखिल भारतीय कबीर मठ की ओर से 11 जुलाई को नागौर जिले की बड़ी खाटू में आयोजित कबीर कीर्ति स्तंभ शिलान्यास व कबीर कोहिनूर सम्मान 2025 सम्मान समारोह में दिया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय कबीर मठ, सतगुरु कबीर आरम सेवा संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष पीठाधीश्वर भारत भूषण महंत श्री डॉ. नानक दास जी महाराज के सानिध्य में आयोजित 628 वें सतगुरु कबीर प्राकट्य महोत्सव में मुख्य अतिथि स्वामी संपूर्णानंदजी महाराज कुरुक्षेत्र, जैन आचार्य विवेक मुनि महाराज दिल्ली, महंत डॉ. रूपचंद दास महाराज, आरोग्य भारतीय जोधपुर, बौद्ध धर्म गुरु भंते प्रज्ञासागर उपाध्यक्ष भारतीय बौद्ध समिति उत्तरप्रदेश व पूर्व केन्द्रीय मंत्री सत्यनारायण जटिया मौजूद थे।

# मुख्तार कुरैशी सदर, मुस्तफा सेक्रेट्री बने



**उदयपुर।** अंजुमन तालीमुल इस्लाम के गत दिनों संपन्न चुनाव में मुख्तार अहमद कुरैशी 141 वोट पाकर सदर तथा एडवोकेट मुस्तफा शेख 115 वोट हासिल कर सक्रेट्री पद पर निर्वाचित घोषित किए गए। नायब सदर पद पर फारूख कुरैशी (111) तथा ज्वाइंट सेक्रेट्री पद पर इजहार हुसैन (106) विजयी रहे। कार्यकारिणी में आदिल शेख, मोहम्मद शहजाद, सिराज खान पठान, फखरुद्दीन शेख, तौकीर मोहम्मद, डॉ. सैयद इरशाद अली, फिरोज बशीर खान, तनवीर चिश्ती मोहम्मद अनील अब्बासी, मोहम्मद अनीस रजा व इरशाद अहमद चुने गए। चुनाव अधिकारी अमजद खान थे।

# पंचमहासभा तैलिक साहू समाज की कार्यकारिणी गठित



**उदयपुर।** पंचमहासभा तैलिक साहू समाज के चुनाव में सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव अधिकारी एडवोकेट देवीलाल मंगरोरा ने बताया कि नामांकन की जांच के बाद किसी भी पद पर एक से अधिक उम्मीदवार नहीं होने से अध्यक्ष लालेश साहू, उपाध्यक्ष हेमेन्द्र पण्डियार, महामंत्री रामलाल साहू, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र पण्डियार, मंत्री सत्यनारायण अडिरिया, संसदीय मंत्री एवं उप कोषाध्यक्ष कपिल दया को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। इसके बाद इन्हें शपथ दिलाई गई।

# नागदा ब्राह्मण समाज की प्रतिभाएं सम्मानित



**उदयपुर।** नागदा ब्राह्मण समाज का पांचवां प्रतिभावान सम्मान समरोह गत दिनों अशोक ग्रीन पैलेस में संपन्न हुआ। जिसमें समाज के 70 विद्यार्थियों को सीबीएसई और आबीएसई परीक्षाओं में श्रेष्ठतम अंक हासिल करने पर सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. आईवी त्रिवेदी थे। अध्यक्षता यूआईटी के पूर्व चेयरमैन रविन्द्र श्रीमाली ने की। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार विष्णु शर्मा हितैषी, बड़ाला क्लासेज के निदेशक राहुल बड़ाला व विप्र फाउंडेशन के प्रदेश करियर कौंसिलर डॉ. हंसराज दवे थे। कार्यक्रम में अभिनय के क्षेत्र में रमेश नागदा, पत्रकारिता के क्षेत्र में जयश्री नागदा, खेल क्षेत्र में महेश नागदा, शिक्षा में कार्तिक नागदा, साहित्य और चिकित्सा के क्षेत्र में महनीय सेवाओं के लिए युवाओं को सम्मानित किया गया। युवा मंच के संस्थापक देवीलाल नागदा का भी अभिनंदन किया गया। प्रतिवेदन प्रस्तुतिकरण गणेश नागदा भुताला व संयोजक गौरी नागदा ने किया। इस अवसर पर छगनलाल अमीन, गणेशलाल नागदा, नीरज नागदा, मांगीलाल नागदा, नानालाल, दौलतराम नागदा आदि भी उपस्थित थे। आरंभ में कार्यक्रम संयोजक योगेश नागदा ने अतिथियों का स्वागत किया।

# राज्यपाल कटारिया द्वारा सड़क का उद्घाटन



**उदयपुर।** मेवाड़ हार्मेनी ग्रुप द्वारा सार्वजनिक निजी भागीदारी के तहत मेवाड़ औद्योगिक क्षेत्र में बनवाई गई सड़क का पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने उद्घाटन किया। यूसीसीआई के पीपी सिंघल सभागार में उद्यमियों के साथ हुए संवाद में कटारिया ने कहा मेवाड़ हार्मेनी द्वारा पीपीपी मोड पर बनाई सड़क क्षेत्र के विकास में और प्रदूषण नियंत्रण में कारगर साबित होगी। उन्होंने उदयपुर के विकास के लिए एक और इंडस्ट्रियल क्षेत्र की जरूरत बताई। यूसीसीआई अध्यक्ष मनीष गलूंडिया ने कहा पीपीपी मोड पर बनी यह सड़क मात्र सड़क नहीं बल्कि भविष्य के विकास को दर्शाने वाला मॉडल है। यह इस एरिया के विकास में नए आयाम स्थापित करेगी। विशिष्ट अतिथि रिको की प्रबंध निदेशक शिवांगी स्वर्णकार, सेलो वर्ल्ड लिमिटेड के सीएमडी प्रदीप घीसूलाल राठौड़, राज्य के पूर्व मुख्य सचिव पीएन भंडारी, यूसीसीआई संरक्षक बीएच बापना, रीको जयपुर के महाप्रबंधक डीके शर्मा, रीको महाप्रबंधक अजय पंड्या व वरिष्ठ उपाध्यक्ष संदीप बापना ने भी विचार व्यक्त किए।

# नए 3 एस इंटीग्रेटेड शोरूम एवं वर्कशॉप का उद्घाटन



**उदयपुर।** निसान मोटर्स इंडिया प्रा. लि. (एनएमआईपीएल) ने उदयपुर में नए नमो निसान 3 एस फैसिलिटी के उद्घाटन के साथ राजस्थान में अपनी मौजूदगी को मजबूत किया। यहां एक ही छत के नीचे सेल्स, सर्विस एवं स्पेयर पार्ट्स सपोर्ट मिल सकेगा। सेलिब्रेशन मॉल के पास 10 हजार वर्गफीट में बने इस अत्याधुनिक केन्द्र में 2 हजार वर्गफीट में शोरूम और 8 हजार वर्गफीट में सर्विस वर्कशॉप है। नए नमो निसान 3एस फैसिलिटी का उद्घाटन निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ वत्स ने किया। नया केन्द्र उच्च गुणवत्ता की सुविधाओं से युक्त है और यहां अच्छी तरह से प्रशिक्षित जानकार और उत्साही सेल्स एवं सर्विस प्रोफेशनल्स को नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर सौरभ वत्स ने बताया कि दूसरे चरण के तहत निसान मोटर इंडिया राजस्थान में नई निसान मैग्नाइट में सीएनजी रेट्रोफिटमेंट किट उपलब्ध कराने के लिए तैयार है।

# सफल उद्यमियों ने दिए टिप्स



**उदयपुर।** जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन उदयपुर चेप्टर की यूथ विंग द्वारा संवाद 2.0 आयोजित हुआ। चेयरमैन दिव्यद दोषी ने बताया कि इस बहुआयामी टॉक शो में शहर के तीन प्रतिष्ठित वक्ताओं सिक्योर मीटर्स चेयरमैन संजय सिंघल, पायरोटेक के फाउंडर पुनीत तलेसरा और एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के सीईओ आर्चिस जैन ने अपने अनुभव और दृष्टिकोण साझा किए। संचालन प्रतीक हिंगड़ ने किया। चेप्टर चेयरमैन यशवंत आंचलिया ने बताया कि चर्चा के दौरान वक्ताओं ने उत्तराधिकार योजना, प्रोफेशनल मैनेजमेंट, व्यापार में आने वाली चुनौतियां, अवसर और परिवार के भीतर संतुलन बनाए रखने जैसे गहरे और प्रासंगिक विषयों पर खुलकर विचार रखे। चेप्टर मुख्य सचिव अभिषेक संचेती व यूथ विंग मुख्य सचिव विनय कोठारी ने बताया कि कार्यक्रम में अंजलि सुराना, रितु मारु, राजकुमार फत्तावत, नरेन्द्र सिंघवी, राज सुराणा, किशोर चौकसी, विनोद फांदोत आदि मौजूद थे।

# सीडलिंग स्कूल में रक्तदान शिविर



**उदयपुर।** सीडलिंग ग्रुप ऑफ स्कूल्स की संस्थापिका एवं प्रमुख निदेशिका मोहिनी बक्षी की चतुर्थ पुण्यतिथि पर विद्यालय परिसर में रक्तदान शिविर हुआ। मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक राजेश मीणा व रक्तदाता रविन्द्र पाल कप्पू थे। चेयरमैन हरदीप बक्षी ने सभी रक्तदाताओं का आभार जताया। आईजी राजेश मीणा ने विद्यालय द्वारा मानव सेवा एवं विद्यार्थियों में संवदेनशीलता जागृत करने की पहल की सराहना की।



# डॉ. चंद्रेश छतलानी सम्मानित

**उदयपुर।** उत्तरप्रदेश स्थित वर्दी वेलनेस फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा विद्यापीठ के डॉ. चंद्रेश कुमार छतलानी को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में रिसर्च के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उनका शोध कार्य न केवल तकनीकी जगत को नई दिशा देगा, बल्कि युवाओं को भी अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा।

# सीके मोटर्स व टाटा मोटर्स की एज्यूट्रांस कॉनक्लेव



**उदयपुर।** शिक्षा क्षेत्र में परिवर्तन और छात्र परिवर्तन को आधुनिक रूप देने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए सीके मोटर्स एवं टाटा मोटर्स द्वारा उदयपुर स्थित फर्न रेजीडेंसी में एज्यूट्रांस कानक्लेव 2025 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के अग्रणी स्कूल संचालकों, शिक्षाविदों और परिवहन विशेषज्ञों ने सहभागिता की, जिससे एक नई सोच और दिशा की शुरुआत हुई। मुख्य वक्ता राकेश भटनागर एवं ऋषभ भटनागर ने सीखने और सिखाने की नई विधियां विषय पर प्रतिभागियों से विस्तार से चर्चा की। टाटा मोटर्स के वरिष्ठ अधिकारी रिजनल मैनेजर विशाल देशटवार और तुषार मेहंदी रत्ता एसपीएच ने स्कूल परिवहन को और अधिक सुरक्षित टिकाऊ और शिक्षा के अनुरूप बनाने के लिए टाटा मोटर्स की सतत प्रतिबद्धता को दोहराया। सीके मोटर्स के पार्टनर वरुण मुर्डिया ने कहा कि हम सिर्फ गाड़ियां नहीं बेचते, हर स्कूल के परिवहन की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी उठाते हैं। एज्युट्रांस से साझेदारी कर हम स्कूलों को सुरक्षा और शिक्षाएं दोनों प्रदान करना चाहते हैं। कार्यक्रम के आयोजन में दीप्ति मुर्डिया एवं कपिल धोका ने भी अहम भूमिका निभाई और स्कूल प्रमुखों के साथ प्रभावी संवाद किया। कार्यक्रम में एमडीएस स्कूल के शैलेन्द्र सोमानी, टेलेंट स्कूल के राकेश कुमावत, सेंट मैथ्यू स्कूल के फादर पिन्नी फिलिप ने भी टाटा मोटर्स की खूबियों के बारे में बताया। सुनील बगरेचा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## भटनागर सभा के चुनाव संपन्न



**उदयपुर।** भटनागर सभा की वर्ष 2025-28 की कार्यकारिणी के चुनाव निर्विरोध संपन्न हुए। इसके लिए पवन शर्मा को मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं नितिन भटनागर को सह निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया। चुनाव में सर्वसम्मति से एडवोकेट भानु भटनागर अध्यक्ष, दिनेश भटनागर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अनिता भटनागर उपाध्यक्ष, आशीष सहीवाला महामंत्री, प्रदीप सहीवाला कोषाध्यक्ष, प्रशांत सहीवाला संयुक्त मंत्री, चिराग भटनागर खेल मंत्री, श्रेय सहीवाला समाज एवं सांस्कृतिक मंत्री तथा कार्यकारिणी सदस्य पद पर दिनेश चंद्र भटनागर और मयंक भटनागर निर्वाचित घोषित किए।

## विद्याभवन स्कूल को 40 कम्प्यूटर भेंट



**उदयपुर।** मेवाड़ हार्मोनी ग्रुप ने विद्याभवन पब्लिक स्कूल में बच्चों की उच्च शिक्षा में सहायक 40 कम्प्यूटर प्रदान किए। इनका ग्रुप के चेयरमैन बीएच बापना ने उद्घाटन किया। समारोह में राजेन्द्र भट्ट, विनोद बाफना, संदीप बाफना, जितेन्द्र तायलिया, हंसराज चौधरी उपस्थित रहे। इस अवसर पर बीएच बाफना ने कहा कि यह कम्प्यूटर लैब आप सभी बच्चों का भविष्य तय करेगी। उन्होंने बच्चों से कहा कि आप इससे जो भी सीखेंगे वह भविष्य में काम आएगा।

## राघव अध्यक्ष, ललिता सचिव



**उदयपुर।** रोटरी क्लब उदय की बैठक वर्ष 2025-26 के लिए वरिष्ठ सदस्य राघव भटनागर अध्यक्ष व ललिता पुरोहित सचिव मनोनीत की गई। क्लब के पूर्व अध्यक्ष राजेश चुघ को प्रांतपाल ने सहायक प्रांतपाल मनोनीत किया।

## मालीवाल अध्यक्ष और हेड़ा सचिव मनोनीत



**उदयपुर।** महेश सेवा समिति हिरणमगरी की आमसभा में 2025-28 के लिए नवीन कार्यकारिणी का निर्विरोध चुनाव हुआ। अध्यक्ष देवेन्द्र मालीवाल, सचिव शरद हेड़ा, उपाध्यक्ष जितेन्द्र ईनाणी, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी शंकर गांधी संयुक्त सचिव महेश असावा, संगठन मंत्री महावीर चाण्डक, प्रचार प्रसार मंत्री विनोद सारड़ा, सामाजिक एवं सांस्कृतिक मंत्री श्यामसुंदर देवपुरा एवं क्रीड़ा मंत्री नगेन्द्र लाहोटी को चुना गया।

## नीलकंठ आईवीएफ, जयपुर के पांच साल पूरे



**उदयपुर।** शहर के नीलकंठ आईवीएफ सेंटर की जयपुर शाखा ने पांच साल पूरे किए हैं। इस मौके पर बेबीज कार्निवाल में सफल दंपतियों, मेडिकल स्टाफ और अतिथियों ने हिस्सा लिया। नीलकंठ आईवीएफ एंड टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. आशीष सूद ने बताया कि वैशालीनगर स्थित सेंटर की विश्वसनीय सेवाओं, उच्च गुणवत्ता और आधुनिक ट्रीटमेंट से कई घरों में किलकारियां गूंजी हैं।

## श्रीजी एक्जोटिका बिल्डिंग का पजेशन शुरू



**उदयपुर।** शोभागपुरा स्थित अरिहंत ग्रुप की बहुमंजिला इमारत 'श्रीजी एक्जोटिका' में पजेशन देना शुरु हो गया है। फर्म के निदेशक सुरेश गुंदेचा ने बताया कि अरिहंत ग्रुप के कई मल्टी स्टोरी प्रोजेक्ट चल रहे हैं, जिसमें मधुबन, श्रीजी एक्जोटिका आदि शामिल हैं।

# महेश सेवा समिति में भामाशाहों का सम्मान






**उदयपुर।** महेश सेवा समिति के नवनिर्मित तृतीय चतुर्थ तल का लोकार्पण व भामाशाह सम्मान समारोह गत दिनों हिरणमगरी सेक्टर 4 स्थित महेश सेवा समिति भवन में हुआ। समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र मालीवाल ने बताया की समारोह में समाज सेविका लता मालीवाल द्वारा दोनों तल का लोकार्पण संपन्न किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के सभापति संदीप काबरा थे। अध्यक्षता विधायक राजसमंद दीप्ति किरण माहेश्वरी ने की। विशिष्ट अतिथि कैलाशचन्द्र खटोड़, अध्यक्ष श्री माहेश्वरी सेवा समिति अहमदाबाद एवं अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा थे। कार्यक्रम में समाज के 24 भामाशाहों का सम्मान किया गया। समिति उपाध्यक्ष जितेन्द्र ईनाणी ने संयोजन किया।

### साई तिरूपति विवि दीक्षांत समारोह

## 220 छात्रों को डिग्री मिली

**उदयपुर।** साई तिरूपति विश्वविद्यालय उमरड़ा का तीसरा दीक्षांत समारोह मेवाड़ बेनक्वेट हॉल में संपन्न हुआ। इसमें मेडिकल संकाय के 150 एमबीबीएस तथा 70 एमडी एसएस छात्रों को डिग्री तथा सभी संकायों के कुल 11 छात्रों को सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि एडीएम सिटी वारसिंह थे। उन्होंने आह्वान किया कि मानवता और समाज की सेवा के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें। समारोह शुभारंभ की घोषणा तथा अध्यक्षता चेयरपर्सन आशीष अग्रवाल ने की। कुलपति प्रो. डॉ. प्रशांत नाहर ने स्वागत उद्बोधन में साई तिरुपति विश्वविद्यालय की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। सीईओ शीतल अग्रवाल ने डिग्री तथा पदक प्राप्त करने वाले स्नातक तथा स्नातकोत्तर छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की और फैकल्टी व स्टाफ को एकजुटता से यूनिवर्सिटी को देश का अग्रणी शैक्षणिक संस्थान बनाने का आह्वान किया। पिम्स मेडिकल कॉलेज के डीन प्रो. डॉ. सुरेश गोयल ने मेडिकल स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों को डिग्री प्रदान करने के पश्चात शपथ दिलाने की रस्म निभाई। रजिस्ट्रार डॉ. देवेन्द्र जैन ने धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने विवि के सभी पाठ्यक्रमों की गुणवत्ता बनाए रखने हेतु स्थापित मापदंडों की अनुपालना का संकल्प दोहराया। उन्होंने आशीष अग्रवाल और शीतल अग्रवाल का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि इनका मार्गदर्शन अभूतपूर्व है। संचालन काव्य भट्ट ने किया।



## नए परिसर में हॉस्पिटल एंड आईवीएफ सेंटर



**उदयपुर।** नारायणी हॉस्पिटल एंड आईवीएफ सेंटर के नए परिसर का शुभारंभ गत दिनों हुआ। उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. सुनीता तेंदुलवाडकर अध्यक्ष फैडरेशन ऑफ ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी सोसायटी ऑफ इंडिया ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतथि डॉ. विनीत मिश्रा, निदेशक एडवांस गायनेकोलॉजी व फर्टिलिटी डिपार्टमेंट अपोलो हॉस्पिटल, डॉ. आनंद गुप्ता अध्यक्ष आईएमए उदयपुर, डॉ. प्रकाश जैन मौजूद रहे। डॉ. प्रदीप बंदवाल डायरेक्टर नारायणी हॉस्पिटल ने बताया कि संस्थान 2016 से महिला स्वास्थ्य एवं निसंतानता उपचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं दे रहा है। अब नए परिसर में अत्याधुनिक तकनीक, एंडोस्कोपिक सर्जरी आदि सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

## तीसरे वर्ष भी यादव को भामाशाह प्रेरक सम्मान



**उदयपुर।** भामाशाह जयंती के अवसर पर शिक्षा विभाग की ओर से जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समरोह में उदयपुर के पूर्व एडीपीसी वीरेन्द्रसिंह यादव को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में सम्मानित किया गया। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर सहित शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारी मौजूद रहे। यादव को यह सम्मान एडीपीसी के पद पर रहते हुए जिले के विभिन्न विद्यालयों में भामाशाहों के सहयोग से लगभग आठ करोड़ रुपए की लागत सामग्री भेंट कराने एवं निर्माण कार्य के लिए प्रेरक के रूप प्रदान किया गया। यादव को यह सम्मान लागतार तीसरे वर्ष प्रदान किया।

## निगम आयुक्त ने बताई अपनी प्राथमिकताएं



**उदयपुर।** नगर निगम के नवनियुक्त आयुक्त अभिषेक खन्ना ने पदभार ग्रहण करने के बाद निगम अधिकारियों की बैठक ली। शहर में चल रहे विभिन्न कार्यों की वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी ली। आयुक्त ने कहा कि सभी कार्य समय पर एवं गुणवत्तापूर्ण संपूर्ण हों, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। निगम के मूलभूत कार्य जैसे सफाई, बिजली, सड़क आदि सुविधा से कोई वंचित या परेशान नहीं हो, ऐसी व्यवस्था उपलब्ध करवाना आदि कार्य प्राथमिकता में रहेंगे।

## एरिना स्कूलः अध्यापक अभिनवन मंथन




**उदयपुर।** आरके पुरम स्थित द स्कॉलर्स एरिना स्कूल एवं बीएड कॉलेज में तीन दिवसीय अध्यापक अभिनवन कार्यक्रम मंथन संपन्न हआ। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. लोकेश जैन ने शिक्षकों को बताया कि एक मजबूत शिक्षक बनने के लिए प्रभावी शिक्षण कौशल, विषय ज्ञान, कक्षा प्रबंधन और छात्रों के साथ मजबूत संबंध बनाने पर ध्यान केन्द्रित करना आवश्यक है। भाषा में दक्षता विषय पर व्याख्यान दिया।

प्रत्यूष

# संवेदना/श्रद्धांजलि



**उदयपुर।** श्री नरेश जी असावा का 14 जून को आकस्मिक स्वर्गवास हो गया। वे अपने पीछे वेदना में आकंठ डूबे माता-पिता ललिता देवी जी-सोहन जी, धर्म पत्नी श्रीमती अल्पा, पुत्र खुश असावा व भाई-भतीजों का सम्पन्न परिवार छोड़ गए हैं।



**उदयपुर।** श्री वीरेंद्र कुमार जी दावड़ा का 13 जून को देहावसान हो गया। वे अपने पीछे शोक सन्तप्त धर्मपत्नी श्रीमती कलावती देवी, पुत्र नितिन दावड़ा, पुत्री श्रीमती नीता गड़िया, पौत्र-पौत्री दोहित्र-दोहित्री व भाई-भतीजों का वृहद परिवार छोड़ गए हैं।



**उदयपुर।** श्रीमती प्रेमलता जी मेनारिया (धर्मपत्नी श्री तुलसी रामजी मेनारिया-नेतावत) का 10 जून को आकस्मिक स्वर्गवास हो गया। वे अपने पीछे शोक सन्तप्त पति, पुत्री-दामाद डॉ. सुरभि-अनीश धींग, दोहित्र व देवर-देवरानियों का समृद्ध परिवार छोड़ गई हैं।




**उदयपुर।** श्रीमती दुर्गादेवी जी कुमावत (अजमेरा) धर्मपत्नी स्व. चिरंजीव लालजी का 10 जून को निधन हो गया। वे अपने पीछे शोकाकुल पुत्र धीरेंद्र, सुशील, पुत्री श्रीमती श्यामा चौरमा, पौत्र-पौत्री, दोहित्र-दोहित्रियों का भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं।



**उदयपुर।** श्री कन्हैयालाल जी कुमावत का 1 जुलाई को आकस्मिक स्वर्गवास हो गया। वे अपने पीछे शोक सन्तप्त धर्मपत्नी श्रीमती दमयन्ती देवी, पुत्र अभिषेक, पुत्री श्रीमती हर्षा देवी सहित भाई-भतीजों, पौत्री का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।



**उदयपुर।** शहर के प्रमुख व्यापारी श्री अमरीश जी सरिया का 1 जुलाई को स्वर्गवास हो गया। वे अपने पीछे शोक सन्तप्त माता श्रीमती उर्मिला देवी जी, धर्मपत्नी श्रीमती सोनल देवी, पुत्रियां दिशा व हनिशा, भाई जयेश व अजय सहित सम्पन्न कड़वावत परिवार छोड़ गए हैं।



**उदयपुर।** लोकतंत्र सेनानी श्री मीठालाल जी लोढ़ा (देलवाड़ा) का 25 जून को देहावसान हो गया। वे 83 वर्ष के थे। वे अपने पीछे व्यथित हृदय पुत्र मनीष लोढ़ा, पुत्रियां श्रीमती मधु कोठारी व अंजना डोसी, पौत्र-पौत्री, दोहित्र-दोहित्री एवं भाई-भतीजों का वृहद व सम्पन्न परिवार छोड़ गए हैं।




**उदयपुर।** श्रीमती प्रेमदेवी जी नाहर (धर्मपत्नी स्व. मानमल जी नाहर) का देहावसान 30 जून को हो गया। उनकी पार्थिव देह आरएनटी मेडिकल कॉलेज को दान की गई। वे अपने पीछे शोकाकुल पुत्र अशोक, राजेन्द्र व अजय जैन तथा पौत्र-पौत्रियों का भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं।



**उदयपुर।** श्री ललित कुमार जी मेहता ड्योढ़ी वाला का 23 जून को आकस्मिक देहांत हो गया वे अपने पीछे शोक सन्तप्त माताजी श्रीमती सौरम बाई (धर्मपत्नी स्व. मनोहर लाल जी), धर्मपत्नी श्रीमती विमला देवी, पुत्र अभिषेक व अखिलेश, पौत्र-पौत्रियों व भाई-भतीजों का वृहद व समृद्ध परिवार छोड़ गए हैं।



**उदयपुर।** श्री अशोक कुमार जी जैन (चित्तौड़ा) का 11 जून को आकस्मिक स्वर्गवास हो गया। वे 60 वर्ष के थे। वे अपने पीछे शोकाकुल माता-पिता सुशीला जी-कालूलाल जी, धर्मपत्नी श्रीमती मंजू देवी, पुत्र ऋषिराज, पुत्रियां श्रीमती शिवानी, चैरील व शीतल देवी सहित भाई-भतीजों दोहित्र-दोहित्रियों का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।



**उदयपुर।** राजस्थान विद्यापीठ विवि के पूर्व रजिस्ट्रार श्री हेमशंकर जी दाधीच का 18 जून को आकस्मिक देहावसान हो गया। वे अपने पीछे शोक सन्तप्त धर्मपत्नी डॉ. अमृता, पुत्र प्रणय, पुत्री श्रीमती कृति, पौत्र-पौत्रियों व दोहित्र-दोहित्रियों का भरापूरा डिडवानिया तिवारी परिवार छोड़ गए हैं।



**उदयपुर।** प्रमुख उद्यमी श्री शांतिलाल जी पामेचा का 22 जून को देवलोकगमन हो गया। वे अपने पीछे व्यथित हृदय पुत्र विक्रम व विनोद पामेचा, पुत्री श्रीमती पवन, पौत्र-पौत्रियों, भाई-भतीजों, दोहित्र-दोहित्रियों का सम्पन्न परिवार छोड़ गए हैं।



**उदयपुर।** श्री रमाकांत जी आमेटा का 22 जून को स्वर्गवास हो गया। वे अपने पीछे पुत्र-पुत्र वधू डॉ. चंद्रकांत आमेटा-डॉ. हेमलता, पौत्र डॉ. प्राज्ञ आमेटा व पुत्री डॉ. भीनी आमेटा सहित भरापूरा तिवारी परिवार (बड़ी सादड़ी) छोड़ गए हैं।

**प्रत्यूष परिवार की ओर से हार्दिक श्रद्धांजलि**

# BANSWARA SYNTEX LIMITED

BANSWARA

" Fashioning a successful line of clothing starts with "

## SPECIALIZED IN STRETCH FABRICS & GARMENTS MANUFACTURING


**A Global Player in the business of fashion offering integrated Textile Solution to Leading Brands World - wide & An Ideal Garment Solution provider to Domestic & Global Readymade Brands.**

### YARN



- Synthetic Blended Yarn
- Worsted Yarn
- Fiber Dyed Yarn
- Natural Fiber Yarn
- High Twist Yarn
- Compact Yarn

### FABRIC



- Synthetic Fabric
- Worsted Fabric
- Stretch Fabric
- Technical Fabric
- Fire Retardant Fabric
- Knitted Fabric

### GARMENT



- Fashion
- Formal
- Casual
- Smart Comfort Casual



**Reg office & Mills :**
Industrial Area , Dahod Road , Banswara - 327001, Rajasthan
Tel: + 91-2962-257680,257694 , E-mail: info@banswarasyntex.com

**Garment Unit :**
Banswara Garments , 98/3, Village Kadaiya, Nani Daman, (U.T.)
Tel: + 91-260-2221345,2221505, E-mail: info@banswarasyntex.com

**Mumbai Office :**
Gopal Bhavan (5th Floor), 199, Princess Street, Mumbai - 400 002
Phone : + 91-22-66336571-76, E- mail: info@banswarasyntex.com

**Surat Unit :**
Plot No.5-6, G.I.D.C., Apparel Park SEZ, Sachin SURAT- 394230 (Gujarat),
Tel: + 91-261-2390363, E-mail:info@banswarasyntex.com

CIN: L24302RJ1976PLC001684

An IS / ISO 9001 : 2008 Company

**www.banswarasyntex.com**


aosa
Bakehouse & Roastery
TASTE OF HAPPINESS
All day breakfast | Bites & brews
Celebration cakes | Late night delight
9 AM to 2 AM
42/A, Near UIT Circle, Panchwati, Udaipur, Rajasthan


APEX HOSPITALS
UDAIPUR
परामर्श एवं भर्ती सेवाएं शुरू
APEX HOSPITALS
7
अस्पताल
30
वर्षों की विरासत
200
डॉक्टर्स
1cr.+
जीवन स्पर्श किए
आपका स्वास्थ्य
हमारी प्राथमिकता है!
विशेष सेवाएं
हड्डी एवं जोड़ रोग
मूत्र रोग
जनरल सर्जरी
डायलिसिस
आईसीयू एवं क्रिटिकल केयर
जनरल मेडिसिन
न्यूरो सर्जरी
फ्रेक्चर एवं ट्रॉमा
अन्य सेवाएं:
पल्मोनोलॉजी (फेफड़ों के रोग)
साइकेट्री (मानसिक स्वास्थ्य)
पीडियाट्रिक्स (बाल चिकित्सा)
कैशलेस इलाज की सुविधा एवं मुख्य TPA से अधिकृत
अब शाम की ओपीडी भी उपलब्ध है
APEX HOSPITALS
UDAIPUR
एपेक्स हॉस्पिटल्स, उदयपुर
+91 - 7374800991
www.apexhospitals.com
care@apexhospitals.com
SCAN HERE TO DOWNLOAD APP
हम रिश्तों की उम्र बढ़ाते हैं
बायपास सर्किल, भुवाणा मेन रोड, उदयपुर - 313001
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: 7374800991
24x7 इमरजेंसी 8690444702





प्रकाशन की तिथि प्रत्येक माह की 23 तारीख वर्ष 23 अंक 4, Postal Registration No. RJ/UD/29-62/2024-26 Posting Date: 27th-28th of Every Month RNI No. RAJHIN/2003/9297 Posting Office: Chetak Circle, Udaipur

'प्रत्यूष' पत्रिका डिलिवर्ड न होने की स्थिति में इस पते पर लौटाएं: पंकज कुमार शर्मा, 2, रक्षाबंधन, मेहतों का पाड़ा, धानमण्डी, उदयपुर ( राज. ) 313 001